फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 174 प्रभात जयपुर, मंगलवार 24 जनवरी , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



**From 'JLF' to 'It can happen anywhere conference'** On my way to different venues, I saw this little board which said 'I love culture'. It was lying in a corner, dusty & forgotten.

**Wonder Worker**

**Tried&Tasted: Easy-peasy Jelly** Then you need to make one of these incredible jelly recipes.



*बड़ी-बड़ी आंखों वाले, सुस्त, झबरीले और गोल- मटोल पिग्मी लोरिस मूलतः साउथ एशिया के जंगलों में पाए जाते हैं। ये जीव पेड़ों से निकलने वाला गम, द्रव, फल व अकशेरुकी जीवों को खाकर अपना सुस्त, निशाचर जीवन बिताते हैं। तथापि, इस सरल रुप व सौम्य लाइफस्टाइल के पीछे इस प्रजाति के अद्भुत व निराले उदविकासी अनुकूलन की कहानी बहुत अहम् है। चीन, डेनमार्क और यू.के. के वैज्ञानिकों की एक टीम ने इन जीवों के कुछ अनूठे अनुकूलनों (अडैप्टेशन) के जैनेटिक आधार का पता लगाने के लिए कई टैस्ट किए। प्रोसीडिंग्स ऑफ नैशनल अकैडमी ऑफ साईन्सेज़ में प्रकाशित इस शोध में कुछ संकेत मिले हैं जिनसे पता चलता है कि, पिग्मी लोरिस की, लो मैटाबॉलिक रेट, धीमी गति व शीतनिष्क्रियता की क्षमता किस प्रकार विकसित हुई। साऊथ ईस्ट एशिया में मेकाँग नदी की पूर्व दिशा के जंगलों में रहने वाले इन जीवों को इंटरनेशनल यूनियन फॉर द कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (आई.यू.सी.एन.) की रैड लिस्ट में "एन्डेन्जर्ड" वर्ग में रखा गया है। शोधकर्ताओं ने पिग्मी लोरिस के डी.एन.ए. की तुलना गोरिल्ला, ओरागुंटान और गिबन सहित 11 स्तनपायी प्रजातियों से की, प्राइमेट्स के इस असामान्य ग्रुप की बुनियादी उद्विकासी प्रक्रिया को समझने के लिए। शोधकर्ताओं ने लिखा है कि, जिनोम सीक्वैंस से पिग्मी लोरिस के अनूठे जीव विज्ञान को समझने का अवसर मिला है, वो भी उसे नुकसान पहुंचाए बिना। जैनेटिक टैस्ट से यह भी पता चला कि, पिग्मी लोरिस व कोआला में एक उद्विकासीय समानता है। दोनों में ही एन्ज़ाइम सम्बंधी गतिविधियाँ कम हैं ओर इसीलिए दोनों की मैटाबॉलिक रेट इतनी कम है। यह भी माना गया कि, सरकेडियन रिद्म (शरीर की आंतरिक घड़ी) से सम्बंधित जीन्स के कमजोर होने का सम्बंध लोरिस की शीतनिष्क्रियता की अनूठी क्षमता से हो सकता है। टीम ने उन जीन्स की भी पहचान की जिनकी वजह से ये जानवर बहुत ही धीमी गति से चलते हैं। पिग्मी लोरिस के डी.एन.ए. की तुलना, टू टोड स्लॉथ से की गई, जो कि अपनी अति धीमी गति के लिए विख्यात है। टीम को दोनों प्रजातियों के बीच समानान्तर उद्विकास के सबूत मिले।*

# सभी मैडिकल कॉलेजों को कहा गया है कि, प्र.मंत्री का कार्यक्रम "परीक्षा पर चर्चा" सभी विद्यार्थियों को दिखायें

## प्र.मंत्री का यह कार्यक्रम 27 जनवरी को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित किया गया है तथा इस आयोजन में प्र.मंत्री 1200 स्कूल के बच्चों से बातचीत करेंगे तथा सवालों के जवाब देंगे

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 जनवरी। चाटुकारिता के एक अनोखे प्रदर्शन के अन्तर्गत, मैडिकल शिक्षा के क्षेत्र में देश के सर्वोच्च नियामक निकाय (रेग्यूलेटरी बॉडी) नैशनल मैडिकल कमीशन ने पूरे देश के मैडिकल कॉलेजों से कहा है कि वे ऐसी व्यवस्था करें कि सभी विद्यार्थी परीक्षाओं से संबंधित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 27 जनवरी के व्याख्यान- "परीक्षा पर चर्चा" को देख-सुन सकें। नैशनल मैडिकल कमीशन के निर्देशों से हतप्रभ कुछ डॉक्टरों ने इस रेग्यूलेटरी बॉडी की प्राथमिकताओं तथा स्वायत्तता पर प्रश्न खड़े किये हैं।

- पोस्ट ग्रेजुएट मैडिकल स्टूडैंट्स के कई संगठनों ने नैशनल मैडिकल कमीशन (एन.एम.सी.) द्वारा इस बारे में देश के सभी मैडिकल कॉलेजों को पत्र लिखे जाने तथा हिदायत देने पर आपत्ति व्यक्त की।
- इन डॉक्टरों का आरोप है, नैशनल मैडिकल कमीशन, मैडिकल शिक्षा के सुचारू संचालन के लिये गठित सर्वोच्च संस्था है। अतः प्र.मंत्री के कार्यक्रम की पब्लिसिटी करना उसकी प्राथमिकता कैसे हो गयी।
- "कमीशन को तो डॉक्टरों की कमी, मैडिकल एजुकेशन के इन्फ्रास्ट्रक्चर को उन्नत व पर्याप्त बनाने के बारे में सोचना चाहिये।"
- "एन.एम.सी. को इस बात पर दबाव बनाना चाहिए कि स्वास्थ्य सेवाओं के लिये आवंटित बजट में गत तीन साल से जी.डी.पी. के प्रतिशत के रूप में लगातार कमी क्यों आ रही है।

'द टेलीग्राफ' में प्रकाशित एक न्यूज़ रिपोर्ट के अनुसार, पिछले शुक्रवार को सभी मैडिकल कॉलेजों को भेजे गये एन.एम.सी. के इस सर्कुलर से पहले, केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने स्वास्थ्य मंत्रालय से निवेदन किया था कि वह सभी मैडिकल कॉलेजों और नर्सिंग संस्थानों को निर्देश दे कि वे विद्यार्थियों के लिये इस कार्यक्रम को देखने की व्यवस्था करें, तथा (स्वास्थ्य मंत्रालय) इस निवेदन को "सर्वोच्च प्राथमिकता" प्रदान करे।

एन.एम.सी. ने मैडिकल कॉलेजों से यह भी कहा है कि वे "परीक्षा पर चर्चा" कार्यक्रम का "व्यापक प्रचार-प्रसार" करें यह विद्यार्थियों के साथ होने वाले मोदी के संवाद की वार्षिक शृंखला की छठी कड़ी हैं। इन संवादों में, मोदी परीक्षाओं के दबाव से निपटने की टिप्स दिया करते हैं।

शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि लगभग 1200 स्कूली बच्चों के प्रधानमंत्री के साथ संवाद का "लाइव" प्रसारण दूरदर्शन तथा ऑल इंडिया रेडियो पर किया जायेगा तथा सरकारी वैबसाइटों एवं सोशल मीडिया पर भी देखा-सुना जा सकेगा।

फैडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मैडिकल एसोसिएशन (एफ.ए.आई.एम.ए.-फेमा), जो पोस्टग्रेजुएट मैडिकल विद्यार्थियों द्वारा स्थापित संगठन है, के सदस्यों ने एन.एम.पी. के इस सर्कुलर की निन्दा की है तथा कहा है कि रेग्यूलेट्री बॉडी (एन.एम.सी.)

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'कमियों के बावजूद भी बैस्ट है कोलीजियम सिस्टम'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 जनवरी। जाने-माने न्यायविद् फली एस. नरिमन ने सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट जजों की नियुक्ति करने वाले कोलीजियम सिस्टम से संबंधित प्रसिद्ध "सैकिण्ड जज" केस वर्ष 1993 में जीता था,

- जाने-माने न्यायविद् फली.एस. नरिमन ने कहा कि, लोकतंत्र में कई कमियाँ हैं पर सभी उपलब्ध सिस्टम्स में यह बैस्ट है, इसी प्रकार कोलीजियम सिस्टम भी सभी उपलब्ध प्रक्रियाओं में बैस्ट है।

लेकिन वर्ष 2010 में आयी अपनी किताब "बिफोर मैमोरी फेड्स" में उन्होंने इस केस को जीतने के लिए खेद जताया। वह कहते हैं, इसमें कोई शक नहीं कि कोलीजियम सिस्टम में कई कमियां है, फिर भी वह उसे एक बेहतर विकल्प पाते हैं क्योंकि यह एक

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# भाजपा तमिलनाडू में अपना स्वयं का टी.वी. चैनल शुरू करेगी

## इस चैनल का नाम होगा जनम टी.वी. व संभवतया यह चैनल इस माह ही कार्यरत हो जायेगा

-लक्ष्मण वेंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 जनवरी। सामान्य रूप से पूरे दक्षिणी भारत में तथा विशेष रूप से तमिलनाडु में, मीडिया गेम में पिछड़ते जाने के कारण, भारतीय जनता पार्टी अपना स्वयं का टी.वी. चैनल शुरु करने की योजना बना रही है, जो राज्य में उसकी आवाज का सहारा बन सके। देश के अन्य भागों के विपरीत, तमिलनाडु के मीडिया को अपने अनुकूल बनाने में भाजपा को बहुत मुश्किल आ रही है क्योंकि तमिल समाचार चैनल पार्टी से ऐसे तीखे और सटीक प्रश्न पूछते हैं, जैसे प्रश्न उससे देश में और कहीं भी नहीं पूछे जाते।

- तमिलनाडू में सभी बड़ी पार्टियों का अपना स्वयं का टी.वी. चैनल है। अतः भाजपा इस मामले में अपने आप को कमजोर महसूस कर रही थी।
- वैसे भी मेन-लाइन टी.वी. चैनल्स का झुकाव डी.एम.के. की ओर रहता है, अतः अपनी बात जनता तक पहुंचाने के लिये भाजपा को अपने टी.वी. चैनल की कमी महसूस हो रही थी।
- यह भी सच है कि, देश भर में जिस प्रकार का प्रखर कवरेज भाजपा को मिलता है, वह तमिलनाडू में नहीं मिल रहा था।

जहाँ तक मुख्यधारा मीडिया कवरेज का संबंध है, भाजपा स्वयं को उपेक्षित तथा बहिष्कृत जैसा महसूस कर रही है, जबकि स्पेस देने के मामले में तमिलनाडु पूरी तरह निष्पक्ष है। लेकिन भारत के अन्य भागों की तरह, मीडिया में उसे तरज़ीह नहीं दी जाती तथा उन मुद्दों को अनावश्यक रूप से नहीं उठाया जाता, जिन पर भाजपा जोर देना चाहती है। इस स्थिति को देखते हुये, भाजपा इसी महीने अपना स्वयं का टी.वी. चैनल शुरु करने की योजना बना रही है। इस चैनल का नाम "जनम टी.वी." होगा। इसी नाम से भाजपा का टी.वी. चैनल केरल में चल रहा है। भाजपा का तमिलनाडु टी.वी. उसी का विस्तार होगा।

मीडिया-दर्शक इससे चौके नहीं हैं। एक मीडिया-हस्ती एवं राजनैतिक विश्लेषक सुमन्त सी रमन ने कहा है: "तमिलनाडु में हर पार्टी का अपना मीडिया चैनल है तथा भाजपा को भी यह जरूरी लग रहा है कि उसका भी अपना टी.वी. चैनल हो, ताकि वह अपनी बात एवं दृष्टिकोण को आगे बढ़ा सके। इसके अलावा, तमिलनाडु के मुख्यधारा मीडिया का द्रमुक (डी.एम.के.) की तरफ कुछ ज्यादा ही झुकाव है और इसीलिये भाजपा एक ऐसे चैनल की जरूरत महसूस कर रही है,

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री देशमुख को बड़ी राहत

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 जनवरी। सर्वोच्च न्यायालय ने बॉम्बे हाई कोर्ट द्वारा महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री तथा नैशनल कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) नेता अनिल देशमुख को दी गई जमानत में कोई भी हस्तक्षेप करने से सोमवार को इंकार कर दिया। ज्ञातव्य है कि सैन्ट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन ने बार मालिकों के तुष्टिकरण एवं पुलिस ट्रांसफर एवं

- सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को जमानत देने के हाई कोर्ट के आदेश में दखल देने से इंकार कर दिया।

पोस्टिंग में कथित भ्रष्टाचार को लेकर देशमुख के खिलाफ केस दर्ज किया था। मुख्य न्यायाधीश डी.वाय. चन्द्रचूड़ एवं न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमन्यम तथा जे.बी. पारदीवाला की बैंच ने सी.बी.आई. द्वारा दायर स्पेशल लीव पीटीशन पर विचार नहीं किया।

सी.जे.आई. ने शुरुआत में ही, भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कह दिया कि पी.एम.एल.ए.

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# महारानी कॉलेज छात्रसंघ कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में मंच पर आर.यू. अध्यक्ष को थप्पड़ मारा

## यह थप्पड़ राजस्थान युनिवर्सिटी छात्र संघ के महासचिव अरविन्द जाजड़ा ने जड़ा

जयपुर, 23 जनवरी(कासं)। राजस्थान विश्वविद्यालय के महारानी कॉलेज में सोमवार को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की मौजूदगी में छात्रसंघ कार्यालय

- घटना के बाद दोनों के समर्थकों के बीच आपस में लाठी-डंडों से जमकर मारपीट हुई।
- निर्मल चौधरी ने अरविन्द जाजड़ा के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया अशोक नगर थाने में।

उद्घाटन के कार्यक्रम में जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान मंच पर राजस्थान विश्वविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)



*महारानी कॉलेज में छात्रसंघ कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में राजस्थान विश्वविद्यालय छात्रसंघ महासचिव अरविंद जाजड़ा ने मंच पर राजस्थान विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी को पीछे से थप्पड़ जड़ दिया तथा धक्का मारकर मंच से गिरा दिया। खास बात यह है कि, इस पूरे प्रकरण के दौरान केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत भी मंच पर मौजूद थे।*

# मीडिया पर बैक डोर सैंसरशिप से बाज आए सरकार

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 जनवरी। पत्रकारों की अखिल भारतीय संस्था "द इण्डियन जर्नलिस्ट यूनियन (आई.जे.यू.) ने सोमवार को सरकार से आग्रह किया कि वह इन्फॉर्मेशन टैक्नॉलजी (आई.टी.) नियमों में संशोधन कर पर्दे के पीछे से

- इण्डियन जर्नलिस्ट यूनियन ने आरोप लगाया कि, सरकार आई.टी. नियमों में संशोधन से ऑन लाइन मीडिया पर सैंसरशिप लगा रही है।

सैंसरशिप थोपने से बाज आए, क्योंकि इससे अभिव्यक्ति की ऑनलाइन स्वतंत्रता भी खतरे में पड़ गई है।

यूनियन के अध्यक्ष के. श्रीनिवास रेड्डी और महासचिव बलविन्दर सिंह जम्मू ने एक बयान जारी कर सरकार को

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# पेपर लीक हंगामे की भेंट चढ़ा विधानसभा के बजट सत्र का पहला दिन

## भाजपा व राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के विधायकों ने पेपर लीक मुद्दे पर भारी हंगामा किया

-विधानसभा संवाददाता-

जयपुर, 23 जनवरी। विधानसभा के बजट सत्र की शुरूआत सोमवार को भारी हंगामे के साथ हुई। शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग उठाते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) व राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) के विधायकों ने सदन में हंगामा किया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने शोर-शराबे के बीच करीब 10 मिनट तक अभिभाषण पढ़ा, फिर इसे पढ़ा हुआ मान लिया गया। उधर स्पीकर डॉ. सी.पी. जोशी ने सदन में हंगामा करने और तख्तियां लहराने पर आर.एल.पी. के तीन विधायकों को एक दिन के लिए निष्कासित कर दिया।

- शोर शराबा इतना ज्यादा था कि, राज्यपाल कलराज मिश्र अपना अभिभाषण भी पूरा नहीं कर पाए और 10 मिनट बाद ही अभिभाषण को पढ़ा हुआ मान लिया गया।
- राष्ट्रीय लोकतंत्र पार्टी के विधायकों ने वैल में जम कर हंगामा किया, तख्तियाँ लहाराईं व पेपर लीक कांड की जांच सी.बी.आई. से कराने की मांग की।
- हंगामे से रूष्ट स्पीकर महोदय, डॉ. सी.पी. जोशी ने तख्तियाँ लहरा रहे विधायकों को दिन भर के लिए सदन से निष्कासित कर दिया।

सोमवार सुबह 11 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने शिक्षक भर्ती पेपर लीक की सी.बी.आई. जांच की मांग करते हुए अपनी बात रखनी चाही। उन्होंने कहा कि राजस्थान में परीक्षाओं के पेपर लगातार लीक हो रहे हैं। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। आप पर संविधान की रक्षा का दायित्व है, ऐसे कैसे चलेगा? राज्यपाल और स्पीकर दोनों ने उनकी बात नजरअंदाज की तो राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) और बीजेपी के विधायकों ने वैल में आकर हंगामा शुरू कर दिया। रालोपा के विधायकों नारायण बेनीवाल, पुखराज गर्ग और इंदिरा देवी ने पेपरलीक मामले की सी.बी.आई. जांच की मांग करते हुए तख्तियां लहराई। राज्यपाल ने करीब 21 मिनट तक विपक्ष के हंगामे के बीच अभिभाषण पढ़ा, लेकिन हंगामे व शोर-शराबे के कारण इसे बीच में ही छोड़ दिया, इसके बाद राज्यपाल का अभिभाषण को पढ़ा हुआ मान लिया गया।

इसके बाद राज्यपाल कलराज मिश्र विधानसभा से रवाना हो गए। उनके जाने के बाद जैसे ही सदन की कार्यवाही दुबारा शुरू हुई तब भाजपा विधायक तो चुप बैठ गए, लेकिन रालोपा के तीनों विधायकों ने हंगामा जारी रखा। आर.एल.पी. विधायक पुखराज गर्ग, नारायण बेनीवाल और इंदिरा देवी सी.बी.आई. जांच की मांग वाली तख्तियां सदन में बार-बार लहरा रहे थे।

इस पर स्पीकर डॉ. सी.पी.जोशी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए पहले तो तीनों विधायकों को बैठने के लिए कहा, लेकिन जब वे नहीं माने तो स्पीकर ने तीनों को आज पूरे दिन के लिए सदन से निष्कासित कर दिया। उन्होंने मार्शल को बुलाकर इन विधायकों को सदन से बाहर करने को कहा।



## विचार बिन्दु

**चापलूस आपको हानि पहुंचा कर अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहता है। –हरिऔध**

# राजस्थान के शैक्षिक स्तर में गिरावट---ASER,2022

'असर' (Annual Status of Education Report), 2022 दिनांक 18 जनवरी 2023 को जारी हुई है। यह रिपोर्ट भारत की शैक्षिक क्षेत्र में काम करने वाली अग्रणी संस्था 'प्रथम' के द्वारा, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वैच्छिक संगठनों के सहयोग से सर्वेक्षण एवं साक्षात्कार के आधार पर जारी की जाती है। इस प्रकार की रिपोर्ट वर्ष 2005 से जारी की जा रही है। असर - 2022, इस कड़ी में 12वीं रिपोर्ट है। यह सर्वेक्षण पूरे भारत के कुल 627 जिलों में से 616 में किया गया एवं इस सर्वेक्षण में 19060 गांव को सम्मिलित किया गया।

374554 परिवारों को सर्वेक्षण में शामिल किया गया। यह सर्वेक्षण मुख्य रूप से 16 वर्ष तक की आयु के बालक-बालिकाओं के शैक्षिक स्तर को आंकने की दृष्टि से किया गया ।

कई वर्षों से किए जा रहे सर्वे की विश्वसनीयता इसी से प्रकट होती है कि कई शिक्षाविदों द्वारा शिक्षा संबंधी योजनाओं को बनाते समय 'असर' की रिपोर्ट का संदर्भ दिया जाता है।

इस सर्वेक्षण में मुख्य रूप से बच्चों की, समझ के साथ पढने की तथा सरल गणना करने की क्षमता की जांच की जाती है। ऐसा मानना है कि भाषा एवं अंक गणितीय जोड़, बाकी, गुणा, भाग करने की क्षमता अत्यंत महत्त्वपूर्ण है और आगे की पढ़ाई की नींव का काम करती है।

मेरा स्वयं का मानना है कि सभी बच्चों में भाषा एवं अंकगणितीय गणना में पारंगत होना अत्यंत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक है। इसके अलावा विद्यालयों में नामांकन, विद्यालयों के आधारभूत सुविधाओं की स्थिति, बालिकाओं के शौचालय की स्थिति पर भी रिपोर्ट दी गई है।

हम इस लेख में राजस्थान से संबंधित रिपोर्ट की चर्चा करेंगे। राजस्थान के सभी 33 जिलों में यह सर्वे किया गया । वर्ष 2018 के पश्चात यह प्रथम सर्वेक्षण था। 4 वर्ष की अवधि में कोरोना के 2 वर्ष भी सम्मिलित हैं। सबसे पहले यह उचित होगा कि असर -2022 के निष्कर्षों पर एक दृष्टि डाल लें।

नामांकन में निश्चित रूप से पूरे भारत के साथ ही राजस्थान में भी वृद्धि हुई है और 2022 में यह 98.2% हो गया है। सरकारी विद्यालयों में पढने वालों का प्रतिशत 2018 के 60% से बढ़कर 69% हो गया है। उल्लेखनीय है कि 15-16 वर्ष की आयु की बालिकाओं में केवल 9.4% ही ऐसी हैं जो विद्यालय नहीं जा रही हैं।

वर्ष 2012 में जहां सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों में से 46.8% दूसरी कक्षा का पाठ पढ़ सकते थे, वहीं 2022 में यह घटकर 38.2% रह गया है । इसका अर्थ यह हुआ कि पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाले लगभग 62% बालक बालिका दूसरी कक्षा का स्तर भी प्राप्त नहीं कर पाए हैं। इसी तरह, 2012 में जहां आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों में से 77.5% दूसरी का पाठ पढ़ सकते थे, 2022 में यह घटकर 71.5 प्रतिशत रह गया है । इसका अर्थ यह हुआ कि शैक्षिक स्तर जहां पहले ही बहुत कमजोर था अब वहां और भी कमजोर हो गया है।

पाठकों के लिए यह जानकारी चौंकाने वाली हो सकती है की आठवीं में अध्ययनरत छात्रों में से 1.5% छात्र तो एक से नौ तक के अंक पहचान नहीं सकते हैं। 100 तक के अंक पहचानने वालों की संख्या 33% है। आठवीं के बच्चों में 35% ऐसे हैं जो भाग करना जानते हैं। इसी प्रकार पांचवीं में पढ़ने वाले में से केवल 13% बच्चे भाग देना जानते हैं।

वर्ष 2012 में जहां तीसरी कक्षा के 18.8% बच्चे घटाव करना जानते थे वहीं अब 2022 में केवल 11.8% ही ऐसा कर सकते हैं। इनमें भी, सरकारी विद्यालयों में तीसरी में पढ़ने वाले बच्चों में तो। घटाव करने वाले केवल 4.9% ही हैं एवं निजी विद्यालयों में ऐसा करने वाले छात्रों का प्रतिशत 26.3% है । स्पष्ट है कि सरकारी विद्यालयों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। यह उल्लेख करना आवश्यक है कि घटाव करने की क्षमता दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों से अपेक्षित है।

कक्षा 5 के विद्यार्थियों में से 2012 में 21.2% भाग दे सकते थे, वहीं अब 2022 में केवल 13.3% ही भाग देना जानते हैं । सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले पांचवी के बच्चों में तो केवल 6.3% ही भाग देना जानते हैं। इसी प्रकार कक्षा आठ के पढ़ने वाले बच्चों में 2012 में 45.1% में भाग देना जानते थे, वहीं यह 2022 में यह घटकर 35.7% रह गया है। सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले आठवीं के बच्चों में से केवल 29% बच्चे ही ऐसे हैं जो भाग कर सकते हैं जबकि निजी विद्यालयों में यह 54% है।

**आशा की जानी चाहिए कि -2022 के परिणामों को ध्यान में रखते हुए प्रारंभिक शिक्षा व्यवस्था में उपयुक्त बदलाव किए जाएंगे और 'असर' की अगली रिपोर्ट में राजस्थान और देश की बेहतर स्थिति सामने आए। ऐसा होने पर ही हम आज के बच्चे और कल के नागरिकों के साथ न्याय कर पाएंगे।**

वर्ष 2012 में आठवीं में पढ़ने वाले बच्चों में से 39.8% अंग्रेजी के वाक्य पढ़ सकते थे जबकि 2022 में ऐसा करने वाले बच्चों का प्रतिशत 35.2 प्रतिशत रह गया है।

सरकारी विद्यालयों में तो आठवीं के बच्चों में वाक्य पढ़ने वालों का प्रतिशत केवल 26.9% है। पांचवी कक्षा के बच्चों में से जहां 2012 में 14.8% वाक्य पढ़ सकते थे वहीं अब 2022 में यह केवल 10% बच्चे ही ऐसा कर सकते हैं।

असर- 2022 में यह तथ्य भी सामने आया है कि राजस्थान के विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं में वृद्धि हुई है । पेयजल की सुविधा 2010 में 68% प्रतिशत विद्यालयों में उपलब्ध थी, वहीं अब यह 75% में उपलब्ध है। 2010 में 65.4% विद्यालयों में शौचालय थे जबकि 2022 में यह सुविधा 86.8% में है। लड़कियों के लिए प्रयोग करने योग्य शौचालय जहां 2010 में केवल 50% विद्यालयों में थे, वहीं अब यह 84% विद्यालयों में उपलब्ध है। इसी प्रकार पुस्तकालय की किताबों का उपयोग भी जहां 2010 में 23% बच्चों द्वारा किया जा रहा था वहां अब 36% बच्चों के द्वारा किया जा रहा है।

उपरोक्त आंकड़े विस्तार से इसलिए दिए गए हैं, ताकि यह पता लग सके कि राजस्थान में प्रारंभिक शिक्षा का स्तर कितना गिर चुका है? यह सब इसके बावजूद कि बहुत बड़ी धनराशि विद्यालय, शौचालय बनाने और कंप्यूटर खरीदने पर एवं शिक्षकों के प्रशिक्षण पर खर्च की गई है। इस सब के बावजूद, यदि यह स्थिति बनी है तो आगे चलकर किस प्रकार के नागरिक देश में उपलब्ध होंगे और इनके रोजगार प्राप्त करने की क्षमता या संभावना कितनी होगी, यह विचारणीय है। कोई आश्चर्य नहीं कि, राजस्थान में बेरोजगारी का प्रतिशत देश के अन्य राज्यों से अधिक है। जब प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थी सरल भाषा में पढ़ना और गणना करना भी नहीं सीख पाएंगे तो आगे चलकर के किसी भी प्रकार की पढ़ाई कर लें, उनका आधार बहुत कमजोर ही रहेगा। कभी-कभी ऐसा लगता है कि आज से 30-40 वर्ष पूर्व शिक्षा का स्तर कहीं बेहतर था, जबकि आधारभूत सुविधाएं कहीं कम थीं।

इन सब से निष्कर्ष यही निकलता है कि विद्यालयों में सब कुछ हो रहा है पर शिक्षा गौण हो गई है। शिक्षक भी शिक्षा के अतिरिक्त कई प्रकार के अन्य कार्यों में लगे हुए हैं।

यह अच्छी बात है कि भारत सरकार ने 'निपुण भारत' नामक योजना प्रारंभ की है जिसके अंतर्गत 2025 तक तीसरी कक्षा के शत-प्रतिशत बच्चों में पढ़ने और गणना की दक्षता विकसित करने का लक्ष्य रखा है। वर्तमान में तो जिन बच्चों का यह सर्वे किया गया उनमें से 10% ही ऐसा करने में सक्षम हैं। इसका मतलब यह है कि स्थिति की गंभीरता को स्वीकार करके बहुत तेजी से इस दिशा में काम करने की आवश्यकता है ।

सम्भव है, राज्य सरकार इस रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दें और यह दावा करे कि राजस्थान का शैक्षिक स्तर तो देश में नंबर एक पर है, जैसा कि नेशनल अचीवमेंट सर्वे के आधार पर सामने आया था। जब हम 'असर' जैसी सर्वमान्य, निष्पक्ष रिपोर्ट को ही खारिज कर देंगे, तो वैसी ही बात होगी, जैसे हम चेहरे की खराबी पर ध्यान देने के बजाय शीशे को दोष दें। इस रिपोर्ट को खारिज करने के बजाए उचित होगा कि, इस प्रकार की खराब स्थिति के कारणों का पता लगाया जाए और उन्हें दूर करने का प्रयास किया जाए ।


आजकल शिक्षक अधिकांश समय केवल आंकड़े तैयार करने में ही लगा है। बच्चों के शैक्षिक स्तर में सुधार तभी संभव है, जब विद्यालयों में अधिकाधिक समय शिक्षक, बच्चों के साथ बिताएं और उन्हें अन्य कई प्रकार के अनावश्यक कार्यों से मुक्त किया जाए। शिक्षकों को आंकड़ों के मकड़जाल से निकालकर आनंददायी वातावरण में शिक्षा देने का माध्यम बनाया जाए, ताकि कम से कम प्रारंभिक शिक्षा के बाद 100% छात्र, भाषा और गणना में तो दक्षता प्राप्त कर ही लें । यह भी एक विडंबना है कि राजस्थान, जिसके द्वारा शिक्षा में किए गए प्रयोग जैसे लोक जुम्बिश और शिक्षा कर्मी के सिद्धांत पूरे देश में अपनाए गए, वहीं राजस्थान की सरकारी शिक्षा व्यवस्था में इनकी सीख का समावेश नहीं किया गया। परिणाम स्वरुप, 10 वर्षों में शिक्षा के स्तर में गिरावट आई है।

यह भी उल्लेखनीय है कि कोरोना के कारण जितना शैक्षिक स्तर में नुकसान हुआ है, उसको पूरा करने हेतु सरकार ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई और कोई ठोस योजना नहीं बनाई। केवल राज्य स्तर पर शिक्षकों और छात्रों का अनुपात का बखान करने से काम नहीं चलेगा। यह देखना होगा कि शिक्षकों का पद स्थापन भी राजस्थान के सभी क्षेत्रों में, विशेषकर दूरस्थ क्षेत्रों में समान रूप से हो और सभी विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या छात्रों के अनुपात में हो।

आशा की जानी चाहिए कि -2022 के परिणामों को ध्यान में रखते हुए प्रारंभिक शिक्षा व्यवस्था में उपयुक्त बदलाव किए जाएंगे और 'असर' की अगली रिपोर्ट में राजस्थान और देश की बेहतर स्थिति सामने आए। ऐसा होने पर ही हम आज के बच्चे और कल के नागरिकों के साथ न्याय कर पाएंगे।

**-अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# मेडिसिन और लॉ – न्याय की विकृत परिणति



**डॉ. श्रीगोपाल काबरा**

राजस्थान के एक कस्बे की रहने वाली विवाहित महिला को जयपुर के जाने-माने निजी अस्पताल में भर्ती कराया गयां। तेज सिर दर्द, उल्टियां, बुखार और बहकी बातें। सघन जांचें हुईं। ब्रेन का सी टी स्केन हुआ। निदान - फेफड़ों में मिलियरी ट्यूबरक्यूलोसिस और ब्रेन में सेरीब्रम, सेरीबेलम, कार्पस केलोसम और ब्रेन स्टेम में सब जगह फैली हुई टी.बी. की गांठें। स्थिति गंभीर। टी.बी. का इलाज चला। आराम मिला, स्थिति में सुधार हुआ। खाने-पीने और अपना काम करने लगी। अस्पताल में भर्ती रह कर कुछ करना नहीं था, टी.बी. की दवाइयां लम्बी चलनी थी, अतः छुट्टी दे दी गई। कुछ दिन बाद महिला की माँ का डॉक्टर साहिबा के पास फोन आया। बताया, वह दवाईयाँ नहीं ले रही है, और हालत ठीक नहीं है। डॉक्टर ने अस्पताल लाने को कहा। नहीं लाए। बहुत हालत गिरने और बेहोशी आने पर अस्पताल ले कर आये। आई सी यू में भर्ती किया गया। सघन इलाज चला। न्यूरोलॉजिस्ट, कार्डियोलाजिस्ट, पल्मोनोलॉजिस्ट आदि सभी विशेषज्ञों की देख रेख में इलाज। बावजूद इसके हालात गिरते गए। भर्ती होने के दूसरे दिन कार्डियाक एरेस्ट हुआ, हृदय गति व सांस रुक गई। सी पी आर कर रोगिणी को रिसिटेट किया गया (जीवित किया गया) और बेहोश मरीज को मेकेनिकल वेन्टीलेशन पर लिया गया, मोनिटर लगे। हालत गिरती गई। हृदय गति गड़बड़ हुई, कार्डियोलॉजिस्ट आये। हालांकि कार्डियाक मोनिटर लगा हुआ था फिर भी विस्तृत जांच के लिए आई सी यू में उपलब्ध 20 चैनल इसीजी मशीन पर ईसीजी ली गई। कार्डियोलॉजिस्ट ने इसीजी देखी। उसमें कोई एब्नोर्मिलिटी नहीं थी। उन्होंने ईसीजी की फाईडिंगज मरीज की फाइल में रिकोर्ड की और स्थिति के अनुरूप दवा लिख दी। ईसीजी रिपोर्ट मरीज की फाइल में लगा दी। दो दिन बाद मरीज को फिर कार्डियाक अरेस्ट हुआ। सीपीआर किया गया लेकिन हृदय गति नहीं लौटी।

रोगिणी की माँ जो जिला कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष थी, चाची जो भाजपा महिला कमेटी की अध्यक्ष थी और पिता जो वकालत के पेशे में थे, ने अलग-अलग शिकायतें कीं। नोटिस भेजे, थाने में शिकायत की, आर टी आई लगाई, राज्य मानवाधिकार आयोग में शिकायत की, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत, मेडिकल काउन्सिल मे शिकायत और नेशनल कंज्यूमर कोर्ट में 2 करोड़ का दावा किया।

**शिकायत का आधार -**

रोगिणी को ब्रेन की गंभीर टी.बी. थी तो किसी बड़े न्यूरोलाजी सेन्टर में रेफर क्यो नहीं किया गया?

मरीज की फाइल में जो ईसीजी लगी थी उसमें किसी अन्य मरीज का नम्बर, नाम, और उम्र थी और इस गलत रिपोर्ट के आधार पर इलाज करने से मरीज की मृत्यु हुई।

पुलिस का फरमान आया। डॉक्टर को मरीज का रिकार्ड ले कर थाने में हाजिर होने को कहा। फिर अस्पताल आकर, लेडी डॉक्टर के बयान और मरीज का रिकार्ड ले गये। जांच की। मेडिकल बोर्ड बिठाया और रिपोर्ट फाइल की।

मेडिकल काउन्सिल ऑफ इन्डिया ने केस स्टेट मेडिकल काउन्सिल को भेज कर रिपोर्ट भेजने का कहा। स्टेट मेडिकल काउन्सिल का फरमान, डाक्टर जवाब और पेशेन्ट का समस्त रिकार्ड ले कर 12 डाक्टरों की एथिक्स कमेटी के सामने हाजिर हो। लेडी डॉक्टर प्रस्तुत हुईं। बहस हुई। ईसीजी में दूसरे रोगी का नाम आदि होने के लिए बताया गया कि यह एक टेक्निकल एरर थी। एमरजेन्सी में ईसीजी करने से पहले मरीज का नाम आदि नहीं डाला गया, फलस्वरूप डिफाल्ट मोड से पूर्व रोगी का नाम आदि ईसीजी में आया। ईसीजी नार्मल थी। उसके आधार पर कोई इलाज नहीं किया गया।

निर्णय, मरीज की गंभीर अवस्था का इलाज यथावत् हुआ, कोई गलती नहीं हुई। ईसीजी में जैसा गलत इन्द्राज हुआ वैसा आइन्दा न हो इसका ध्यान रखें।

राज्य मानवाधिकार आयोग का फरमान, जवाब के साथ चिकित्सक पेश हो। जवाब पेश कर दिया। आयोग ने सीएमएचओ को जांच कर अपनी रिपोर्ट देने को कहा। सीएमएचओ का पहले फरमान, हाजिर हों। फिर डिप्टी सीएमएचओ आ कर बयान, जवाब और रिकार्ड लेकर चले गये। उन्होने सारा रिकार्ड आयोग को भेज दिया। आयोग ने कहा, आपने अपनी रिपोर्ट नहीं भेजी है। जांच कर रिपोर्ट भेजें।

फिर एक दिन टेलीफोन पर सूचना देकर आयोग अध्यक्ष स्वयं जांच करने अस्पताल आ गये। लाल बत्ती लगी गाड़ी से उतरे। बोले, मोका मुआइना करेंगे। डिप्टी सुपरिन्टेडेन्ट आई सी यू में ले गई। कैप मास्क लगाने को दिया तो बोले, जन प्रतिनिधि हूं। मुंह छुपा कर नहीं जाउंगा, मुंह छुपाना होता तो यहां आता ही क्यों। डॉक्टरो के साइड रूम में बैठाया। केस फाईल दे दी। बोले, केस से जुड़े सभी डॉक्टरों, नर्सेज, तकनीशियन आदि को बुलाओ। सुपरिन्टेडेन्ट ने अर्ज किया, प्रभारी डॉक्टर तो छूट्टी पर हैं, बाकी सब जो 7 दिन तक आई सी यू में उस वक्त डयूटी पर थे, उन्हें आईडेन्टिफाई कर बुलाना पड़ेगा। आप लिखित में आर्डर कर दें, वे सब काम छोड़ कर आ जायेंगे। तभी उनका कोई रिश्तेदार उनसे मिलने आ गया। बताया, बेटा न्यूरो सर्जरी में भर्ती है। अध्यक्षजी ने सुपरिन्टेडेन्ट को ताकीद की, आप देख लीजिऐगा। कोई शिकायत न आए। फिर बोले, चलिए मरीज को देख आते हैं, इसी बहाने अस्पताल का काम काज देख लेंगे।

नेशनल ह्यूमन राइटस कमीशन में शिकायत की। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने राजस्थान के प्रिन्सिपल सेक्रेटरी को केस में जांच करवा कर रिपोर्ट भेजने को कहा। प्रिन्सिपल सेक्रेटरी ने हैल्थ सेक्रेटरी को और उन्होंने मेडिकल कालेज के प्रिन्सिपल को मेडिकल बोर्ड बिठा कर जांच करवाने को कहा। पुलिस की कंप्लेंट पर बोर्ड पहले ही केस की जांच कर रिपोर्ट दे चुका था। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के पास रिपोर्ट नहीं पहुंची तो उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए प्रिन्सिपल सेक्रेटरी को रिपोर्ट व समस्त रिकार्ड लेकर व्यक्तिशः हाजिर होने का नोटिस भेज दिया। हड़कम्प मच गया। प्रिन्सिपल ने आनन-फानन में फिर उसी बोर्ड को तुरंत जांच कर आदेश की अनुपालना करने को कहा। बोर्ड ने प्रिन्सिपल सेक्रेटरी का आदेश संलग्न कर फरमान भेजा कि केस से जुड़े सभी चिकित्सक, नर्सेज, तकनीशियन व अन्य पेशेन्ट रिकार्ड, सी टी स्केन, ईसीजी रिपोर्ट व अन्य सभी जांचों की रिपार्ट ले कर बोर्ड के सामने उपस्थित हों। यह आखिरी नोटिस है। हैल्थ सेक्रेटरी ने अपने अधीन सीएमएचओ को अस्पताल से समस्त रिकार्ड ले कर व्यक्तिशः मेडिकल बोर्ड को देने का आदेश दिया। समस्त रिकार्ड उन्हें दे दिया गया। बोर्ड के वरिष्ठ न्यूरोलोजिस्ट को ब्रेन की सीटी स्केन में सारे ब्रेन में टीबी की गांठें, विशेष कर ब्रेन स्टेम में जहां सारे वाइटल सेन्टर होते हैं, देख कर यह रिपोर्ट देने में कोई दुविधा नहीं हुई कि मरीज की मौत मस्तिष्क की गंभीर टीबी के कारण हुई। चिकित्सा में कोई चूक नहीं हुई। उन्होंने अपनी रिपोर्ट और उसके आधार सम्बन्धी सीटी स्कैन, ईसीजी, अन्य जांचें और इलाज का पूरा रिकोर्ड राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को भेज दिया। मानवाधिकार आयोग ने रिपोर्ट शिकायतकर्ता को दी। वह संतुष्ट नहीं था। तब आयोग ने अपने डी आई जी को जांच करवाने के आदेश दिए। पूरा रिकार्ड पी जी आई के फोरेन्सिक एक्सपर्ट को भेजा गया। उनकी रिपोर्ट आयी, मरीज की मृत्यु का कारण ब्रेन की टी.बी.। इलाज विधिवत् हुआ। ईसीजी रिपोर्ट में टेक्निकल कारणों से गलत नाम आ गया था जिसका मरीज के इलाज पर कोई असर नहीं पड़ा। ईसीजी रिपोर्ट नारमल थी। उसके आधार पर कोई दवा नहीं दी गई। जो दवाईयाँ इसके बाद दी गईं, वे मरीज की अवस्था के अनुरूप थीं। आयोग ने अपना निर्णय दे दिया। शिकायतकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट के एक वकील से अस्पताल व चिकित्सकों को नोटिस भेजा। उन्हे जवाब दे दिया गया। साथ ही जो अलग अलग जांचें हुई उनकी रिपोर्ट और निर्णय वकील द्वारा भेज दिए गये। उन्होंने राष्ट्रीय उपभोक्ता मंच में दो करोड़ का दावा किया था।

मंच ने समस्त रिकार्ड का अध्ययन और विवेचन कर सभी लांछनों को नकारते हुए विस्तृत निर्णय के साथ दावा एडमिशन स्टेज पर खारिज कर दिया। मृतका के माता, पिता और चाची अभी भी मानने को तैयार नहीं हैं। इतना सब करने के बाद भी उनकी धारणा है कि गरीब दलित की निष्पक्ष सुनवाई नहीं होती। कहते हैं, वे राष्ट्रपति से न्याय की गुहार लगायेंगे। महिला चिकित्सक की जान अब भी सांसत में है। पूछती है, कितनी जगह शिकायत कर सकते हैं? कहां-कहां केस कर सकते हैं?

वकील कहते हैं, यह मरीज का मौलिक अधिकार है। और जिसको शिकायत करे उनका यह अधिकार और दायित्व है कि उचित कारवाही कर वे 'प्रार्थी' को न्याय दिलवायें, राहत दें। वे मुझसे पूछती हैं, क्या चिकित्सक का कोई मौलिक अधिकार नहीं है? दुर्भाग्य से मेडिकल नेग्लीजेंस के केसेज में विधिवत् निष्पक्ष जांच की कोई व्यवस्था ही नहीं है? सभी इसे अपना अधिकार क्षेत्र मानते हैं। त्रासदी यह है कि यह केस अपवाद नहीं है। न्याय नहीं, चिकित्सक और अस्पताल पर दबाव बनाने के लिए ये हथकंडे अपनाना आम है।


**-डॉ. श्रीगोपाल काबरा,**
**वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर**

# चांद दिखने के साथ ख्वाजा साहब के उर्स की विधिवत् शुरुआत, जन्नती दरवाजा खुला

**अजमेर, (कासं)।** सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 811वें सालाना उर्स की विधिवत शुरुआत सोमवार को रजब महीने का चांद दिखाई देने के साथ हुई। आम जायरीन के लिए जन्नती दरवाजा भी तड़के खोल दिया गया। ख्वाजा गरीब नवाज के सालाना 811वें उर्स की औपचारिक शुरुआत से पहले सोमवार को जिला प्रशासन के द्वारा दरगाह में चादर पेश की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने दरगाह में चादर पेश कर उर्स शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हो इसे लेकर के दुआ मांगी।

सैय्यद फजले हासन चिश्ती ने बताया कि सोमवार दरगाह स्थित पीर साहब की पहाड़ी से तोप दागकर शादियाने एवं नगाड़े बजाकर उर्स के आगाज मुनादी की गई और इसके साथ उर्स की धार्मिक रस्में भी शुरू हो गई। दरगाह के महफिल खाने में सोमवार रात को उर्स की पहली महफिल दरगाह दीवान सैयद जैनुअल आबेदीन अली खान की सदारत में हुई। छह दिवसीय सालाना उर्स अपनी धार्मिक रस्मों के ही उर्स परवान चढ़ता जाएगा।

उर्स में शरीक होने के लिए जायरीन के यहां पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। जयपुर और आसपास के



**उर्स की विधिवत शुरुआत के दौरान खोले गए जन्नती दरवाजे से गुरजते जायरीन।**

इलाकों से बड़ी संख्या में लोग पैदल चल कर यहां पहुंचे हैं। रास्ते में भी कई काफिले चल रहे हैं। दरगाह क्षेत्र में अब भीड़ बढने लगी है। देर रात तक दरगाह बाजार और आसपास के क्षेत्र में रौनक बनी हुई है।

विश्व विख्यात सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के दरबार में 26 जनवरी को वसंत पेश किया जाएगा। शाही कव्वाल वसंत से जुड़े सूफियाना कलाम पेश करते हुए चलेंगे। सैय्यद फजले हासन चिश्ती ने बताया कि सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती का 811वां उर्स मनाया जा रहा है। इस दौरान अकीदतमंद द्वारा चादर चढ़ाने का सिलसिला शुरू हो गया।

संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी जिला प्रशासन ने दरगाह में चादर चढ़ाई है। देश में प्रेम भाईचारा बना रहे और और शांतिपूर्ण तरीके उर्स संपन्न हो इसे लेकर के दुआ मांगी है। अजमेर रेंज आईजी रूपेन्द्र सिंह ने कहा कि 811वें उर्स में भीड़भाड़ शुरू हो गई है। पुलिस प्रशासन चाक.चौबंद होकर 24 घंटे ड्यूटी कर रहा है। एक राजा से उर्स की औपचारिक शुरुआत होगी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला प्रशासन की तरफ से चादर पेश की गई है और उर्स शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न

**■ जिला प्रशासन ने दरगाह में चादर पेश कर उर्स शांतिपूर्वक संपन्न होने के लिये दुआ मांगी**

होए सभी कर्मचारी अपनी ड्यूटी ढंग से निभाए से लेकर के दुआ मांगी गई है। जिला प्रशासन की चादर पेश करने के दौरान संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा, रेंज आईजी रूपेन्द्र सिंघ, जिला कलेक्टर अंशदीप, एसपी चूनाराम जाट, एडिशनल ,सपी विकास सांगवान, वैभव शर्मा, प्रियंका रघुवंशी, दरगाह सीओ गौरीशंकर, ट्रैफिक सीओ रामअवतार सहित अंजुमन कमेटी के सचिव सरवर चिश्ती वह दरगाह के खादिम मौजूद रहे।

सोमवार को कर्नाटक में भाजपा के पूर्व नेता व मंत्री जी जनार्दन रेड्डी ने सोमवार को सपरिवार दरगाह जियारत की। खादिम सलमान चिश्ती ने रेड्डी व उनके परिवार के सदस्यों को जियारत करवाई। रेड्डी ने ख्वाजा की मजार पर अकीदत के फूल व चादर पेश कर देश में अमन चैन शांति भाईचारे की दुआ मांगी।

## मेले में सचिन पहलवान ने 131 किलो की नाल उठाई

**करौली, (निसं)।** नंदे भूमिया पर आयोजित देवनारायण भगवान के मेले में भाजपा के वरिष्ठ नेता ने 51हजार रुपये दान स्वरूप भेंट किए। वहीं मेले में आयोजित नाल दंगल में सचिन पहलवान ने 131 किलो की नाल उठाकर इतिहास बनाया।

सोमवार को करौली के निकट नंदे भूमिया के देवस्थान पर देवनारायण मेले में भाजपा के वरिष्ठ नेता सतवीर चंदीला मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जहां उनका पंच पटेलों ने माला साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया और रथ पर बैठा कर मंदिर तक ले गए। जहां उन्होंने नंदे भूमिया के दर्शन लाभ लेते हुए पंच पटेलों को 51हजार रुपये दानस्वरूप भेंट किए। दंगल के केसरी रहे दंगल में केसरी रहे पहलवान सचिन को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आगे और भी ऊंचाइयो पर पहुंचे।

## तीस युवाओं ने बंजर भूमि को हरा-भरा बनाया

**सूरतगढ़, (निसं)।** वृक्ष मित्र संस्था ने शहर को ग्रीन सिटी बनाने के जज्बे के साथ कार्य करते हुए बंजर भूमि को हरा भरा बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है। संस्था के सदस्यों द्वारा अब तक करीब 8 हजार पौधे लगाए जा चुके हैं। जिनमें से ढाई हजार से अधिक पेड़ बन चुके हैं।

इन वृक्ष मित्रों का संकल्प है कि पूरे क्षेत्र को ग्रीन सिटी के नाम से विकसित करें। इसके लिए 30 युवाओं की टीम प्रतिदिन सुबह पौधारोपण के साथ पेड़-पौधों की देखभाल भी करती है। सोमवार सुबह भी शहर से सटे किशनपुरा आबादी स्थित श्री शिव नंदीशाला में कुछ ऐसा ही नजारा सामने आया जब संस्था के सदस्य जी जान से पौधों की सार संभाल में जुटे थे। संस्था के 30 से अधिक युवाओं ने करीब 1000 से अधिक पौधे इस बंजर भूमि पर बारिश के शुरुआती दौर में लगाए थे। सराहनीय बात यह भी है कि यह यह सब कार्य बिना किसी सरकारी मदद के साथ करने का बीड़ा उठाया है। इन युवाओं ने ठाना है कि हर हाल में 5 हजार पौधों को रोपित कर पेड़ बनाना है।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**मंगलवार 24 जनवरी, 2023**


माघ मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2079, शतभिषा नक्षत्र रात्रि 9:58 तक, वारियान योग रात्रि 9:36 तक, गर करण दिन 3:23 तक, चन्द्रमा आज कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-वृष, बुध-धनु, गुरू-मीन, शुक्र-मकर, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज रवियोग सांय 4:28 तक है। रात्रि 9:58 से पुनः आरम्भ होगा। भद्रा रात्रि 1:59 से बुधवार दिन 12:35 तक है। आज गौरी तृतीया और वरद एवं कुन्द चतुरथी, तिल चौथ, पंचक है। आज से रज्जब मु. मास 7 आरम्भ होगा।


**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:59 से 11:19 तक, लाभ-अमृत 11:19 से 1:58 तक, शुभ 3:18 से 4:38 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 7:20, सूर्यास्त 5:58




**मेष**

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।




**वृष**

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।




**मिथुन**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।




**कर्क**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। व्यक्तिगत परेशानियों के कारण मन में असंतोष बना रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।




**सिंह**

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**कन्या**

परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।




**तुला**

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सोच-विचार होगा। महत्वपूर्ण परामर्श मिलेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




**वृश्चिक**

घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**धनु**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।




**मकर**

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।



**कुंभ**

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यक्तिगत कार्य के लिए यात्रा संभव है।



**मीन**

घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।



।। जय श्री अग्रसेन ।।

"समाज की धरोहर के सजग प्रहरी, विकासशील, विश्वसनीय नेतृत्व"

# श्री अग्रवाल शिक्षा समिति, जयपुर

## की नवनिर्वाचित शासकीय परिषद् 2023-26

### संरक्षक मण्डल



श्री आई.सी. अग्रवाल | श्री संजय अग्रवाल | श्री जुगल किशोर डेरेवाला | श्री सुरेश पोद्दार | श्री राजेन्द्र केडिया | श्री काली चरण सर्राफ | श्री सीताराम अग्रवाल



- श्री प्रेमनारायण गुप्ता, कुण्डावाले
- श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल, गंगानगर मोटर्स वाले
- श्री सुरेश नारायण चौधरी
- श्री विष्णु अग्रवाल सांवडिया
- श्री पी.डी. गोयल
- श्री सुरेश अग्रवाल
- श्री महेन्द्र डेरेवाला

### शासकीय परिषद् एवं पदाधिकारी



- सुरेश अग्रवाल (गंगानगर मोटर्स वाले), अध्यक्ष
- नरेश सिंघल (हिण्डौन वाले), महासचिव



- आनन्द गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष
- पवन लश्करी, उपाध्यक्ष
- सुरेश दीवान, उपाध्यक्ष
- नरेश कुमार गोयल, कोषाध्यक्ष
- अशोक गोयल, सचिव, APGC
- विकास अग्रवाल, सचिव, ASPC
- कमल नानूवाला, सचिव, SAPS



- योगेश बंसल, सचिव, AIP
- प्रदीप लडीवाला, सचिव, SAPS (PS)
- ओमप्रकाश अग्रवाल, सचिव, AIHM
- अरविन्द अग्रवाल, सचिव, ACSA
- महेन्द्र गोयल, सचिव, AIPC
- राजेश नागौरी, कार्यकारिणी सदस्य
- रिषीपाल अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य



- अजय अग्रवाल (आर्च), सदस्य, प्र.स. AIHM
- अल्का अग्रवाल, सदस्य, प्र.स. APGC
- अनिल गुप्ता कुण्डावाले, सदस्य, प्र.स. SAPS (PS)
- अनिल जिन्दल, सदस्य, प्र.स. APGC
- अनुराग खेतान, सदस्य, प्र.स. AIPC
- अशोक कुमार काकडेवाला, सदस्य, प्र.स. SAPS (PS)
- दामोदर कुच्छल, सदस्य, प्र.स. ACSA
- गोपाल बंसल, सदस्य, प्र.स. ACSA



- महेश भामोदिया, सदस्य, प्र.स. SAPS
- मालीराम गुप्ता, सदस्य, प्र.स. APGC
- मनोज केडिया, सदस्य, प्र.स. ACSA
- मनोज मुरारका, सदस्य, प्र.स. SAPS (PS)
- मुकुल गोयल, सदस्य, प्र.स. AIPC
- नीलम मित्तल, सदस्य, प्र.स. APGC
- निर्मल भूतिया, सदस्य, प्र.स. ACSA
- ओमप्रकाश मित्तल (बम्बई वाले), सदस्य, प्र.स. ACSA



- पंकज अग्रवाल, सदस्य, प्र.स. SAPS
- राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, सदस्य, प्र.स. ASPC
- राकेश गोयल (अरिहन्त ग्रुप), सदस्य, प्र.स. AIHM
- रेखा अग्रवाल, सदस्य, प्र.स. APGC
- संदीप भूतिया, सदस्य, प्र.स. SAPS
- सन्तोष जैन बैराठी, सदस्य, प्र.स. AIHM
- सुभाष मित्तल (ओम गैस), सदस्य, प्र.स. ASPC
- तेजपाल भूतिया, सदस्य, प्र.स. AIPC
- विजय गोयल (सी.ए.), सदस्य, प्र.स. ASPC

### विशेष आमंत्रित



- अखिल अग्रवाल, सदस्य, प्र.स. ACSA
- आलोक बंसल, सदस्य, प्र.स. ACSA
- अरूण अग्रवाल, सदस्य, प्र.स. ASPC
- बी.एल. गुप्ता, सदस्य, प्र.स. ACSA
- चन्द्र प्रकाश गोयल (फैन्ड्स प्रिन्टर्स), सदस्य, प्र.स. ASPC
- जी.एल. गुप्ता, सदस्य, प्र.स. ACSA
- हरीश केडिया, सदस्य, प्र.स. ASPC
- हिना अग्रवाल, सदस्य, प्र.स. SAPS
- जूही केडिया, सदस्य, प्र.स. AIHM
- किशन अग्रवाल, सदस्य, प्र.स. APGC
- ललिता कुच्छल, स्पोटर्स कॉम्पलैक्स कमेटी
- नीरज अग्रवाल, सदस्य, प्र.स. AIP
- ओ.पी. गुप्ता, वित्तिय प्रबन्ध कमेटी
- प्रियंका अग्रवाल, सदस्य, प्र.स. SAPS
- राज कुमार अग्रवाल (सुपारीवाला), सदस्य, प्र.स. ACSA



- रिंकु अग्रवाल, स्पोटर्स कॉम्पलैक्स कमेटी
- रूप किशोर गोयल, सदस्य, प्र. स. APGC
- रूपल अग्रवाल, सदस्य, प्र. स. AIP
- सरस्वती मित्तल, सदस्य, प्र.स. SAPS
- सतीश अग्रवाल (समराईवाला), वित्तिय प्रबन्ध कमेटी
- सतीश कुमार अग्रवाल (माजुम वाले), वित्तिय प्रबन्ध कमेटी
- सोहन गोयल, सदस्य, प्र.स. AIPC
- सुभाष गोयल, सदस्य, प्र.स. AIP
- सुभाष गोयल, सदस्य, प्र.स. SAPS (PS)
- सुधीर गर्ग, सदस्य, प्र.स. SAPS (PS)
- सुशील भगेरिया, भूमि आवंटन कमेटी
- तरूण गोयल, सदस्य, प्र.स. AIP
- विनोद गुप्ता, सदस्य, प्र.स. AIHM
- विश्वास गोयल, सदस्य, प्र.स. AIP
- योगेश बिन्दल, सदस्य, प्र.स. SAPS

RADHIKA

### समिति द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाएं

| | | | |
|---|---|---|---|
| अग्रवाल पी. जी. महाविद्यालय (APGC) | अग्रवाल शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय (ASPC) | श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल (SAPS) | श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल, प्राइमरी सैक्शन (SAPS, PS) |
| अग्रवाल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी (AIP) | अग्रवाल इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (AIHM) | अग्रसेन सिविल सर्विसेज एकेडमी (ACSA) | अग्रवाल इंस्टीट्यूट फॉर प्रोफेशनल कोर्सेज (AIPC) |

Agrasen Katla, Maharaja Agrasen Marg, Agra Road, Jaipur • Website: http://shriagrawalshikshasamiti.com • Email: sassjaipur1958@gmail.com

# एक बार भाजपा एक बार कांग्रेस की प्रदेश में चल रही परम्परा को इस बार तोड़ा जाएगा: सचिन पायलट



टोंक में हॉस्पिटल के उद्घाटन समारोह को पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने सम्बोधित किया।

- सचिन पायलट ने टोंक में सिविल लाइन स्थित नवनिर्मित हॉस्पिटल का उद्घाटन किया

**टोंक,** (निसं)। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का टोंक आगमन पर सोमवार को छावनी चौराहे पर रेल लाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार समाजिक न्याय संगठन राष्ट्रीय संयोजक अकबर खान ने भारी लवाजमे के साथ मालाएं पहनाकर व पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया।

पूर्व उपमुख्यमंत्री और टोंक विधायक सचिन पायलट ने कहा कि एक बार भाजपा एक बार कांग्रेस की प्रदेश में चल रही परम्परा को इस बार तोड़ा जाएगा। पायलट सोमवार को सिविल लाइन स्थित नवनिर्मित हॉस्पिटल के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि बतौर सम्बोधित कर रहे थे। पायलट ने कहा कि पार्टी में अनुशासन जरूरी है, इसमें कोई भी नेता छोटा या बड़ा नहीं है, अनुशासन सबके लिए बराबर है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले समय रहते प्रचार जरूरी है। पायलट ने कहा कि 4 साल में भाजपा विपक्ष की भूमिका सही प्रकार से निभा नहीं पाई। प्रदेश में 25 सांसद भाजपा के हैं, लेकिन प्रदेश को कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद प्रदेश में 26 जनवरी से ऐतिहासिक हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू हो रहा है, यह 26 मार्च तक चलेगा।

उन्होंने कहा कि राजस्थान बेहतर राज्य के रूप में आगे बढ़े, इसके लिए जरूरी है कि बेटियों का सम्मान हो, कृषि को बढ़ावा मिले, नौजवानों को रोजगार मिले। पायलट भाजपा की केंद्र सरकार पर भी बरसे। उन्होंने कहा कि देश में नफरत, तकरार, महंगाई, बेरोजगारी बढ़ रही है। इसको खत्म करने के लिए देश प्रेम, आपस में प्रेम, मोहब्बत बांटना होगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज बहुत महत्वपूर्ण होती है। जनमानस, गांव, ढाणी, कस्बा में प्रदेश भौगोलिक सबसे बड़ा राज्य राजस्थान है। उत्तरप्रदेश जनसंख्या दृष्टि से बड़ा है। प्रजातंत्र में सबसे बड़ी जनता की खनखती आवाज महत्वपूर्ण होती है। जनता की आवाज की सुनना बहुत जरुरी है। उसके अनुरुप के काम करना सभी सरकारों को दायित्व है। राजस्थान के चुनाव दूर नहीं हैं और राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के अभियान हाथ से हाथ जोड़ो को घर-घर, गांव गांव, ढाणी ढाणी में पहुंचाएं और लोगों को प्रेरित करें।

पायलट ने कहा कि आज महंगाई, बेरोजगार, आर्थिक मंदी, धंधे चौपट होने से आमजन परेशान है, हम सब जानते हैं। भारत देश में लगातार कर्ज बढ रहा है। भारत में द्वेष व टकराव का माहौल बन रहा है, क्योकि जब टकराव होगा तो सरलता व प्रेम से हम आगे नहीं बढ़ सकते है। टकराव, भ्रमित करना आसान है, लेकिन प्रेम व माहौल, सरलता, भाईचारे से आगे बढ़ना चुनौतिपूर्ण कार्य है। प्रदेश व देश नौजवानों का है, आने वाला समय नौजवानों का है, सब नौजवान जो शिक्षित है उनको रोजगार दिलाने की कोशिश हमारी होनी चाहिए। इस दिशा हम सबको मिलकर काम करना होगा।

पायलट ने कांग्रेस पार्टी के हाथ से हाथ जोडो अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस का यह अभियान अब तक का सबसे बड़ा अभियान है। इससे कांग्रेस कार्यकर्ता हर परिवार तक पहुंचेगा ताकि कांग्रेस मजबूत होगी। कार्यक्रम में पूर्व भाजपा विधायक अजीत मेहता, कृषि मंडी की पूर्व अध्यक्ष सुमन गुर्जर, कांग्रेस देहात के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामसिंह मुकुल, बिरदी चन्द्र गुर्जर, कांग्रेस टोंक प्रभारी महेंद्र सिंह खेडी भी मौजूद थे।

पूर्व उपमुख्यमंत्री व टोंक विधायक सचिन पायलट का टोंक आगमन पर सोमवार को नगर परिषद सभापति अली अहमद ने पार्षदों व कांग्रेजनों के साथ स्वागत किया। नगर परिषद सभापति अली अहमद ने होटल शिव शक्ति पर पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का उपसभापति बजरंगलाल वर्मा, पार्षद रामदेव गुर्जर, राहुल सैनी, अ.मुजीब आदि कांग्रेसजनों के साथ स्वागत किया।

# प्रधानाचार्य के खिलाफ ग्रामीणों ने स्कूल की तालाबंदी कर प्रदर्शन किया

## रविवार को स्कूल की छात्रा को बुलाकर अश्लील हरकत करने का आरोप


राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दुदावा के प्रधानाचार्य के खिलाफ ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

- शिक्षा विभाग ने प्रधानाचार्य को एपीओ किया

**सांचोर,** (निसं)। जालोर जिले के सांचोर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दुगावा के प्रधानाचार्य द्वारा रविवार को स्कूल की छात्रा को बुलाकर अश्लील हरकत करने के बाद ग्रामीणों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद शिक्षा विभाग ने प्रधानाचार्य वीराराम को एपीओ कर दिया।

गांव के ग्रामीणों ने रविवार दोपहर को प्रधानाचार्य वीराराम को लोगों द्वारा एक लड़की के साथ में देखा गया। जिस दौरान ग्रामीणों ने विरोध प्रकट कर फोटो वीडियो बनाया। सोमवार को स्कूल की तालाबंदी कर शिक्षा विभाग के अधिकारी को बुलाकर हटाने की मांग गई। इस दौरान ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भंवर लाल बिश्नोई सहित अन्य प्रशासन में पहुंचकर इस घटना की तथ्यात्मक रिपोर्ट बनाई। जिसमें ग्रामीणों द्वारा दिया गया वीडियो फोटो की पुष्टि कर प्रधानाचार्य को एपीओ कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों को मामला शांत करवाकर स्कूल का ताला खुलवाया।

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सरनाऊ ओमप्रकाश विश्नोई ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर दुगावा राजकीय उच्च माध्य विद्यालय पर जाकर ग्रामीणों का बयान के आधार पर दोषी कार्यवाहक प्रधानाचार्य वीरा राम को एपीओ कर जिसकी रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी बीकानेर निदेशालय को भेज दी गई है।

# शीतलहर जारी, छाया रहा कोहरा


श्रीमाधोपुर में कोहरा छाने से रेल यातायात प्रभावित रहा।

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। कस्बा श्रीमाधोपुर सहित आसपास के ग्रामीण इलाके में लगातार तीसरे दिन भी शीतलहर व कोहरा जारी रहा जिससे आमजन को कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। सर्दी का प्रकोप छाया हुआ है। तीसरे दिन यह कोहरा सर्दी का पहला कोहरा देखने को मिला है। लगातार चल रही सर्द हवाओं तथा पाले के गिरने से सर्दी में बढ़ोतरी हुई है। रविवार सुबह 10 तक कस्बे सहित आसपास का ग्रामीण आंचल घने कोहरे के आगोश में लिपटा हुआ नजर आया। वही सड़क पर चलने वाले वाहनों को हार्न देकर चलाना पड़ रहा था वहीं आम रास्तों से भी ज्यादा खेतों में कोहरा इतना छाया कि महज 10 मीटर की दूरी पर भी कुछ भी दिखाई देना संभव नहीं था। वाहन चालकों को अपने वाहनों के हेड लाइट जलाकर ही आगे निकलना संभव हो रहा था। वही रेलगाड़ी भी धीमी गति से चलती नजर आ रही थी।

# धुंध में लिपटी सूर्यनगरी

**जोधपुर,** (कासं)। प्रदेश में सक्रिय हुए एक साथ दो पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम अब पूरी तरह सर्द हो गया है। रात को जहां सर्द हवाओं ने ठिठुराया तो सुबह नींद धुंध में टूटी। सोमवार की दोपहर तक मारवाड़ में कोहरा छाया रहा। सूर्य की मंद किरणें भी सर्दी मिटाने में नाकाफी ही रही। सर्द हवा से आमजन में धूजणी छूटती रही। लोगबाग सुबह से ही गर्म लबादों में लिपटे देखे गए।

मारवाड़ में बदले मौसम तंत्र से एक बार फिर सर्दी की चमक बढ़ गई है। रात को सर्द हवा थीं तो सुबह से ही शहर में धुंध छाई हुई है। मौसम विभाग की मानें तो आगामी 26 जनवरी तक पश्चिम विक्षोभ असर रहने से सर्दी चमक बिखेरेगी। मौसम विभाग ने पूरे प्रदेश में मावठ के आसार जताए है। जोधपुर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में सुबह से धुंध के साथ सूर्यदेव सही तरह से दर्शन नहीं दे पा रहे। ग्रामीण इलाकों में फसलों को भी नुकसान होने के आसार बने है। फलसों में पाला पड़ने की संभावना बलवती हो गई है। सुबह हालांकि तापमान 10 डिग्री तक बना रहा। मगर वातावरण में घुली ठंडक से दिनभर धूजणी छूटती रहीं।

ठंडी बयार नश्तर से चुमने लगी है तो शरीर में गलन महसूस की जाने लगी है। सर्दी के एक बार फिर से चमक होने से लोगों की दिनचर्या आज सुबह ही प्रभावित रही। अमूमन सर्दी में लोगबाग रात को ही अलाव का सहारा लेते है। मगर सोमवार की सर्द हुए मौसम में सुबह से ही अलाव का सहारा ले लिया गया। सुबह ग्रामीण इलाकों में अलाव जलाकर कर लोगों ने सर्दी से निजात पाने का जतन ढूंढा।

# विजिबिलिटी कम होने फ्लाइट्स रद्द

**उदयपुर,** (कासं)। महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर सोमवार सुबह विजिबिलिटी कम होने के कारण जयपुर, मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद से कोई भी फ्लाइट महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर लैंड नहीं हो पाई ।

सारी फ्लाइटों को अहमदाबाद डायवर्ट किया गया। एयरपोर्ट पर यात्रियों की काफी भीड़ हो गई थी। दोपहर 2 बजे बाद एयरलाइंस ने सारी फ्लाइटों को रद्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार राजस्थान में रविवार से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है जिसका असर प्रदेश भर हो रहा है। इसी कारण दिनभर बादल छाये रहे। इससे एक बार फिर कड़ाके की सर्दी का दौर शुरू हो गया है। सोमवार को दिनभर घना कोहरा छाया रहा।

डबोक स्थित महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर घने कोहरे के कारण अधिकतर फ्लाइट डाइवर्ट की गई। कई फ्लाइट लेंड नहीं हो पाई। एयरपोर्ट पर सुबह विजिबिलिटी कम होने के कारण जयपुर, मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद से कोई भी फ्लाइट महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर लैंड नहीं हो पाई। सारी फ्लाइटों को अहमदाबाद डायवर्ट किया गया था। एयरपोर्ट पर यात्रियों की काफी भीड़ हो गई थी।

दोपहर 2 बजे बाद एयरलाइंस ने सारी फ्लाइटों को रद्द कर दिया। फ्लाइट रद्द होने से यात्रियों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ा। एयरलाइंस की ओर से सभी यात्रियों को बसों द्वारा अहमदाबाद भेजने की व्यवस्था की गई। वहां से सभी को दूसरी फ्लाइट्स से भेजा जाएगा।

# निलम्बित ए.एस.पी. दिव्या मित्तल अजमेर जेल में नंगे पैर घूमती नजर आई


अजमेर जेल में महिला की लगी लाईन में नंगे पांव खड़ी निलंबित ए.एस.पी. दिव्या मित्तल ( गोले में )।

**अजमेर,** (निसं)। कल तक जिस एसओजी की एडिशनल एसपी का रुतबा पूरे राजस्थान में चलता था, वही निलबिंत एडिशनल एसपी दिव्या मित्तल अपने काले कारनामों के चलते अजमेर की केन्द्रीय कारागृह में कड़ाके की ठंड में भी नंगे पैर घूमती नजर आ रही है। सर्द मौसम में भी सीमेंट के फर्श में नंगे पैर खड़ी दिव्या मित्तल का फोटो खूब वायरल हो रहा है। यह फोटो सोमवार का है, जब अजमेर सेंट्रल जेल स्थित महिला बंदी सुधार गृह का औचक निरीक्षण करने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रामपाल जाट जेल पहुंचे थे और वहां महिला कैदियों से संवाद कर उनके हालचाल जान रहे थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के इस दौरे की एक फोटो प्रेस विज्ञप्ति के साथ प्राधिकरण की और से जारी की गई। इस फोटो में पूरे रजस्थान में अपना अलग ही रुतबा रखने वाली दिव्या मितल आम महिला कैदियों की लाइन में नंगे पैर खडी कड़ी नजर आ रही है। एसओजी की निलंबित एडिशनल एसपी दिव्या मित्तल 3 फ़रवरी तक जेल में है।

# कार नाले में गिरी, युवक की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। जिले के पानरवा थाना क्षेत्र में रविवार देर रात घर से घूमने निकले युवकों की कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होने से एक युवक की मौत हो गई जबकि दो युवक घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार शाम को कोल्यारी निवासी मुरली लोहार कार लेकर आया जो रवि और उसके चचेरे भाई चिराग को घूमने के लिए ले गया। ये तीनों कार में बैठकर पानरवा मार्ग पर निकले थे।

इस दौरान मांडवी-भगोरवास के पास मोड़ पर कार अनियंत्रित हो गई और पलटिया खाते हुए नाले में गिर गई। कार की स्पीड इतनी तेज थी की मोड़ पर बेकाबू हो गई। कार 3 बार पलटकर करीब 15 फीट गहरे नाले में गिर गई। इस दौरान कार में सवार एक युवक रवि पुत्र मांगीलाल मेघवाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, मृतक का चचेरा भाई चिराग पुत्र किशन लाल मेघवाल और एक दोस्त कोल्यारी निवासी मुरली लोहार पुत्र सुंदर लाल घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजन व अन्य ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। सभी को बाहर निकाला व पुलिस को सूचना दी जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को मोर्चरी रखवाया। इधर घायलों को झाड़ोल अस्पताल पहुंचाया। जहां से उदयपुर रेफर किया गया।

# शिक्षक की पीटाई से छात्र बेहोश

**तारानगर,** (निसं)। तारानगर के निजी शिक्षण संस्थान में एक शिक्षक द्वारा छात्र को बेरहमी से पिटाई करने से बेहोश होने का मामला सामने आया है। गांव ददरेवा निवासी भंवरलाल प्रजापत ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उसके भाई का लड़का 17 वर्षीय साहिल तारानगर के मॉर्डन प्रिंस विद्यालय की कक्षा संकाय 12वीं में पढ़ता है। फिजिक्स के शिक्षक गजेंद्र सहारण ने बेरहमी से पिटाई कर दी।

# कार सवार युवकों ने दो जनों पर हमला किया, एक की मौत

## परिजनों ने दर्ज कराया हत्या का मुकदमा

- मेहंदवास थाना क्षेत्र एनएच के पास होटल में बीती रात आपसी कहासुनी हुई थी
- पुलिस अधिकारियों से परिजनों ने दोषियों गिरफ्तारी की मांग की

**टोंक,** (निसं)। मेहंदवास थाना क्षेत्र नेशनल हाईवे के पास स्थित होटल में बीती रात आपसी कहासुनी के बाद कार सवार युवकों ने दो जनों पर हमला बोल दिया, जिसमें एक गंभीर रुप से घायल व्यक्ति ने उपचार के लिए अस्पताल पहुंचने से पहले की दम तोड़ दिया।

अस्पताल में जांच के दौरान घायल को चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित करने पर शव को रात्रि में मुर्दाघर में सुरक्षित रखा गया और सोमवार को सुबह मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर पुलिस ने शव परिजनों को पुलिस कर दिया। इस मामले में पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार रविवार की रात्रि को महुआ निवासी गोपाल गुर्जर उम्र 45 साल अपने साथी ट्रक चालक भरत गुर्जर के साथ मेहंदवास थाना क्षेत्र के अरनियानील के पास नेशनल हाईवे स्थित होटल पर चाय पीने रुका था, इस दौरान वहां पर बैठे कुछ युवकों से उनका विवाद हो गया और इसके बाद दोनों होटल से बाहर आ गए और युवकों ने गोपाल और भरत पर हमला कर दिया, इससे गोपाल गंभीर रूप से घायल हो कर अचेत हो गया।

मामले की जानकारी मिलने पर मेहंदवास थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने गोपाल को मृत घोषित कर दिया, वहीं उसके साथी का उपचार करवाया। प्राथमिक जांच में अंदरूनी चोट लगने के कारण मौत होना सामने आया है। पुलिस इस मामले में आसपास के होटलों के सीसीटीवी की जांच कर रही। वहीं परिजनों की पर्चा बयान के आधार पर हत्या का केस दर्ज कर अज्ञात बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

इस मामले की जानकारी पर पोस्टमार्टम के दौरान पुलिस उपाधीक्षक सलेह मोहम्मद सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे गए, वहीं मौके पर पहुंचे सरपंच संघ प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज फागणा ने अस्पताल पहुंचकर परिजनों के साथ पुलिस अधिकारियों से बात कर मामले में तुरंत कार्रवाई कर दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की।

# हादसे में विवाहिता की मौत, पति घायल

**उदयपुर,** (कासं)। सोमवार को कोर्ट चौराहे के समीप एक बाइक सवार दंपति को रोडवेज बस ने चपेट में ले लिया। हादसे में सिर और गर्दन कुचलने से महिला ने मौके पर दम तोड़ दिया। महिला के पति के दूसरी ओर गिरने से उसे ज्यादा चोटें नहीं आई। हादसे के बाद रोडवेज ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर 12 बजे के लगभग यह हादसा हुआ। भुवाण निवासी लोगर डांगी उनकी पत्नी धन्नी बाई के साथ भुवाणा से कोर्ट चौराहे होते हुए मंडी में खरीददारी के लिए जा रहे थे, तभी कलेक्टर बंगले के आगे हनुमान मंदिर के बाहर यह हादसा हुआ। बस ने पीछे से बाइक को टक्कर मारी। टक्कर से लोगरलाल डांगी उछलकर दूसरी ओर गिर गए, जबकि उनकी पत्नी धन्नी बाई बस के आगे वाले हिस्से के नीचे फंस गई। रोडवेज बस ने महिला को पहले हिस्से वाले टायर से टक्कर मारी। इसके बाद बस घसीटती हुई महिला को करीब 15 फीट दूर तक ले गई। इस दौरान सिर और गर्दन कुचलने से महिला ने मौके पर दम तोड़ दिया। महिला के पति के दूसरी ओर गिरने से उसे ज्यादा चोटें नहीं आई। महिला की बेटी की 2 दिन बाद शादी होनी हैं।

हादसे के बाद डिवाइडर को हटाने की मांग को लेकर वकीलों ने भी नारेबाजी की। वहीं डांगी समाज के लोग भी जमा हो गये और मुअवाजे की मांग पर अडे रहे। करीब एक घंटे की गहमा.गहमी के बाद एडीएम प्रभा गौतम और सिटी एएसपी चन्द्रशील ठाकुर ने परिजनों को उचित मुआवजा देने के आश्वासन देकर मामला शांत करवाया। इसके बाद परिजनों ने शव को उठाने दिया।

# शिक्षा के क्षेत्र में जो पैसे सरकारें लगाती हैं मैं इसे निवेश मानता हूं: पायलट

## सचिन तुम संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं के नारों से गूंजता रहा पांडाल



सचिन पायलट ने चाकसू में राजकीय कन्या महाविद्यालय के शिलान्यास समारोह को संबोधित किया।

- पायलट को लेकर इतना क्रेज था कि आसपास के मकानों की छतों पर लोग सचिन पायलट को सुनने के लिए डटे रहे

**चाकसू,** (निसं)। मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2022-23 के अंतर्गत सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा टोंक रोड वन विभाग की नर्सरी के पास स्वीकृत राजकीय कन्या महाविद्यालय चाकसू के 4.50 करोड़ की लागत से बनने वाले भवन का सोमवार को मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट एवं क्षेत्रीय विधायक वेदप्रकाश सोलंकी द्वारा शिलान्यास किया गया। इस दौरान पालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा, परबतसर विधायक रामनिवास गावड़िया, जनसेवक शिवप्रताप हरषाणा, सार्वजनिक निर्माण विभाग एईन चंद्र प्रकाश गुर्जर सहित कस्बे के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

शिलान्यास कार्यक्रम के बाद राजकीय बालिका विद्यालय प्रांगण में आयोजित सांस्कृतिक एवं महिला संगम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट एवं मंचासीन अतिथियों का माला पहना कर साफा बंधवा कर, पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए सचिन पायलट ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने क्षेत्र के विकास के लिए कोई कमी नहीं आने दी, उनके द्वारा लगातार क्षेत्र के विकास को लेकर कार्य किया जा रहा है। उसी क्रम में 4.5 करोड़ की लागत से कन्या महाविद्यालय के भवन का निर्माण कराया जा रहा है जो क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण एवं बालिका शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। शिक्षा के माध्यम से समाज का हर वर्ग सशक्त हो सकता है। उपस्थित छात्राओं और महिलाओं को महिला शिक्षा को बढ़ावा देने का आव्हान करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जो पैसे सरकारें लगाती है मैं इसे खर्चा नहीं मानता, इसे निवेश मानता हूं और यह निवेश हुआ है आप लोगों के भविष्य और आगे बढ़ने के अवसर मिलने के लिए। मुझे खुशी है विधायक होते हुए वेद प्रकाश सोलंकी ने अपना वादा निभाया और शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए। 4 साल से हर क्षेत्र में अपना योगदान दिया है कुछ घोषणाएं हुई थी जिनका क्रियान्वयन नहीं हुआ है उस पर हम पूरी ताकत के साथ काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है इस देश और प्रदेश में जो राजनीति हम करते हैं उसमें सबसे ज्यादा और अहम प्राथमिकता नौजवानों और बच्चे-बच्चियों को देनी चाहिए जिन लोगों को आगे बढ़ने के अवसर मिलने हैं उन पर ध्यान केंद्रित होना चाहिए। राजनीति में दो चीज जोश भी चाहिए होश भी चाहिए। इसलिए सबको साथ लेकर बेहतर राजस्थान का निर्माण हम लोग करें, नौजवानों को अवसर दें और मुझे बड़ी खुशी है चाकसू में राजस्थान में एक बड़ी संख्या में बच्चियों ने पढ़ने का संकल्प लिया है। मैं धन्यवाद देना चाहता हूं उनके माता पिताओं को जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में आप सब को आगे आने का मौका दिया है।

इस मौके पर विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने कहा कि चाकसू की धरा ने जो सहयोग और समर्थन दिया उसके लिए में सभी का धन्यवाद देता हूं और मैं यह भी नहीं भूल सकता आपके चेहरे पर मैं यहां विधायक बनकर बैठा हूं, इसको मैं जिंदगी भर नहीं भूल सकता। पालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा ने कहा कि हम सब पायलट साहब के साथ हैं और क्षेत्रीय विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने अपने बजट का 95 प्रतिशत शिक्षा पर खर्च किया है।

कार्यक्रम में गायक कलाकार अजय हुड्डा एवं महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान पूरा पांडाल सचिन पायलट आई लव यू आई लव यू, सचिन तुम संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं के नारों से गूंजता रहा। लोगों में पायलट को लेकर इतना क्रेज था कि आसपास के मकानों की छतों पर लोग सचिन पायलट के सुनने के लिए डटे रहे। इस दौरान भारी संख्या में भीड़ मौजूद थी।

इस मौके पर राजकीय कन्या महाविद्यालय प्राचार्य मानसिह मीणा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हनुमान सहाय मीणा, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक तंवर, नोडल प्रधानाचार्य रामलाल मीणा, महाविद्यालय मीडिया प्रभारी गोकुल चन्द मीना सहित क्षेत्र के कई पार्षद एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



## Global Belly Laugh Day

The discipline of science that studies laughter is called gelotology. While scientists can't be exactly sure about the history of laughter, laughter has presumably been around since the very first human beings were on the earth! Global Belly Laugh Day is a day for having a good, deep chuckle at anything at all! Whether it's reading from a joke of the day calendar or seeing something funny on the internet, getting in a good laugh each day is an excellent practice.




#TRIED&TASTED

# Easy-peasy Jelly

Looking for a sweet, delectable condiment to enhance your dishes? Then you need to make one of these incredible jelly recipes.

Perhaps the prettiest sight in the kitchen is homemade jelly. There is nothing like a row of jars full of translucently colourful jelly. Learn how to make jelly at home with this beginner's guide, including tips on water-bath canning for storage. Plus, see our basic jelly recipes-classic orange, strawberry and blueberry!

## Orange Jelly



**Ingredients**

- mandarins oranges
- lemons
- sugar
- liquid pectin
- butter

**Preparation**

1. Sterilize the jars, lids and rings.
2. Juice the mandarins and lemons.
3. Add juices, sugar and butter to a large pot and bring to a boil.
4. Boil hard for 1 minute, stirring constantly.
5. Add 1 package Liquid Certo, bring back to boil. Boil hard for 1 minute more.
6. Remove from heat and immediately ladle into sterlized jars.
7. Add the lid and screw on tightly.
8. Process in a boiling water canner for ten minutes to seal completely.
9. Makes 7 to 8 pint jars of jelly.

## Strawberry Jelly



**Ingredients**

- 4 cups strawberry Juice (From 4 pounds strawberries, see note)
- 1-2 tbsp lemon juice (optional)
- 1 Bpackage powdered fruit pectin (Sure Gel)
- 4 cups sugar

**Preparation**

1. Wash and hull the strawberries, and place them in a saucepan with a splash of water and lemon juice (if using). Mash with a potato masher and simmer over medium heat for about 10 minutes until they've released their juices.
2. Strain the strawberry pulp through a jelly bag or dampened cheesecloth for at least 2 hours, preferably longer for a better yield.
3. It takes roughly 4 pounds of strawberries to make the 4 cups of juice needed for this recipe. If you're a bit short for any reason, add water or fruit juice.
4. Bring the juice to a boil on the stovetop and add the powdered pectin. (Don't add the sugar yet.) Return the mixture to a boil, stirring frequently to distribute the pectin, and boil hard for about a minute.
5. Add the sugar, and return to a boil. (This is important, don't add the sugar until last or the strawberry jelly may not set.)
6. Boil hard for about 1 minute, and then pour into prepared canning jars leaving 1/4 inch headspace.
7. Store in the refrigerator, or process in a water bath canner for 10 minutes. Turn off the heat and allow the jars to stand in the canner for an additional 5 minutes before removing them to cool.
8. Check seals and store any unsealed jars in the refrigerator for immediate use.


## Blueberry Jelly

**Ingredients**

- Blueberries - 4 cups fresh or frozen
- Water - To cover top of blueberries
- Granulated sugar - 1 cup to every 1 cup of juice

**Preparation**

1. Wash BLUEBERRIES and remove any raw berries and leaves.
2. You will need a large boiler, pour blueberries in and top with water level with berries or one cute water to every two cups berries, mash berries first or after the berries start to boil.
3. Let boil on medium to high heat until blueberries are stewed and pulpy, then mash berries until they release all juice, turn heat to low and simmer for 10 to 15 minutes.
4. In a large bowl with strainer pour all blueberries and juice in to strainer let drain gently pushing juice through strainer.
5. Let blueberries drain to release all juice and pectin in bowl.
6. You will need a large saucepan, measure juice and add to pot, to every one cup of juice you will add one cup of granulated sugar.
7. Bring berry juice to a boil and boil rapidly until jelly sets when tested, takes around 20 minutes.
8. Bottle jelly, following proper sterilization processors.





# From 'JLF' to 'It can happen anywhere conference'



Shailaza Singh
*Published author, poet and a YouTuber*

Once upon a time, in the land of kings, came an yearly festival that was adored and revered by all. It was about books, stories, authors, food, heritage and much more. But then the great storm of time blew in the land and all that remained were the authors, books and blank white walls.

Abhi to mandir bana hai aur murat ki stapna hui hai. Pran pratishta abhi baaki hai'. (The temple has been built, the idol has been installed. But the life spirit is yet to come). These were the words spoken by Padmashree Pushpesh Pant, the well-known historian and a self- confessed foodie. The venue was the sixteenth edition of the Jaipur Literature Festival at the Clarks Amer Hotel in Jaipur.

Last year, was the first time that JLF had been forced out of its original home in Diggi Palace Hotel and that too in the heat of March where people sweated profusely while treading on the hot sands.

This year, the God of seasons has smiled and the balmy winter sun has embraced people with open arms in the grounds of Hotel Clarks Amer. But has it remained the festival that it once was?

### A Treasure Trove

There was something that happened to you as you entered Diggi Palace for the Literature Festival. The old world charm of the building and its surroundings transported you to an era of Shakespeare or Dickens or even Enid Blyton or the old Jaipur where you could expect some royal person to welcome you or perhaps even imagine the tales of the lore. The walls of that place served as a perfect backdrop to the stories that were being narrated because the Palace itself housed a treasure trove of stories, an integral part of the heritage of Rajasthan. If you were more adventurous, you could probably smell a mystery or intrigue brewing amidst those green grounds or those ornately decorated rooms. An interview with an author became an intimate affair peppered with stories as you sat listening to their anecdotes in one of the smaller anterooms or a tucked away corner.

> There was something that happened to you as you entered Diggi Palace for the Literature Festival. The old world charm of the building and its surroundings transported you to an era of Shakespeare or Dickens or even Enid Blyton or the old Jaipur where you could expect some royal person to welcome you.

If you were lucky enough, sometimes, as you shuffled through the jostling crowds you could bump into a Javed Akhtar or Gulzar or a Manisha Koirala or any such small or big celebrity. With some of the others, you could hope to say a 'hi' at lunch or dinner. That was the literature festival we had grown to like and love, where anyone regardless of their caste, creed or income could enter freely to listen to the written word. A festival where a common man could meet a celebrity sans the forever present bouncers and body guards and relive, retell and perhaps treasure that one experience of meeting their idol for the rest of their lives.

I won't be surprised if the person visiting the literature festival today would probably scoff at this narrative and even end up joking that perhaps I am undergoing a past life regression. Today's literature fest has donned a new avatar. It has shedded the skin, bones, the blood of the pichla janam and has now become a full blown sheher ka mela albeit with a heart of steel. There is music, there are performances, there is drama but all wrapped in plastic casings. You can see them but you cannot touch them, let alone experience them. Or maybe the entire festival is a buffet table set with ungarnished but seemingly good food.



> Most of them including Sudha Murthy, Shobha De professed their love for JLF in no uncertain words. They even said that this venue has more space and is much better than the old home of JLF. Perhaps they were right after all. The books were in the bookshop, the authors were on the dais, it was business as usual, what more could one ask for?

### Ignoring the Glares

Despite an entrance fee of 200 INR, the literati crowd has vanished and has now been replaced by selfie clicking fans. They aren't interested in books or authors. Instead, they are just looking for a good selfie time. While walking around the literature festival venue, I initially almost felt guilty for disrupting these selfie masterpieces which were almost at every nook and corner but then after encountering a dozen or more with a hastily muttered sorry, I stopped apologizing for walking through their selfies and just walked away ignoring their glares.

On the first day of JLF, a strange incident happened. After lunch, I decided to visit the washroom for obvious reasons. However I found there were almost ten people waiting for their turn in that bathroom. I went to a floor above and discovered more ladies waiting their turn in this bathroom too. Someone advised me to try the next floor but when I went there, the floor was seemingly under construction or renovation (could not ask anyone since there was no one around). Ultimately I reconciled to my fate and went back to the original washroom on the ground floor to wait for my turn. I had never faced this predicament in Diggi Palace for they always had a bevy of mobile bathrooms for those natural urges. Not that I am comparing or complaining. We should all learn to control our natural urges!

The crowds that thronged Gulzar's or Sudha Murthy's sessions were huge. Though it seemed as if her songs were adlibbed, people were still dancing to Usha Uthup's songs. Many queued to get their books signed by their idols and perhaps that was where the fun was. In some sessions, people were busy scrolling their phones while the speakers droned on. Or perhaps that's the new way of subconscious listening to enable better understanding.

### Business as Usual

I remember a dialogue from the movie 'Band Baja Barat'. In a scene where Anushka Sharma and Ranveer Singh are trying to find a caterer for their wedding, their friend advises them ' Shaadi mein sabse zyada logon ko kya pasand hai? Khana! Who saari sajawat bhool jayenge par khaana yaad karenge' (people will forget everything about the wedding but they will remember the food that was served). Though this literature festival isn't a wedding function per say, it is no less than one either. In the earlier days, one could expect to be introduced to new delicacies of the Rajasthani cuisine which made the literature festival an attraction for the lovers of food too. Today's reality is quite different. There were those customary versions of sev matar paneer or bajre ki rab which are perhaps as common place as a chola bhatura but it was no longer a food fest of the yesteryears. It was food, and food is for pure simple consumption, not for experiencing eclectic flavors. Veena, a home maker from Jaipur who visited the festival on Sunday said, 'The food is so ordinary. Namak bhi kam hai (the salt is also less). We could have had better food in a restaurant. To think, we paid about 13,000 rupees for an entire day's package. We did not even get to meet any celebrities during lunch. This is really a different festival. We weren't expecting it!'



But then, people from Delhi or Punjab or apna Jaipur did not visit the literature festival to eat food or experience that wee bit of Rajasthan. They had come to listen to authors like the Nobel laureate Abdul razak Gurnah or Shashi Tharoor or Deepti Naval or the plethora of other authors who had descended on the city. Most of them including Sudha Murthy, Shobha De professed their love for JLF in no uncertain words. They even said that this venue has more space and is much better than the old home of JLF. Perhaps they were right after all. The books were in the bookshop, the authors were on the dais, it was business as usual, what more could one ask for?

On my way to the different venues of the literature festivals, I saw this little board which said 'I love culture'. It was lying in a corner, dusty and forgotten.

writetoarbit@rashtradoot.com






#JLF DIARIES

# The Vibrant Festival

### Press vs. Privilege

**While** the press lounge at JLF served up a spread fit for a high school lunchroom, with offerings such as Fatafat Bhel and watery machine coffee, the speakers lounge is a veritable feast fit for royalty. One could find delicacies such as flavoured yoghurts, exotic fruits, croissants, cappuccinos, and doughnuts. But who are we to question the ways of the JLF overlords? After all, it's not like the media is responsible for making these speakers celebrities or anything."

### Priority: Bangles over Books


**The** schools of the city dragged their children to the JLF with the lofty idea that listening to these so-called "great" speakers will inspire them to take up writing or do other great things in life. But what do the kids care about? The shiny trinkets and silver jewellery on offer at the Festival Buzzar, of course! Who needs inspiration when you can have a new set of bangles? Looks like these kids have their priorities straight.

### Stuck in time warp

**Ah,** the age-old problem of being stuck in the past. The Jaipur Literature Festival (JLF) has been around for 16 glorious years and yet, here we are, still grappling with the concept of a "Mughal Tent." It's almost as if we're stuck in some sort of time warp, where the Mughals are still ruling India and the concept of cultural sensitivity is yet to be invented. Let's not be too hard on JLF, after all, it's not easy to keep up with the times and the ever-evolving landscape of political correctness.

### Warm words or warm embrace?

**Free** hugs at the Jaipur Literature Festival? Now that's a novel idea! On one of the days the entry to the front lawn had a boy and a girl holding a sign that simply said "Free Hugs." It's like a beacon of hope in a world that can often feel cold and lonely.



### Fashion over Fiction

**Is** it a literature festival or a fashion show? Sunday saw huge crowds at JLF, but let's be real, it was really just an excuse for everyone to break out their finest outfits and give the paparazzi a much-needed photo opportunity. Because who needs books when you have designer labels and Instagram likes?

### Beyond Mother-in Law

**It** seems that the world has forgotten that Sudha Murty is a renowned author, educator, and philanthropist and now only sees her as the mother-in-law of Rishi Sunak, the UK Prime Minister. It's as if her greatest achievement is no longer her literary works or charitable endeavours, but rather the fact that she's related to a political leader. Come on, folks, let's give this brilliant woman the credit she deserves for her own accomplishments and not just because of her relationship to someone else.

### Arty Literary Faces

**The** lit fest isn't just about promoting the arts, it's about promoting them on your face! This year, the face painting marquee is taking it upon themselves to add to the colour and vibrancy of the festival. Because even the most die-hard bookworm can't deny the allure of a good face paint session.

### Fashionable Footwear Fiasco

**The** walk from the parking lot to the JLF entry is like a journey through a desert, much to the dismay of the fashion-conscious literary enthusiasts who grace the festival in their fancy stilettos and high-heeled boots. But fear not, dear fashionistas, for the true test of style is not how well you can walk in heels, but how gracefully you can hobble in them.

#SKIN-CARE

# Wonder Worker

The fatty acids in sweet almond oil aid the skin's ability to retain moisture.



With the winter chill making everyone shiver and places like Delhi witnessing multiple cold waves, many people also experience skin issues, especially dryness. This is usually a result of dryness in the air, as well as bathing with hot water on a daily basis. As such, is there any remedy that can help take care of the skin in this weather? Yes, there is – and it works magic!

### The answer is- Almond Oil

Sweet almond oil can be used in various forms such as moisturiser, or an eye makeup remover, or to massage the body, hand, and head. The fatty acids in sweet almond oil aid the skin's ability to retain moisture, while its vitamin E content calms inflammation brought on by dryness. The oil's zinc concentration helps reduce rough, calloused skin. Hence, almond oil has also been used to treat eczema and psoriasis, two disorders characterised by dry skin.

### How to use it?

Just pour couple of drops in your bathing water.

### Other ways to use it


- Apply it on a slightly damp skin either after shower in the morning or at bedtime on the arms, legs, neck. If you have dry skin, you can even apply it on the face.
- You can massage it gently into the skin. It acts as a good nail and cuticle moisturiser. Just apply a few drops to the nail at bedtime.
- You could mix it with sugar or oats to use it as a scrub.
- You could also use it on chapped lips.

### Tips to get healthy skin

- A healthy sugar free diet, adequate sleep, exercise, coupled with a skin care routine and avoiding stress, alcohol, nicotine will result in good healthy skin.
- A must AM routine should be cleansing, moisturising and protecting the skin with a sunscreen. A PM routine should be cleansing, applying a serum and an under eye cream followed by a moisturiser.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# फैक्ट्री में गिरकर घायल हुए श्रमिक की इलाज के दौरान मौत

## परिजन शव लेकर फैक्ट्री पहुंचे और मुआवजे को लेकर प्रदर्शन किया

- 7 लाख रुपए की आर्थिक राशि देने पर सहमति बनने के बाद शव उठाया
- डेढ़ माह पहले हुए हादसे के दौरान घायल मजदूर की मौत हो गई थी



परिजनों ने शव के साथ फैक्ट्री पर मुआवजे को लेकर धरना दिया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र के रिको विस्तार स्थित एक सिंथेटिक्स फैक्ट्री में डेढ माह पहले गिरकर घायल हुए श्रमिक की सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो जाने पर परिजन शव लेकर फैक्ट्री पहुंचे और मुआवजे को लेकर कई घंटे तक प्रदर्शन किया। पुलिस की समझाइश के बाद 7 लाख रुपए की आर्थिक राशि देने पर सहमति बनने के बाद शव उठाया गया।

प्रतापनगर थाना प्रभारी राजेन्द्र गोदारा ने बताया कि डेढ माह पहले औद्योगिक क्षेत्र रिको स्थित सुख सागर सिंथेटिक्स में कार्यरत श्रमिक मनोज कुमार गिरने से घायल हो गया था। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। मनोज की पत्नी सुनिता देवी ने बताया कि इसके बाद फैक्ट्री का कोई भी व्यक्ति अस्पताल तक नहीं आया। कम्पनी से बात करनी चाही, लेकिन किसी ने कोई बात नहीं की। सोमवार को उपचार के दौरान मनोज की मृत्यु हो गई।

पत्नी का कहना है कि 17-18 सालों से वे इसी फैक्ट्री में काम कर रहे थे और 28 नवम्बर 2022 को रात्रि में 11 बजे गिरने से उनके सिर में चोट लगी। समाज के बबलू सिंह ने बताया कि श्रमिक मनोज की मौत के बाद परिजन और कुछ श्रमिक अर्थी को लेकर श्रमिक के शव को फैक्ट्री ले गये और वहां रखकर मुआवजे की मांग की। यह जानकारी मिलने पर प्रतापनगर थाने से पुलिस जाब्ता और प्रभारी राजेन्द्र गोदारा मौके पर पहुंचे। फैक्ट्री मालिक और मृतक के परिजनों के साथ करीब पांच घंटे चली समझाइश के बाद उनमें समझौता हो गया। फैक्ट्री मालिक द्वारा सात लाख रुपए मुआवजा और अन्य मिलने वाले लाभ देने पर समझौता हुआ। जिसके बाद ही वहां से शव उठाया गया।

# धोखाधड़ी से 15 लाख के भूखण्ड बेचने के मामले में दो पुलिसकर्मी सस्पेंड

## दोषी आरोपियों पर मुकदमा में और विभागीय कार्रवाई भी होगी

- देव नारायण शिक्षा समिति ने पुलिसकर्मियों पर थाने में दर्ज कराया था मुकदमा

**मांडलगढ़, (निसं)।** मांडलगढ़ कस्बे में दो पुलिसकर्मियों द्वारा 15 लाख रुपए में देव नारायण शिक्षा समिति को तीन भूखण्ड धोखाधड़ी से विक्रय करने का मामला मांडलगढ़ थाने में 6 माह पूर्व दर्ज हुआ था। इस मामले की शुरुआती जांच में दोनों पुलिसकर्मियों पर धोखाधड़ी करने का आरोप साबित हुआ। इस मामले को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने दोनों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया हैं और विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी हैं। वहीं मांडलगढ़ थाना पुलिस आरोपी पुलिसकर्मियों को अब जल्द गिरफ्तार करेगी।

मामले के अनुसार मांडलगढ़ देवनारायण शिक्षा समिति अध्यक्ष नंदलाल गुर्जर ने पुलिस उप अधीक्षक मांडलगढ़ को जुलाई 2022 में पेश की गई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि पदमपुरा निवासी रामचन्द्र गुर्जर ने गुर्जर छात्रावास के लिए भूखण्ड दिलाने के लिए भूखण्डधारी दोनों पुलिसकर्मियों से मिलवाया था। पुलिसकर्मी पांचूराम मीना पारोली थाना व सोजी लाल योगी काछोला थाना ने मांडलगढ़ कॉलेज के सामने स्थित तीन भूखण्डों को अपना बताकर 15 लाख रुपए में देव नारायण शिक्षा समिति को विक्रय करने का सौदा कर राशि प्राप्त कर ली तथा तीनों भूखण्डों का हस्तांतरण पंजीयन मांडलगढ़ तहसील कार्यालय में 23 फरवरी को करा दिया था। लेकिन पुलिसकर्मियों द्वारा बताए गए भूखण्ड चारागाह भूमि में थे। देव नारायण शिक्षा समिति द्वारा 7 जुलाई को छात्रावास शिलान्यास कार्यक्रम निर्धारित कर उक्त तीनों भूखण्डों पर कार्य शुरू किया। इस दौरान मांडलगढ़ तहसीलदार, गिरदावर व पटवारी में उक्त भूखण्डों पर नींव खुदाई कार्य को बन्द करा दिया। मौक़े पर पटवारी ने बताया कि उक्त तीनों भूखण्ड वाली भूमि आराजी संख्या 894 चारागाह में दर्ज हैं। यहाँ निर्माण नहीं किया जा सकता हैं।

इस मामले में देवनारायण शिक्षा समिति अध्यक्ष नंदलाल गुर्जर ने पुलिसकर्मी पांचूराम, सोजी राम से बात की तो दोनों पुलिसकर्मियों ने टालमटोल की और पुलिसिया रोब झाड़ने लगे। अध्यक्ष गुर्जर ने भूखण्डों के बदले ली गई 15 लाख राशि वापस मांगी तो मना कर दिया। मांडलगढ़ थाना पुलिस ने दोनों आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ मामला दर्ज कर जाँच शुरू की तो धोखाधड़ी का आरोप साबित पाया गया। इस दौरान आरोपी पुलिसकर्मियों ने जोधपुर हाईकोर्ट में जा कर एफआईआर को रद्द करने की याचिका पेश की। और मुकदमे में राहत पाने का प्रयास किया था। लेकिन हाईकोर्ट ने आरोपियों की याचिका खारिज कर दी।

उक्त मामले को लेकर भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक आदर्श सिद्धू ने पुलिसकर्मी पाँचू राम व सोजी नाथ को सस्पेंड करने के आदेश जारी किये। दोनों पुलिसकर्मियों पर विभागीय कार्रवाई के साथ मुकदमें में ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए है। मांडलगढ़ थानाधिकारी मनोज सिंह ने बताया कि उक्त मामले में आरोपी पुलिसकर्मियों पर धोखाधड़ी का मामला साबित हुआ है। जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# लूट की वारदात करने वालों को पुलिस ने दबोचा

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिले के पीलीबंगा में पेट्रोल पंप से लूट की वारदात को अंजाम देने वाले 6 लुटरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने दिल्ली नम्बर की नम्बर प्लेट का सहारा लेकर वारदात को अंजाम देने के बाद होटल पर गाड़ी की नम्बर प्लेट बदल ली। पुलिस ने सीसीटीवी और सूत्रों से पीछा करते हुए वारदात को अंजाम देने वाले सभी 6 लोगों को नवां के पास होटल से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने सभी आरोपियों के कब्जे से 3 देशी पिस्तौल, 19 जिंदा कारतूस और वारदात में प्रयुक्त गाड़ी को जब्त कर लिया है। कोर्ट ने सभी बदमाशों को 4 दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा है।

पीलीबंगा थाना प्रभारी विजय कुमार मीणा ने बताया कि शनिवार को नवीन कुमार (21) पुत्र गौरीशंकर ने पेट्रोल पम्प मालिक मनीष गोयल के साथ आकर थाने में रिपोर्ट दी कि वो करीब 3 साल से पीलीबंगा के चक 15 पीबीएन रोही मण्डी पीलीबंगा स्थित गोयल पेट्रो एस्सार पेट्रोल पम्प पर काम करता है। नवीन ने पुलिस को बताया कि 20 जनवरी को रात करीब 9 बजकर 50 मिनट पर पेट्रोल पम्प पर एक गाड़ी आई, जिसमें 6 लोग सवार थे। और गाड़ी में 500 रुपए का डीजल डलवाया। ड्राइवर से डीजल के रुपए मांगने पर उसने कहा कि बाथरूम गए लोग ही उसे रुपए देंगे। इसके बाद वह ऑफिस में गया, जहां 3 बदमाश उसके पीछे ऑफिस में घुसे और ऑफिस में सो रहे पम्प के चौकीदार भंवर सिंह पर पिस्तौल तान दी और मोबाइल, रुपए और लॉकर की चाबियां देने की बात करने लगे। जिसके बाद बदमाश काउंटर में रखे करीब 15 हजार रुपए और मोबाइल लेकर फरार हो गए। पीलीबंगा के पास लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी नवां के पास खाना खाने के लिए होटल पर रुके थे। इसी दौरान पुलिस ने पीछा करते हुए होटल पर मौजूद सभी 6 लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया।


# प्रतिमा स्थल को होर्डिंग से ढका

**चूरू, (कासं)।** नगर परिषद क्षेत्र चूरू में चंदनमल बहड़ सर्किल पर स्थित चंदनमल बहड़ के प्रतिमा स्थल को होर्डिंग से ढककर कांग्रेस नेता रफीक मंडेलिया ने शहर को शर्मसार ही कर दिया है। रफीक मंडेलिया द्वारा चंदनमल बहड़ की प्रतिमा को होर्डिंग से ढके जाने की चारों ओर निंदा हो रही है। अब तो मंडेलिया का जन्म दिन भी मना लिया गया है। उसके बाद भी चंदनमल बहड़ की प्रतिमा को कांग्रेस नेता रफीक मंडेलिया के होर्डिंग से मुक्ति नहीं मिली है।

लोगों ने कहा कि अन्याय के खिलाफ लड़ने वाले महापुरुष की प्रतिमा को अपनी फोटो लगे होर्डिंग और बैनर से छुपाकर तो मंडेलिया कभी भी चुनाव नहीं जीत सकेंगे। शहर में और भी बहुत जगह है, कहीं भी बैनर या होर्डिंग लगवा लेते, लेकिन नहीं उन्हें तो बहड़ से ऊंचा होना था। लोगों ने कहा कि 24 घंटे के अंदर चंदनमल बहड़ की प्रतिमा को कांठोस नेता रफीक मंडेलिया ने अपने होर्डिंग से मुक्त नहीं किया तो मजबूर उनके खिलाफ आंदोलन किया जायेगा।

# दुर्घटना के बाद रेत माफिया ने ट्रक चालक का अपहरण किया

## अपहरण की सूचना पर पुलिस ने सक्रियता दिखा ट्रक और ड्राइवर को छुड़ाया



हादसे के बाद पुलिस वाहनों को जब्त कर थाने ले गई।

- पुलिस ने 4 संदिग्धों को भी हिरासत में लिया, जिनसे पूछताछ की जा रही है
- तीन ट्रक व अवैध रेता के टैक्टर ट्रॉली में हुआ था एक्सीडेंट

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर शहर में सोमवार सुबह सदर थाना क्षेत्र में पचगांव चौकी के पास कोहरे के कारण 4 वाहनों में भिड़ंत हो गई। जिसमें 3 ट्रक और एक बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली शामिल हैं। हादसे में ट्रैक्कर-ट्रॉली के 3 टुकड़े हो गए। इस पर बजरी माफिया ने एक कंपनी के ट्रक को रुकवा लिया। जब उसी कंपनी का दूसरा ट्रक आया तो बजरी माफिया ट्रक ड्राइवर का अपहरण कर ले गए। ट्रक ड्राइवर का अपहरण कर ले जाने की सूचना पर पुलिस ने तुरंत सक्रियता दिखाई और मोरोली मोड़ से ट्रक और ड्राइवर को छुड़ा लिया। इस दौरान पुलिस ने 4 आरोपियों को भी हिरासत में लिया है। वहीं पुलिस ने मौके से एक कार को भी जब्त किया है।

पीड़ित ट्रक ड्राइवर रज्जाक (20) पुत्र रतन निवासी ब्यावर अजमेर ने बताया कि रूपसपुर गांव के पास उनकी कंपनी के एक ट्रक का एक्सीडेंट हो गया था। अवैध चंबल बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से एक्सीडेंट होने के बाद बजरी माफिया ने ट्रक को रोक लिया। एक्सीडेंट में ट्रैक्टर के 3 टुकड़े हो जाने पर बजरी माफिया ड्राइवर से मुआवजे की मांग करने लगे। जब वह ट्रक लेकर मौके पर पहुंचा तो बजरी माफिया उसको और ट्रक को लेकर मोरोली की तरफ चले गए, जहां एक पेट्रोल पंप पर ट्रक को खड़ा किया और ट्रक के कागज अपने साथ ले गए, जबकि ट्रक के पास एक स्विफ्ट कार में 3-4 लोगों को उसकी देखरेख के लिए खड़ा कर गए। पुलिस ने बताया कि ट्रक ड्राइवर ने 100 नंबर पर सूचना दी तो पुलिस ने सजगता दिखाई और नाकाबंदी की। इस दौरान ट्रैक्टर के एक टुकड़े को हाइड्रा की मदद से ले जाते हुए जब्त कर लिया। इसके बाद अपहरण किए ट्रक और ड्राइवर की तलाश में अलग-अलग थानों की टीम के साथ दबिश दी, जहां मोरोली मोड़ से ट्रक और ड्राइवर को छुड़ा लिया। पुलिस ने 4 संदिग्धों को भी हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

# जेईई-मेन 2023-कुछ विद्यार्थियों के परीक्षा से एक दिन पूर्व भी जारी नहीं हुए एडमिट कार्ड

**कोटा, (निसं)।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन 2023 मंगलवार, 24 जनवरी से शुरू होने जा रही है। इसके लिए विद्यार्थी भी तैयार हैं और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की भी तैयारियां पूरी हो गई है। हालांकि कई विद्यार्थी ऐसे हैं जो परीक्षा को लेकर बहुत परेशान हो गए हैं, क्योंकि परीक्षा के एक दिन पहले तक उन्हें अपने परीक्षा केन्द्र की उचित जानकारी नहीं मिल पाई है।

परीक्षा 24 जनवरी से 1 फरवरी तक होगी। 28 जनवरी को बीआर्क की परीक्षा होगी। देश के 290 और विदेश में 18 शहरों में यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा के लिए 9.15 लाख विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। राजस्थान में 17 शहरों में परीक्षा होगी, जिसमें अजमेर, अलवर, बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बीकानेर, चित्तौड़, दौसा, हनुमानगढ़ , जयपुर, झुंझुनूं, जोधपुर, कोटा, सीकर, सिरोही, श्रीगंगानगर व उदयपुर में परीक्षा केन्द्र होंगे। पहले दिन कोटा शहर में बिट्स एण्ड बाइट, वाइबल एजुकेशन और डिजिटल डेस्क में परीक्षा होगी। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि परीक्षा के एक दिन पूर्व तक एडमिट कार्ड नहीं आने की स्थिति में कई विद्यार्थी परेशान हो गए हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि उन्हें फाइनल एडमिट कार्ड जारी नहीं हुआ है। पूर्व में जब परीक्षा शहर जारी किए गए तो उसमें चारों विकल्पों में भरे गए परीक्षा शहर नहीं थे, ऐसे में एनटीए को ई-मेल कर जानकारी दी। इसके बाद अभी तक एडमिट कार्ड जारी नहीं हुए हैं। इस संबंध में एनटीए ने विद्यार्थियों को ई-मेल के जरिए जानकारी दी है, जिसमें बताया कि विद्यार्थियों द्वारा भरे गए विकल्पों में से किसी एक शहर में परीक्षा देने का मौका दिया जाएगा।

कुछ विद्यार्थियों को जिनकी बोर्ड परीक्षाएं एवं प्रेक्टिकल एग्जाम जेईई-मेन परीक्षा से टकरा रहे थे, उनको नई परीक्षा तिथि के संबंध में ई-मेल द्वारा सूचित किया गया है। परन्तु ऐसे विद्यार्थी जिनको उनकी भरे हुए परीक्षा शहरों में से ही परीक्षा देने के लिए पूर्व में जानकारी दी गई है, इनमें से भी कई विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र जारी नहीं हुए हैं, उन्हें जल्द जानकारी देने के लिए कहा गया है।

# बदमाशों ने कारों के कांच तोड़े

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र की पटेल नगर विस्तार में बीती रात को बाइक सवार कुछ बदमाशों ने आधा दर्जन कारों के शीशे तोड़ दिये। तीन कारों के मालिक फरियाद लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने सीसीटीवी और अन्य माध्यमों से बदमाशों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास तेज किए। प्रतापनगर थाना प्रभारी राजेन्द्र गोदारा ने बताया कि बीती रात को दो दिन बाइकों पर कुछ बदमाश पटेल नगर विस्तार पहुंचे और वहां कारों के शीशे तोड़ डाले। पटेल नगर विस्तार में रहने वाले शंकर, भूपेन्द्र, अर्जुन कुमार, कन्हैयालाल और शांतिलाल और यशवीर की कारों के शीशे तोड़े गये हैं।

# सरकारी नौकरी के लिए बेटी को नहर में फेंका

**बीकानेर, (निसं)।** पांच महीने की बच्ची नहर में फेंकने के मामले में चौंकाने वाली बात सामने आई है। बच्चों को उसके पिता ने ही इंदिरा गांधी नहर में फेंका था। हैरान करने वाली बात ये है कि संविदा पर मिली सरकारी नौकरी में परेशानी से बचने के लिए पिता ने बेटी अंशिका उर्फ अंशु (पांच माह) को मार दिया। दरअसल आरोपी के पहले से दो बच्चे हैं। तीसरी संतान रिश्तेदार को गोद दे रखी है। चौथी मासूम बच्ची हुई थी। पुलिस पूरे मामले में खुलासा करेगी।

सूत्रों के अनुसार, रविवार को कोलायत के दियातरा गांव में रहने वाले झंवरलाल और उसकी पत्नी गीता देवी दोनों मोटर साइकिल पर इंदिरा गांधी नहर की पुलिया पर आए। फिर बच्ची को नहर में फेंक दिया। फिलहाल पुलिस ने दोनों पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक योगेश यादव स्वयं मौके पर पहुंचे। पुलिस को जांच में पता चला कि रविवार शाम झंवरलाल पत्नी के साथ साले के यहां आया था। रास्ते में जाते वक्त इनके पास दो बच्चे थे। इसमें एक बेटा और एक बेटी थी। बेटी अंशिका उर्फ अंशु को रास्ते में नहर में फेंक दिया। शाम 5 बजे हुई घटना की जानकारी मिलने के साथ ही छत्तरगढ़ व खाजूवाला एरिया में नाकेबंदी कर दी गई। जहां खाजूवाला के ट्रेनी सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार ने एक बाइक को रोका। इस पर पुरुष, महिला और एक बच्चा था। तीनों को रोककर पूछताछ करने पर उन्होंने साले के यहां आना बताया। शक होने पर मुकेश कुमार ने इन तीनों की फोटो खींच ली। बाइक का भी फोटो लिया। झंवरलाल का आधार कार्ड का फोटो भी मोबाइल में लिया। इसके बाद जाने दिया।

# अजमेर विद्युत वितरण निगम ने 3 दिन में 12.96 करोड़ वसूले

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर विद्युत वितरण निगम ने राजस्व वसूली में शानदार उपलब्धि हासिल की है। अजमेर डिस्कॉम द्वारा चलाये जा रहे राजस्व वसूली अभियान के तहत महज 3 दिन में 12.96 करोड़ रुपयों की वसूली की है। अजमेर विद्युत वितरण निगम पहली बार जनवरी माह में ही शत-प्रतिशत राजस्व वसूली के बेहद करीब पहुंच गया है। निगम का इस वित्तीय वर्ष में 102 प्रतिशत राजस्व वसूली का लक्ष्य है।

प्रबंध निदेशक एनएस निर्वाण के नेतृत्व में निगम जनवरी माह में 20 से 31 जनवरी के मध्य अजमेर डिस्कॉम ने राजस्व वसूली अभियान 3.0 चला रहा है। राजस्व वसूली अभियान के तहत निगम की टीम ने 9907 उपभोक्तओं से 12.96 करोड़ रुपयों से अधिक की राजस्व वसूली की है। इस दौरान 3868 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए है। प्रबंध निदेशक निर्वाण ने बताया कि डिस्कॉम ने अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूली के लिए इस अभियान के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लक्ष्य तय किए गए थे। इस पूरे अभियान की निगरानी खुद प्रबन्ध निदेशक ने की। डिस्कॉम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत कर महज 3 दिन में 12.96 करोड़ रुपयों की राजस्व वसूली की है।

निर्वाण ने बताया कि राजस्व वसूली अभियान 3.0 के दौरान अभी तक अजमेर सिटी सर्किल से 30.10 लाख, अजमेर जिला वृत्त से 1.12 करोड़ रुपये, भीलवाड़ा वृत्त से 1.56 करोड़ रुपये, नागौर वृत्त से 1.91 करोड़ रुपये, सीकर वृत्त से 98.95 लाख रूपये, झुंझुनूं वृत्त से 1.86 करोड़ रुपये, उदयपुर वृत्त से 1.75 करोड़ रुपये, राजसमंद वृत्त से 1.61 करोड़ रुपये, बांसवाड़ा वृत्त से 43 लाख रुपये, चित्तौड़गढ़ वृत्त से 96.35 लाख रुपये, डूंगरपुर वृत्त से 26.34 लाख रुपये, प्रतापगढ़ वृत्त से 21.48 लाख रुपयों के राजस्व की वसूली की है।

निर्वाण ने बताया कि अजमेर डिस्कॉम ने चालू वित्तीय वर्ष में दिसम्बर माह तक 99.34 प्रतिशत रिकॉर्ड राजस्व की वसूली की है। निगम का इस वित्तीय वर्ष 102 प्रतिशत राजस्व वसूली का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि डिस्कॉम के अधिकारी एवं कर्मचारी इसी तरह कड़ी मेहनत करते रहेंगे और इस लक्ष्य को आसानी से पा लेंगे। निर्वाण ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि अजमेर डिस्कॉम आप सभी उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। सभी उपभोक्ताओं से अपील है कि समय पर बिजली का बिल जमा कराए, जिससे डिस्कॉम की वित्तीय स्थिति में और अधिक सुधार हो सके।

# शराब चोरी करने के दो आरोपी पकड़े

**भरतपुर, (निसं)।** कस्बा नगर में शराब की दुकान में हुई करीब 7 लाख की अंग्रेजी शराब की चोरी के मामले में थाना नगर पुलिस ने चोरी की वारदात का 24 घंटे में खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गौरतलब है कि प्रशान्त चौधरी पुत्र निर्भय सिंह जाट निवासी पालतू थाना नगर ने अपने गांव थून स्थित सरकारी शराब का ठेका पर रविवार की अर्धरात्रि को सेल्समैन सूखा राम को बंधक बनाकर अंग्रेजी शराब की 87 पेटियां, एक मोबाईल तथा दुकान के गल्ले से करीब 15000 नगद चोरी कर ले जाने का मामला दर्ज कराया था।

मामले के खुलासे के लिए थानाधिकारी हरलाल सिंह व डीएसटी टीम के सहायक उपनिरीक्षक सुल्तान सिह की गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज देख कर संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर राजेन्द्र उर्फ राजकुमार पुत्र गंगाराम उर्फ गंगों जाट उम्र 39 साल निवासी थून थाना नगर व मनोज कुमार पुत्र रमेश चन्द जाट उम्र 23 साल निवासी खीपकापुरा थाना सुरौठ जिला करौली को डिटेन कर छानबीन की दोनों आरोपियों द्वारा अपने साथियों की मदद से चोरी की उक्त घटना कारित करना स्वीकार किया जिस पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपियों से चोरी की गई शराब व अन्य सामान की बरामदगी तथा घटना में शामिल अन्य साथियों के बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है।

# जे.एल.एन. अस्पताल में चिकित्सकों ने जटिल ऑपरेशन कर महिला के सिर से निकाली गांठ

## डॉक्टर्स ने बोन सीमेंट की मदद से फिर से सिर की नई हड्डी का पुनर्निर्माण किया



जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय में महिला मरीज के साथ डॉक्टरों की टीम।

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू (जेएलएन) अस्पताल को लेकर लोगों में भ्रम था कि यहां जटिल ऑपरेशन नहीं हो पाते है। वहीं यहां के न्यूरो सर्जन विभाग के चिकित्सक टीम ने इस भ्रम को दूर करते हुये सुपर स्पेशलिस्ट सेवाओं के तहत एक महिला के सिर का जटिल ऑपरेशन कर गांठ निकालकर महिला को राहत पहुंचाई तथा एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

महिला का यह जटिल ऑपरेशन करीब चार घंटे तक चला। इस ऑपरेशन में न्यूरो सर्जन विभागाध्यक्ष डॉ. सुशील आचार्य, सहायक आचार्य डॉ. गोगराज गढवाल सहित ऑपरेशन के लिये एनेस्थीसिया के डॉ अरविंद खरे सहित उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा। जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ वी.बी. सिंह, न्यूरो सर्जन विभागाध्यक्ष डॉ सुशील आचार्य ने बताया कि मरीज कमला देवी (परिवर्तित नाम) 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला ब्यावर निवासी सिर दर्द व उल्टी से परेशान थी, उसके सिर में आगे की तरफ गांठ हुई जो कि एक साल में बहुत काफी बड़ी हो गई। इस मरीज को चक्कर आने लगे तथा बहकी-बहकी बातें करने लगी। मरीज ने ब्यावर और अजमेर में कई डॉक्टरों दिखाया लेकिन उसको समस्या से आराम नहीं मिला। जब उसके हाथ पांव में कमजोरी आने लगी तो उसने 31 दिसबंर को न्यूरो सर्जरी में डॉ. सुशील आचार्य को आउटडोर में दिखाया।

डॉ. आचार्य ने उसका नि:शुल्क एमआरआई करवाया, उसमें एटीपिकल ओस्टियोलिटिक मेनिंगीयोमा टयूमर निकला। ट्यूमर ने ब्रेन के साइनस को ब्लाक कर रखा था तथा इस मामले में डॉ सुशील आचार्य ने परिजन को तुरंत ऑपरेशन कराने की सलाह दी। मरीज का शुगर भी बढ़ा हुआ था, जिसको डॉ मनीराम ने नार्मल किया तथा डॉ शिवकुमार बुनकर ने मेलिग्नेंसी मेटास्टेसिस के लिये उसे सर्जिकल क्लीयरेंस दी। महिला के ऑपरेशन चिरंजीवी योजना के तहत नि:शुल्क किया गया। ऑपरेशन के दौरान डॉ. वीणा पाटौदी, डॉ. वीणा माथुर, डॉ. अरविंद खरे एवं डॉ. कुलदीप ने मरीज को बेहोश किया तथा न्यूरो सर्जरी विभाग के डॉ आचार्य एवं डॉ गोगराज गढ वाल ने मरीज के सिर की हड्डी काटकर क्रनियेक्टोमी की। ट्यूमर को बल्क में पूरा निकाला क्योंकि ट्यूमर सिर की हड्डी से बाहर निकला था ओर ब्रेन में फंसा हुआ था। इसका साईज 10 गुणा 10.5 सेंटीमीटर था।

ट्यूमर निकालने के बाद डॉ. आचार्य ने बोन सीमेंट की मदद से फिर से सिर की नई हड्डी का पुननिर्माण किया गया। मरीज को ऑपरेशन से पहले होने वाली समस्याओं से आराम मिला है। ऑपरेशन के दौरान रेजिडेंट चिकित्सक प्रेरक, डॉ कपिल, डॉ. दक्षिना, नर्सिंग स्टाफ राम सिंह, वदंना ओर सहायक कर्मचारी साजन का सहयोग रहा है तथा मरीज ऑपरेशन के बाद स्वस्थ है ओर भोजन पानी ले रही है। उसको शीघ्र ही डिस्चार्ज कर दिया जायेगा। पत्रकार वार्ता में अस्पताल अधीक्षक डॉ नीरज गुप्ता, डॉ अनिल सामरिया व न्यूरो सर्जन विभाग के सहायक आचार्य डॉ. गोगराज गढवाल सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

# कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का लिया संकल्प

## भाजपा कार्यसमिति की बैठक में लिया संकल्प

- **पेपर लीक प्रकरण में पूरी सरकार लिप्त : कैलाश चौधरी**
- **राजस्थान में नवंबर से पहले कभी भी हो सकते हैं विधानसभा चुनाव : वासुदेव देवनानी**

**जयपुर।** भाजपा विधानसभा चुनावों में जुट गई है। आगामी चुनाव की रणनीति को लेकर सोमवार को प्रदेश भाजपा की कार्यसमिति की बैठक हुई। बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया गया और प्रदेश की कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया।


केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि कार्यसमिति कि बैठक में प्रदेश में जंगलराज को लेकर चिंता व्यक्त की गई है। राजस्थान अपराध और तुष्टीकरण की राजनीति में एक नंबर पर आ गया है। कांग्रेस ने राजस्थान को दंगों वाला प्रदेश बनाकर रख दिया। भूमाफिया और बजरी माफिया सरकार चला रहे हैं। प्रदेश में गैंगवार की घटनाएं प्रतिदिन देखने को मिलती है। कैलाश चौधरी ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं ने आपसी लड़ाई में जनता को भगवान भरोसे छोड़ दिया। इनकी आपसी लड़ाई के चलते राजस्थान की जनता परेशान है। कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने और मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाने का संकल्प लिया गया है।

पेपर लीक प्रकरण को लेकर केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने सरकार पर जमकर हमला बोला। चौधरी ने कहा कि पिछले 4 साल में हमें 16 पेपर लीक हुए हैं। सरकार के मंत्री विधायक और आला अधिकारी इस पेपर लीक प्रकरण में लिप्त है इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से होनी चाहिए। वहीं चौधरी ने कहा कांग्रेस सरकार लाखों गायों को मारने की गुनहगार है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हर मुद्दे को केंद्र सरकार पर थोपने की कोशिश करते हैं। एंटीवायरस को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के नाम पर यह सरकार 4 महीने तक बैठी रही और टीकाकरण का काम नहीं किया जिसके चलते लाखों गाय मारी गई।

वासुदेव देवनानी ने कहा कि राजनीति संभावना का खेल है और राजस्थान में नवंबर से पहले कभी भी विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। राजस्थान कांग्रेस में चल रही आपसी गुटबाजी और बयानबाजी को इंगित करते हुए यह बयान दिया। देवनानी ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने तुष्टिकरण की सारी हदें पार की है। हिंदू त्योहारों पर बिजली काटी गई और रमजान और मुहर्रम पर बिजली नहीं काटने का आदेश जारी किया गया। कांग्रेस सरकार जनता को भ्रमित करने के लिए सिर्फ लोक लुभावनी घोषणा करती है।

# संविधान और लोकतंत्र हमारी आस्था और विश्वास के सबसे बड़े केन्द्र होने चाहिए : कलराज मिश्र

**जयपुर** (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने आज पंद्रहवी विधानसभा के अष्ठम सत्र में अभिभाषण दिया और इसमें कहा कि राजस्थान को विकसित राज्य बनाने की जो परिकल्पना हमारी सरकार और प्रदेशवासियों ने संजोई है उसे साकार होते देखना हम सबके लिए एक ऐतिहासिक अवसर है और अब प्रदेश मॉडल स्टेट के रुप में उभर रहा है।



राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन अभिभाषण दिया।

उन्होंने कहा इस अवसर पर मैं सदन के सदस्यों से और उनके माध्यम से राज्य की जनता से आग्रह करना चाहता हूं कि, संविधान और लोकतंत्र हमारी आस्था और विश्वास के सबसे बड़े केन्द्र होने चाहिए। मैं अपना यह विश्वास आप सबमें और देश प्रदेश की जनता में बांटना चाहता हूं कि संविधान, लोकतंत्र और चुनी हुई सरकार में हमारी सभी समस्याओं का समाधान निहित है। हमारी सरकार ने संविधान के प्रति निष्ठा एवं जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राजस्थान के राजभवन में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 'संविधान पार्क' का निर्माण करवाया है। यह देश का पहला संविधान पार्क है। इसमें संविधान की प्रस्तावना, मूल अधिकार, कर्तव्य एवं नीति-निदेशकों तत्वों सहित अन्य प्रमुख अनुच्छेदों को रचनात्मक ढंग से दर्शाया गया है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान के इस सदन की इमारत ही भव्य नहीं है, यहां के सदस्यों ने जो परम्पराएं और लोकतांत्रिक मूल्यों की नज़ीर पेश की है, वह भी गौरवान्वित करने वाली है। इस सदन ने आम आदमी के अधिकारों की रक्षा और उनके जीवन को खुशहाल बनाने के लिए सर्वसम्मति से जो फैसले लिए हैं, वे राजस्थान का कायाकल्प कर रहे हैं।

मिश्र ने अभिभाषण पढ़ते हुए कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि हमारी सरकार ने इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से कदम उठाए हैं और संदेवनशील , पारदर्शी एवं जवाबदेह सुशासन के मूलमंत्र को धरातल पर उतारा है। इस पवित्र सदन में बैठकर सदस्यों द्वारा प्रदेश के हित में सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ किए गए गहन चिंतन और मंथन से प्रदेश की प्रगित, समृद्धि, खुशहाली और चहुंमुखी विकास सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने कहा कि बेहद खुशी की बात है कि भौगोलिक विषमताओं, आर्थिक चुनौतियों, सीमित संसाधानो और कोविड की गंभीर परिस्थितियों सहित तमाम प्रतिकुलताओं का सामना करते हुए हमारी सरकार ने कटिबद्धता से विकास परियोजना को मूर्तरुप दिया है।

उन्होंने कहा कि सदन को यह अवगत कराते हुए हर्ष है कि राजस्थान ने वर्ष 2021-22 में 11.04 प्रतिशत की आर्थिक विकासदर हासिल कर कीर्तिमान स्थापित किया है।

# राज्यपाल के अभिभाषण पर सदन में आज से शुरू होगी बहस

- **पेपर लीक के मुद्दे पर सदन में गहलोत सरकार को घेरेगी बीजेपी**
- **संयम लोढ़ा ने उपनेता प्रतिपक्ष के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव सदन में रखने की मंजूरी मांगी; स्पीकर इस प्रकरण में जो भी फैसला लें, हंगामा होना तय है**

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर ।** विधानसभा की कार्य सलाहकार समिति (बी.ए.सी.) ने 2 फरवरी तक के लिए सदन का कामकाज तय कर दिया है। सूत्रों की मानें तो 24 जनवरी को सदन में अभिभाषण पर बहस शुरू होगी। 25 से 29 जनवरी तक सदन की छुट्टी रहेगी। इसके बाद 30 व 31 जनवरी को पुन: अभिभाषण पर बहस होगी। तत्पश्चात 1 फरवरी को सदन की छुट्टी रहेगी।

दो फरवरी को दिन भर अभिभाषण पर बहस के बाद शाम 5 बजे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जवाब देंगे। इसी दिन पुन: बी.ए.सी. की बैठक होगी, जिसमें बजट की तारीख तय होगी। गत दिनों मुख्यमंत्री ने 8 फरवरी को बजट पेश करने की घोषणा की थी, लेकिन इस पर बी.ए.सी. की मुहर लगना अभी बाकी है।

सूत्रों की मानें तो विधानसभा के बजट सत्र में पेपर लीक के मुद्दे पर बीजेपी सरकार को पुरजोर तरीके से घेरेगी। इसके लिए खास तौर पर रणनीति बनाई गई है। बीजेपी इस मुद्दे पर सदन में बहस करवाने की मांग रखेगी। पिछले बजट सत्र में पेपर लीक और नकल के मुद्दे पर भारी हंगामा हुआ था, कई दिन कार्यवाही बाधित रही थी। बाद में सरकार ने जवाब दिया था। ऐसे में माना जा रहा है कि इस बार भी पेपर लीक पर सरकार का सदन में जवाब आ सकता है।

सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री के सलाहकार संयम लोढ़ा ने उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश किया है। लोढ़ा ने विधायकों के इस्तीफों का मामला स्पीकर के पास पैंडिंग होने के बावजूद कोर्ट में याचिका दायर करने को विशेषाधिकार हनन बताते हुए प्रस्ताव पेश किया है।

संयम लोढ़ा ने इस विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव को मंगलवार को सदन में रखने की मंजूरी मांगी है। अब स्पीकर इस पर फैसला करेंगे। हालांकि इस मुद्दे पर जो भी फैसला होगा, उस पर हंगामा होना तय माना है।

## 'वरिष्ठता का नोशनल लाभ मिले'

**जयपुर,** (का.प्र.)। हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा राज्य के विभिन्न कर्मचारी संगठनों से बजट पूर्व संवाद-सुझाव और कर्मचारी संगठनों की मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देशन में शासन सचिवालय में मीटिंग आयोजित की गई। इस मीटिंग में रीट भर्ती 2016 विज्ञान गणित चयनित शिक्षक संघ द्वारा नोशनल लाभ (वरिष्ठता का लाभ) दिए जाने हेतु मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा।

रीट भर्ती 2016 विज्ञान गणित के 927 पदों में से केवल 50 पदों पर जोइनिंग 2018 में हुई थी बाकी तत्कालीन सरकार द्वारा पदों की नियुक्ति पर रोक लगा दी थी। वर्तमान सरकार द्वारा युवा हितों मे कोर्ट से एसएलपी वापस लेते हुए शेष 874 पदों पर नियुक्ति आदेश जारी किए थे और इन 874 पदों पर नियुक्ति अक्टूबर-नवंबर 2021 में हुई थी। इस प्रकार यह 874 अभ्यर्थी अपनी ही भर्ती में वरिष्ठता में पिछड़ रहे हैं। डॉ.दीपेंद्र शर्मा ने बताया कि राजस्थान सरकार के द्वारा सदैव युवा हितों में फैसले लिए जा रहे हैं।

# कार्यालय नगर पालिका लालसोट (दौसा)

**Email ID-lalsot.jaipur@yahoo.com** **Ph.-01431-260714**

क्रमांक-न.पा.ला./कृ.भू.रू./2023/7460 दिनांक-23.01.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है नगर पालिका में निम्न आवेदकों द्वारा कृषि भूमि में पट्टा पत्रावली प्रस्तुत की है यदि उक्त आवेदन पर किसी आम व खास को कोई उज्र/आपत्ति हो तो पालिका में सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें बाद मियाद गुजरने पर किसी भी उज्र/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम व पता | खसरा नं. कस्बा व कॉलोनी नाम | वर्गगज | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कमलेश कुमार पुत्र शंकर लाल गुप्ता लालसोट | 504 जोशी कॉलोनी लालसोट | 168.11 | आवासीय |
| 2 | फोरन्ती देवी पत्नी सत्यनारायण सैनी लालसोट | उपरोक्त | 106.66 | आवासीय |
| 3 | विनोद कुमार पुत्र राधा किशन माहेश्वरी लालसोट | उपरोक्त | 118.62 | आवासीय |
| 4 | राधारमण शर्मा पुत्र शंकरलाल शर्मा लालसोट | उपरोक्त | 181 | आवासीय |
| 5 | रामबिलास सैनी पुत्र सुखजी राम सैनी लालसोट | 3141 जमात कॉलोनी लालसोट | 177.77 | आवासीय |
| 6 | मोहन लाल पुत्र रेवडमल योगी लालसोट | 135/3 रामनगर कोथून रोड लालसोट | 103.1 | आवासीय |
| 7 | प्रेम राज मीणा पुत्र धन्ना लाल मीणा सुंदरपुर | 2490,2491,2492,2493, श्रीराम वाटिका लालसोट | 138.88 | आवासीय |
| 8 | मुरारी लाल सोनी पुत्र रामेश्वर प्रसाद सोनी लालसोट | 653, 654 नेहरू कॉलोनी लालसोट | 144 | आवासीय |
| 9 | मुरारी लाल सोनी पुत्र रामेश्वर प्रसाद सोनी लालसोट | उपरोक्त | 182.56 | आवासीय |
| 10 | माया देवी पत्नी दिनेश कुमार शर्मा लालसोट | 996/1 नेहरू कॉलोनी लालसोट | 113.77 | आवासीय |
| 11 | प्रियंका शर्मा पत्नी नवीन कुमार शर्मा सुकार | 327 = यू कॉलोनी लालसोट | 145.83 | आवासीय |
| 12 | संगीता शर्मा पत्नी विनोद कुमार शर्मा सुकार | उपरोक्त | 145.83 | आवासीय |
| 13 | ओमप्रकाश शर्मा पुत्र रामस्वरूप शर्मा बिलोना खुर्द | 1553, 1554 गणेश वाटिका लालसोट | 183.33 | आवासीय |
| 14 | सुभाष पहाडिया पुत्र जगदीश पहाडिया लालसोट | 257/2 कोथुन रोड लालसोट | 347.86 | आवासीय |
| 15 | मनोज पहाडिया पुत्र जगदीश पहाडिया लालसोट | उपरोक्त | 347.56 | आवासीय |
| 16 | जगदीश पहाडिया पुत्र मोतीलाल पहाडिया लालसोट | उपरोक्त | 347.92 | आवासीय |
| 17 | विष्णु अग्रवाल पुत्र कल्याण प्रसाद अग्रवाल लालसोट | 3905/594 श्याम मंदिर के पास गंगापुर रोड लालसोट | 269.61 | आवासीय |
| 18 | कल्याण प्रसाद पुत्र मोतीलाल अग्रवाल लालसोट | उपरोक्त | 61.56 | आवासीय |
| 19 | गिर्राज प्रसाद पुत्र कल्याण प्रसाद अग्रवाल लालसोट | उपरोक्त | 50 | व्यवसाय |
| 20 | अतुल बोहरा पुत्र रामलाल बोहरा, आरती सिंह पत्नी लोकेंद्र सिंह मीना, विनीत कुमार शर्मा पुत्र महेश चंद शर्मा जयपुर लालसोट | उपरोक्त | 455.55 | व्यवसाय |
| 21 | शशि गुप्ता पत्नी बृजमोहन गुप्ता पट्टी कला | 239/5 आश्रम नगर ए नगरियावास | 100 | आवासीय |
| 22 | त्रिवेणी गुप्ता पत्नी सत्यनारायण छिपा पट्टी कला | उपरोक्त | 103.88 | आवासीय |
| 23 | दीपक कुमार पुत्र ओमप्रकाश शर्मा बिलोना कला | 1332/2 गणेश विहार लालसोट | 134.37 | आवासीय |
| 24 | सावित्री देवी पत्नी रमेश चंद गोड देहरा | 222 जय शिव नगर राजोली | 103.14 | आवासीय |
| 25 | गायत्री उपाध्याय पत्नी अशोक उपाध्याय लालसोट | 197 कोथुन रोड लालसोट | 315 | व्यवसाय |
| 26 | अशोक उपाध्याय गोत्र कजोड मल उपाध्याय लालसोट | 198 कोथुन रोड लालसोट | 262.5 | व्यवसाय |
| 27 | ममता देवी पत्नी राजकुमार शर्मा सालगरामपुरा | 4689/1165 श्याम नगर लालसोट | 201.24 | आवासीय |
| 28 | ग्यारसी देवी पत्नी मदन लाल शर्मा सालगरामपुरा | उपरोक्त | 57.55 | आवासीय |
| 29 | शिवचरण गुप्ता पुत्र सीताराम गुप्ता लालसोट | उपरोक्त | 152.5 | आवासीय |
| 30 | राजकुमार पुत्र मोजीराम शर्मा सालगरामपुरा | उपरोक्त | 92.77 | आवासीय |
| 31 | मोतीलाल सैनी पुत्र गेंदा लाल सैनी लालसोट | 4731/1285 अग्रसेन नगर लालसोट | 91.66 | आवासीय |
| 32 | सीताराम पुत्र मेवाराम रेगर लालसोट | 720 रेगर मोहल्ला लालसोट | 86.59 | आवासीय |

उक्त आपत्ति आज दिनांक 23.1.23को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

**(रक्षा मिश्रा)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका लालसोट**

**(सीमा चौधरी)**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका लालसोट**

# सरकार की लोक कल्याणकारी उपलब्धियों से घबराकर भाजपा ने अभिभाषण पढ़ने से रोका : खाचरियावास

## विधानसभा में भाजपा विधायकों पर नारे लगाकर राष्ट्रगान के अपमान का आरोप

**जयपुर,** (का.प्र.)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार की चार वर्ष की जन कल्याणकारी और विकासकारी उपलब्धियों से घबराकर भाजपा विधायकों ने राज्यपाल कलराज मिश्र को अभिभाषण नहीं पढ़ने दिया। जब राज्यपाल सरकार की उपलब्धियों का भाषण पढ़ रहे थे, तब भाजपा के सभी विधायक बेल में आकर हंगामा करने लगे। इसके दौरान विधायकों ने राष्ट्रगान का भी अपमान किया।

खाचरियावास ने कहा कि जब राष्ट्रगान शुरू होने के बाद भी भाजपा विधायक लगातार नारे लगाते रहे, इससे राष्ट्रगान सुनाई नहीं दे रहा था। राष्ट्रगान के दौरान व्यवधान उत्पन्न करना कानूनी रूप से पूरी तरह से गलत है। लोकसभा और विधानसभा सहित सभी जगह जब राष्ट्रगान होता है, तब किसी भी तरह की नारेबाजी पूरी तरह से गैर कानूनी मानी गई है। इसलिये भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भाजपा विधायकों द्वारा राष्ट्रगान का अपमान करने के लिये माफी मांगनी चाहिए।

खाचरियावास ने कहा कि जो भाजपा राष्ट्रवाद का नाटक करती है, भाजपा की असली पोल खुलकर सामने आ गई। भाजपा ने राष्ट्रगान के दौरान जिस तरह हंगामा किया। उससे स्पष्ट हो गया कि भाजपा को राष्ट्र से मतलब है ना जनता से भाजपा सिर्फ झूठ, फरेब और धोखे के दम पर राजनीति करना चाहती है। खाचरियावास ने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार विधानसभा चलाना चाहती है, लेकिन भाजपा के विधायक विधानसभा की कार्यवाही में गतिरोध उत्पन्न करके जनता का अपमान कर रहे हैं। आने वाले समय में जनता भाजपा को राष्ट्रगान के अपमान और विधानसभा की कार्यवाही में बाधा उत्पन्न करने के लिये माफ नहीं करेगी।

# दुर्घटना में मरे इंस्पेक्टर के आश्रितों मुआवजा

**जयपुर,** (का.सं.)। एमएसीटी मामलों की विशेष अदालत महानगर प्रथम ने वर्ष 2017 में सांगानेर इलाके में ट्रक से हुई दुर्घटना में मरने वाले सीआईएसएफ के तत्कालीन इंस्पेक्टर अमर सिंह गुर्जर के आश्रितों को 1.11 करोड रुपए का मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही अदालत ने इस राशि पर 20 फरवरी 2018 से लेकर वसूली तक छह फीसदी ब्याज का भुगतान भी करने के लिए कहा है। अदालत ने यह आदेश कमला गुर्जर व अन्य की क्लेम याचिका मंजूर करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता मनीष जैन ने बताया कि सीआईएसएफ में इंस्पेक्टर पद पर तैनात अमर सिंह 28 दिसंबर 2017 की रात करीब दस बजे बम्बाला पुलिया से मोटरसाइकल पर कुंभा मार्ग होते हुए मीणा पालडी स्थित अपने घर के लिए जा रहा था।

# अब भिवाड़ी में भी एसीबी चौकी की मंजूरी

**जयपुर,** (का.सं.)। पुलिस जिला भिवाड़ी में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की चौकी स्थापित होगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जिला पुलिस अलवर में संचालित 2 एसीबी चौकियों में से 1 चौकी को भिवाड़ी में स्थानांतरित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है।

वर्तमान में अलवर जिले में एसीबी की 2 चौकियां संचालित हैं तथा भिवाड़ी में एक भी चौकी स्थापित नहीं है। भिवाड़ी के बड़े औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण राज्य एवं केन्द्र सरकार के कई विभागों के कार्यालय स्थित हैं।

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य इलियास पुत्र मोमुद्दीन, पता-म.नं. 92ए, फ्रेंड्स कॉलोनी विस्तार, नाई की थडी, लालवास, जयपुर राजस्थान का है, उनका पुत्र ईरशाद एवं उसकी पत्नी शबाना मेरे अभिभाष्य से अभद्रतापूर्ण व्यवहार करते है, ईरशाद एवं उसकी पत्नी शबाना के आचरण के कारण मेरे अभिभाष्य ने उन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, भविष्य में मेरे अभिभाष्य की सम्पत्ति से ईरशाद एवं उसकी पत्नी का कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा, उनसे जो कोई भी संव्यवहार व लेन-देन करेगा, उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। सूचित रहे।
जयपुर (हरिवंश राय खुडानिया) एडवोकेट
दिनांक-23/1/23 मो.-9829280478

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुक्दमा नम्बर 126/2022

**(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**

चूंकि प्रार्थी रूचि खण्डेलवाल पत्नी श्री गौरव कुमार गुप्ता, मकान नं.-222, बदेरा भवन, शिक्षा गुप्तेश्वर मार्ग दौसा ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत 'डिजायर फाउन्डेशन' फ्लैट नं.15, सुख विहार, गुर्जर की थडी, मानसरोवर, जयपुर राजस्थान प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 22.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 30.01.2023

मोहर अदालत

रतनलाल योगी (आर.ए.एस)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

# सरकारी रेडियोलॉजिस्ट को प्राइवेट हॉस्पिटल में प्रैक्टिस पर रोक

- **हाईकोर्ट ने यह रोक कार्यस्थल से 25 किमी के दायरे में लगाई है**

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने सरकारी अस्पतालों और डिस्पेंसरी में काम कर रहे रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सकों को उनके कार्य स्थल से 25 किमी के दायरे में स्थित निजी अस्पताल व क्लिनिक में प्रैक्टिस करने की अनुमति देने वाले विभाग के गत 21 मार्च के परिपत्र पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में राज्य सरकार से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश निजी चिकित्सक राजीव सिंह की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार का विशेष तौर पर ऐसा परिपत्र जारी करना अव्यावहारिक है और फिलहाल इसकी क्रियान्विति पर रोक लगाया जाना उचित होगा।

याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार ने गत 21 मार्च को परिपत्र जारी कर प्रावधान किया कि सरकारी रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक उनके काम करने वाली जगह से 25 किमी के दायरे में आने वाले निजी अस्पताल व क्लिनिक में प्रैक्टिस कर सकते हैं। याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार का यह परिपत्र न केवल मनमाना है, बल्कि सरकारी चिकित्सकों को निजी अस्पताल में प्रैक्टिस करने के लिए बढ़ावा देने वाला भी है। इस परिपत्र के चलते सरकारी चिकित्सक निजी अस्पताल में भी प्रैक्टिस करेंगे और इससे प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले चिकित्सकों को परेशानी हो रही है। याचिका में कहा गया कि ऐसे सरकारी चिकित्सकों को राज्य सरकार से वेतन मिल रहा है। उन्हें निजी अस्पतालों में प्रैक्टिस करने की अनुमति देने से प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले चिकित्सकों के हित प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में विभाग के इस परिपत्र पर रोक लगाई जाए।

जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने परिपत्र पर अंतरिम रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

## संक्षिप्त

### भागचन्द बने ब्लॉक अध्यक्ष

**मालपुरा, (निसं)।** अग्रवाल समाज चौरासी युवा परिषद के बैनर तले मालपुरा युवा परिषद ब्लॉक अध्यक्ष पद पर भागचंद जैन गणवरिया को नियुक्ति दी गई। चौरासी पदाधिकारियो सहित युवा अध्यक्ष संजय सिंघी टोंक ने नियुक्ति पत्र जारी किया तथा मालपुरा ब्लॉक की कार्यकारिणी गठित किये जाने के लिए अधिकृत किया गया। रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन सहित अग्रवाल समाज व अन्य सामाजिक संगठनो ने भागचन्द जैन को बधाई दे उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही संगठनहित व समाज के लिए कार्य करने के लिए मनोबल बढाया।

### पायला प्रान्त संयोजक बने

**कोटपूतली।** कस्बे के बड़ाबास मौहल्ला निवासी भीमसिंह पायला को एबीवीपी जयपुर प्रान्त की गतिविधि स्टूडेंट फॉर सेवा (एसएफएस) का प्रांत संयोजक नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि पायला पिछले कई वर्षो से एबीवीपी के साथ जुडकर संगठन, राष्ट्र व समाज हित के लिए कार्य कर रहे है। कोटपूतली में 21 व 22 जनवरी को आयोजित दो दिवसीय प्रान्त अधिवेशन में एसएफएस का प्रांत संयोजक बनाया गया है। वर्ष 2016 में एबीवीपी से जुडने के बाद उन्हें महाविधालय ईकाई अध्यक्ष, प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य, जिला समिति सदस्य, जिला संयोजक के दायित्वों के बाद वर्ष 2022-2023 में भी जयपुर प्रांत का एसएफएस प्रांत संयोजक बनाया गया।

### सुरपुरा गौशाला में चारा भेंट

**बोराज, (निसं)।** कस्बे की वीर तेजाजी गौशाला सुरपुरा को भामाशाह रवि कुमावत पुत्र उगरियावास पूर्व सरपंच सीताराम कुमावत ने रविवार को परिवार के साथ गौ सेवार्थ एक पिकअप गाड़ी सूखे चारे की भेंट की। गौशाला सचिव बन्नाराम वर्मा ने बताया कि गौशाला संरक्षक संत बाल व्यास महाराज के सानिध्य में गौशाला समिति की ओर से भामाशाह का परिवार सहित माला साफा व शॉल ओढ़ाकर एवं गौ माता की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उगरियावास सरपंच कमला देवी कुमावत ,रितु कुमावत ,समिति अध्यक्ष प्रेमचंद टेलर ,उपाध्यक्ष नारायण सिंह रामचंद्र मनेठियाआदि उपस्थित रहे।

# बालाजी व देवनारायण मंदिर के दान पात्र से नगदी चोरी

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के सदरपुरा गांव में रविवार की रात को दो नकाबपोश युवकों ने देवनारायण मंदिर व बालाजी मंदिर को निशाना बना दानपात्र तोड़ 1 लाख से अधिक की नगदी चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

ग्रामीणों ने एएसपी को ज्ञापन सौंप सीसीटीवी फुटेज दिये हैं और कार्रवाई की मांग की है। बीते एक वर्ष में दूसरी बार सदरपुरा बालाजी मंदिर में घुसे दो नकाबपोश युवक तकरीबन 20

- ग्रामीणों ने एएसपी को ज्ञापन सौंप, दिये सीसीटीवी फुटेज

मिनट से अधिक समय में दानपात्र तोड़ अनुमानित 1 लाख रूपये की चढ़ावा राशि चुरा ले गये। बालाजी मंदिर के पास ही देवनारायण मंदिर में भी दानपात्र तोड़ 15 से 20 हजार की चढ़ावा राशि चुरा ले गये। लौहे की राड से दानपात्र तोड़ने का सारा घटनाक्रम मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया। सवेरे पूजा के लिए मंदिर पहुंचे पुजारी को दानपात्र टूटा मिला।

ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे एएसपी राकेश कुमार बैरवा व थाना पुलिस टीम ने दोनों मंदिरों में हुई वारदात का मौका निरीक्षण कर चोरों की तलाश शुरू की तो गुस्साए ग्रामीणों ने सौंपे ज्ञापन में पुलिस की रात्रि गश्त व बीट प्रणाली की लचर व्यवस्थाओं पर कड़ी नाराजगी जताते हुए जल्द चोरों की गिरफ्तारी व चढ़ावा राशि बरामदगी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी। साथ ही सीसीटीवी कैमरों के फुटेज सौंपे।



मालपुरा के सदरपुरा गांव में शातिर चोरों ने दो मंदिरों को निशाना बनाया।

## नहर की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपे

**बहरोड़/अलवर, (निसं)।** मुंडावर विधानसभा क्षेत्र में घटते जलस्तर और बंजर होते खेतों में खड़ी सूख रही फसल से परेशान गांवों के अन्नदाता किसानों ने केंद्र व राज्य सरकारों से बजट सत्र में कृषि भूमि के लिए नहर की मांग करते हुए नहर का पानी लाने की मांग करने वाले संगठन के आंदोलन में शामिल होने की शपथ लेकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम कृषि भूमि के लिए नहर की मांग में सैकड़ों ज्ञापन सौंपे।

मुंडावर विधानसभा क्षेत्र में 2 अक्टूबर 2022 से कृषि के लिए नहर के पानी की मांग के लिए पदयात्रा करने के चलते क्षेत्र के लोगों के जागरूक होने से मुंडावर के पूर्व प्रधान रोहताश चौधरी के नेतृत्व में गठित संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा नहर की मांग में चल रहे आंदोलन के दौरान 6 फरवरी को मुंडावर के पंचायत समिति प्रांगण में अलवर की पूर्व सांसद महिंद्रा कुमारी की जयंती पर विशाल रैली एवं जनसभा के आयोजन की तैयारियों के चलते पूर्व प्रधान रोहताश चौधरी के नेतृत्व में क्षेत्र के गांव गादूवास, विजय नगर, दादिया, गादली, गादली की ढाणी, माणका, बावद, मिर्जापुर, बीरोद व पलावा पहुंचने पर सभी गांवों के लोगों ने संगठन को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर केंद्र व राज्य सरकारों से बजट सत्र में नहरी जल की मांग कर बड़ी तादाद में रैली व जनसभा में पहुंचने का वचन दिया गया।

## सार-समाचार

### बोस जयंती पर पथ संचलन

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय लालसोट एवं मंडावरी कस्बे में सुभाष चंद्र बोस की जयंती को भी बड़े धूमधाम से मनाते हुए पथ संचलन निकालकर अखंडता व सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। लालसोट नगर के आदर्श विद्या मंदिर के संयुक्त तत्वाधान में पथ संचलन श्याम सरोवर से प्रारंभ होकर बाजार के कोथून रोड होते हुए खटवा रोड बस स्टैंड बोली बाजार सदर बाजार लुहारू बाजार होते हुए पुनः श्याम सरोवर में समापन हुआ। इससे पूर्व समिति के अध्यक्ष संतोष शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर संचलन को रवाना किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संकुल प्रमुख हंसराज शर्मा ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला एवं उनके मार्गदर्शन ऊपर चलने का संकल्पित कराया। इस अवसर पर राधेश्याम शर्मा प्रधानाचार्य बालिका आदर्श विद्या मंदिर लालसोट निर्मला बडाया आदर्श विद्या मंदिर पुरोहित पाड़ा लालसोट, आचार्य बाबूलाल शर्मा ,निरंजन सैन ,हीरालाल सैनी, ऋषि शर्मा ,रसेंद्र सिंह ,नाथूलाल, राजेंद्र शर्मा, गिरिराज शर्मा ,पवन सैनी , हेमलता , प्रिया मोनिका आदि उपस्थित रहे..मंडावरी आदर्श विद्या मंदिर परिसर से भी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पथ संचलन निकाला गया.. पथ संचलन को कमलेश चोधरी व प्रधानाचार्य रामेश्वर प्रसाद शर्मा एव मुरारी लाल गोयल प्राथमिक विद्यालय प्रधानाचार्य श्याम सुंदर शर्मा द्वारा सयुक्त रुप से हरी झंडी दिखाकर संचालन प्रारंभ किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामेश्वर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की यह पथ संचलन विद्यालय से नगरपालिका के सामने होती हुई बस स्टैंड से मुख्य बाजार पीपली चौक सब्जी मंडी गौरव पथ आदि मुख्य मार्गो पर होते हुए वापस आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय प्रांगण पहुंचा।

### जुआ खेलते छह जने गिरफ्तार

**बौंली, (निसं)।** सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार विश्नोई द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बौंली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 1लाख21हजार 100 रुपए की नगदी व ताश पत्तों के साथ 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। बौंली सर्किल इंस्पेक्टर कुसुमलता मीणा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार विश्नोई द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद गंगापुर सिटी सीओ तेज कुमार पाठक बामनवास के निर्देशन में बौंली थाना प्रभारी कुसुमलता के नेतृत्व में खिरनी चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक दौलत सिंह, कांस्टेबल अशोक विश्नोई, सोमदत्त, सीटूराम गंगाराम, व भजनलाल की टीम ने दौराने गस्त मुखबिर की सूचना पर खिरनी कस्बे के एक फार्म हाउस पर दबिश देकर ताश पत्तों से जुआ खेलते रतनकेस उर्फ बब्बू निवासी बौंली शाकिर मोहम्मद, शाहिद अली, माहिर, मोहम्मद अकरम, व एजाज निवासी मलारना डूंगर को ताश के पत्तों पर दांव लगाकर जुआ खेलते 52 ताश पत्तों के साथ 1लाख21हजार 100 सहित मौके से गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया है।

### प्रतिभाओं का सम्मान किया

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** हाल ही में आयोजित योनेक्स ऑल इंडिया सब जूनियर 13 रैंकिंग चैंपियनशिप कोलकाता में ए एन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी और एएन स्पोर्ट्स अकैडमी के खिलाड़ी अंशुमन चौधरी (निवासी बिहारीपुरा) और कंदर्प शर्मा ने राजस्थान के लिए डबल्स में पहली बार बालक वर्ग में गोल्ड मेडल दिलाया और एक इतिहास बनाया एवं चौमू परीक्षेत्र के साथ-साथ पूरे राजस्थान का नाम ऊंचा किया उसके लिए दोनों खिलाड़ियों को सुभाष सर्किल स्थित विधायक कार्यालय पर विधायक रामलाल शर्मा के द्वारा सम्मानित किया गया और उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया गया। साथ ही इनके कोच सुनील कुमार को भी सम्मानित किया। जिनकी मेहनत से इन खिलाड़ियों ने यह मुकाम हासिल किया खिलाड़ियों के साथ उनके पिता डॉ. रतनलाल लोचब और प्रशांत शर्मा भी उपस्थित रहे।

### विधायक ने नलकूप का शुभारंभ किया

**चौमूं / कालाडेरा, (निसं)।** विधायक रामलाल शर्मा ने शहर के वार्ड 14 में नये नलकूप का शुभारंभ किया। नये नलकूप से वार्ड की पेयजल समस्या दुरुस्त होगी और वार्डवासियो को पीने का पानी उपलब्ध हो सकेगा। वार्डवासियो ने विधायक रामलाल शर्मा का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। इस मोके पर सरदार सिंह यादव, बजरंग लाल कुमावत, पूर्व पार्षद राजेंद्र कुमावत, रमेश यादव, कालूराम यादव, सुवालाल कुमावत सहित कई वार्डवासी उपस्थित रहें।

### नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत

**राजगढ़, (निसं)।** भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता का अलवर से जयपुर जाते समय भाजपा मंडल राजगढ़ के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष राहुल दीक्षित के नेतृत्व में कस्बे के शेखा की बगीची स्थित हनुमान मंदिर पर फूल माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर नव नियुक्त जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि हमारे जिले में 6 विधानसभा हैं। उन छहो विधानसभा में कमल का फूल खिलाना है। वहीं लोकसभा चुनाव में भी भाजपा का कमल खिलाना हमारी पहली प्राथमिकता है। प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी तरह से उत्साहित है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रेमनाथ धामानी आदि मौजूद थे।

## पेपर लीक माफियाओं के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग

**चौमूं, (निसं)।** शहर में सोमवार को राज्यसभा सदस्य किरोड़ी लाल मीणा पहुंचे। जहां पर छात्र नेता अनुराग शर्मा के नेतृत्व में राधास्वामी बाग चौराहे पर किरोडी लाल मीणा का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद राज्यसभा सांसद मीणा शहर के बस स्टैंड और धौली मंडी स्थित कोचिंग सेंटरों में छात्र-छात्राओं से मुलाकात की और रीट परीक्षा में हो रही धांधली और पेपर लीक मामले को लेकर सरकार पर आरोप लगाते हुए कल मगंलवार को विधानसभा घेराव करने की चेतावनी दी।

राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अब तक प्रदेश में 16 परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। एसओजी और पुलिस से जांच का कोई भरोसा नहीं है।

इसलिए पूरे मामले की जांच सीबीआई से करवाई जाने की मांग की है और किरोड़ी लाल मीणा ने विधानसभा का कल मगंलवार को घेराव करने की भी चेतावनी दी है। और

- किरोड़ी मीणा ने विधानसभा घेराव करने की दी चेतावनी
- अब तक प्रदेश में 16 परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं : मीणा

वही दूसरे राज्य के बच्चे फर्जी डिग्री लाकर हमारे बच्चों की नौकरियां खा रहे हैं।

उनको सीमित कर प्रतिबंधित किया जाए और राजस्थान के बच्चों को कम से कम 90 का आरक्षण प्रावधान किया जाए। जिससे हमारे राज्य के बच्चे रोजगार और नौकरियां पा सके। इस दौरान राज्यसभा सांसद किरोडी लाल मीणा ने नकल माफियाओं पर अंकुश लगाने की मांग की और सरकार को चेतावनी देते हुए विधानसभा घेराव करने का ऐलान किया है।

## रामाज़ कुर्ती को एक्ट्रेस रकुलप्रीत ने सम्मानित किया




जयपुरी कुर्तीज के टॉप-50 निर्माता कंपनी में रामाज़ कुर्ती को बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुलप्रीत और दीपक राघानी ने अवॉर्ड देकर सम्मानित किया।

**जयपुर,(कासं)।** जयपुरी कुर्तीज के टॉप-50 निर्माता कंपनी में रामाज़ कुर्ती को बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुलप्रीत और दीपक राघानी ने अवॉर्ड देकर सम्मानित किया। साथ ही मिक्का सिंह ने अपनी सिंगिंग से सबको रिझाया और विकल्प मेहता ने अपनी परफ़ार्मेंस से इस शो में चार चाँद लगाए।

ज्ञात रहे कि रामाज़ कुर्ती जयपुर का प्रसिद्ध ब्राण्ड हैं। महावीर टेलर ने बताया कि रामाज़ के जयपुर में 5 स्टोर के साथ ही दिल्ली और कोटा में भी स्टोर हैं और जयपुर में मैन्यूफ़ैक्चरिंग फैक्ट्री भी हैं।

## सरियों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, चार छात्र हुए गंभीर घायल

**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा में सड़क हादसों का क्रम जारी है। सोमवार को पावटा नारहेडा रोड पर सरियों से भरी ट्रैक्टर ट्रोली पलटने से दुर्घटना में चार छात्र गंभीर घायल हो गए।

पावटा नारहेडा एमडीआर रोड पर पंडितपुरा कट के पास लोहे के सरियों से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली एक पिकअप को ओवर टेक करते समय अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमे बैठे चार स्कूली छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के सोमवार सांय स्कूल की छुट्टी होने के बाद विभिन्न विद्यालयों के आधा दर्जन छात्र सरियों से भरी ट्रैक्टर ट्रोली में बैठकर अपने घर जा रहे थे। इस दौरान पावटा नारहेडा एमडीआर रोड पर पंडितपुरा कट के पास अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्रोली पलटने से चीख पुकार मच गई। जिस पर आस पास के ग्रामीण दौडकर बचाव कार्य मे जुट गए व पुलिस व एंबुलेंस को सूचित किया। वही इसी बीच मौका पाकर ट्रैक्टर ट्रोली चालक फरार हो गया। मौके पर पहुँची प्रागपुरा थाना पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से घायल छात्रो को पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया व बीच रोड पर पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली को क्रेन की सहायता से एकतरफा करवा कर यातायात को सुचारू करवाया। जहां डॉक्टर अशोक बाज्या व उसकी टीम द्वारा घायल चार छात्रों वीरेंद्र पुत्र रामनिवास, रविंद्र गुर्जर पुत्र सुखराम, विकास पुत्र इंद्राज सतीश पुत्र लालाराम निवासी टोरडा रामपुरा गंभीर घायल हो गए जिनको प्राथमिक उपचार के बाद कोटपुतली बीडीएम के लिए रेफर किया गया। वही घटना की सूचना मिलते ही पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर घायलों के परिजनों व ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई। गनीमत यह रही की किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई।



पावटा-नारहेडा रोड पर सरियों से भरी ट्रैक्टर ट्रोली पलट गई।

## ग्रामीणों ने सांसद का आभार जताया

**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा के ग्राम पंचायत लाडाकाबास के राजकीय प्राथमिक विद्यालय गोपाला में सांसद कोष से 7 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की गई है। यह राशि जयपुर ग्रामीण सांसद राज्यवर्धन राठौड़ ने विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए कक्षा कक्ष और बरामदा निर्माण के लिए स्वीकृति जारी की गई है। ग्रामीण सांसद राज्यवर्धन राठौड की ओर से विद्यार्थियों के लिए कक्षा कक्ष और बरामदे के लिए स्वीकृत राशि होने पर स्कूल के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं सहित ग्रामीणों ने सांसद का आभार प्रकट किया है। ग्राम पंचायत लाडाकाबास सरपंच सरोज यादव व पूर्व सरपंच मदन यादव सहित शिक्षकों ने बताया कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बैठने के लिए कमरे की व्यवस्था करते हुए बच्चो की भावनाओं को देखते हुए सांसद राज्यवर्धन राठौड को अनुशंसा भेजने पर सांसद ने विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए उनके लिए स्कूल में कक्षा कक्ष और बरामदे के लिए 7 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है।

## दलितों पर बढ़ते अत्याचार पर आक्रोश जताया

**जयपुर, (निसं)।** दलित उत्पीडन के खिलाफ एवं गरिमामय विकास के लिए संघर्षरत साझा मंच-दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएम) के प्रदेश सह-संयोजक डॉ.रमेश बैरवा ने दलितों के खिलाफ अत्याचार की तेजी से बढ़ती घटनाओं पर आक्रोश जताया है।

ऐसा तब हो रहा है जब पुलिस सहित राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में कमजोर वर्गों के विरुद्ध अपराधों पर कड़ाई से रोक लगाना एक प्रमुख प्राथमिकता है। यह भी बिल्कुल सही है कि दलितों में आई चेतना एवं सरकारी पहल के कारण दलितों के साथ अत्याचार के मुकदमें दर्ज होने में तेजी आई है लेकिन इससे पीड़ितों को न्याय मिल ही जाए,इसकी कोई गारंटी नहीं है। न्याय की दर में कोई खास इजाफा नहीं दिख रहा रहा है। आरोपियों में कोई खास डर नहीं है। पुलिस जांच में बडी संख्या में इन मुकदमों को दबंगों के दबाव एवं भ्रष्टाचार के कारण झूंठा साबित कर दिया जाता है।

राजस्थान पुलिस की ताजा क्राइम रिपोर्ट के आधार पर डॉ.बैरवा ने बताया है कि अनुसूचित जाति अर्थात दलितों पर पिछले तीन वर्षों में अत्याचार की घटनाओं में करीब 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2020 में अत्याचार के दर्ज प्रकरण 7117 से बढ़कर वर्ष 2022 में 8752 हो गए। पिछले एक वर्ष में दलित उत्पीड़न के दर्ज प्रकरणों में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दलितों की हत्या की घटनाएं वर्ष 2020 में 84 से बढ़कर वर्ष 2022 में 99 हो गई।

दलित महिलाओं से बलात्कार के वर्ष 2020 में 476 प्रकरण दर्ज हुए थे जो वर्ष 2022 में बढ़कर 658 हो गए। दलित उत्पीड़न के दर्ज कुल अपराध 8752 में से 4198 अर्थात करीब 55 प्रतिशत प्रकरण पुलिस जांच में झूंठे या अदमवकू पाए गए। इन तीन वर्षों में एससी एसटी एक्ट में दर्ज कुल प्रकरण 101 में से 58 अर्थात 66 प्रतिशत जांच में झूँठे बताए हैं।

## अस्पताल में सुविधा बढ़ाने पर चर्चा

**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बा स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को एसडीएम सुनीता मीणा की अध्यक्षता में मेडिकल रिलीफ सोसायटी (एमआरएस) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अस्पताल में विकास, मरीजों को सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं सोसायटी की आय-व्यय पर चर्चा की गई।

इस दौरान अस्पताल में एमआरएस फंड से एक वाटर कूलर मय आरओ, ईसीजी मशीन, जननी वार्ड व इमरजेंसी वार्ड की मरम्मत कार्य सहित जरूरत के हिसाब से कई अन्य उपकरण खरीदने का प्रस्ताव तैयार किया गया । वही 5 पार्ट सीबीसी मशीन, 500 एमएम एक्सरे मशीन का बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव लेकर जिला कलेक्टर को पत्र लिखा गया । इस दौरान एसडीएम सुनीता मीणा ने उपखंड क्षेत्र को तंबाकू मुक्त बनाने की शपथ दिलाई । इस मौके चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ.सुरेश मीणा, डॉ.विक्रम गुर्जर, डॉ.मनीष बामनिया, डॉ. पूरणमल चौधरी, राकेश गुप्ता, नरेंद्र यादव, समाजसेवी हीरालाल धाबाई आदि लोग मौजूद थे ।

**NAME CHANGE**

I have changed my name from Amana Khatoon to Amna Khatoon in future. 66 Shakat Colony, Near Madina Masjid, Maliyon Ka Chowk, Jaipur.

I have change my name from Hari Om to Hari Om Ludhani S/o Mohan Lal Ludhani R/o 47/183, Kiran Path, Mansarovar, Jaipur. In future known and recognized to me my new name.

I have changed my name from Sweety Jain to Shweta Daga W/o Sh. Sharad Daga for all future purposes. R/o C-224, Gyan Marg, Tilak Nagar, Jaipur

मैंने अपने पुत्र का नाम केशव से बदलकर केशव कुमार बरावड़ कर लिया है अतः भविष्य में उसे इसी नाम से जाना जाये। पवन कुमार बरावड़ पता-18, एस.टी.जी., चक जहाना, 23, एस.एस.डब्लू. हनुमानगढ़-335801 राजस्थान

**खोया -पाया**

मैं बबली पुत्री श्री ब्रजमोहन पत्नि श्री वीरेंद्र कुमार शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी वमनपुरा, पो. जगर जि. करौली (राज.) की रहने वाली हूं यह कि मेरी कक्षा 12 की बोर्ड की मार्कशीट जिसका रोल नं. 0251013 मा. शि. बोर्ड उत्तरप्रदेश द्वारा जारी की गई कही गुम हो गई है जिस किसी भी व्यक्ति को मिले वह उक्त पते पर सूचित करें।

ह. बबली

### 60 बच्चों को स्वेटर वितरण

**श्रीमाधोपुर।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर से प्रेरित होकर नोरंगमल कयाल एंव डॉक्टर नीलकंठ कयाल ने स्वर्गीय श्रीमती मोहिनी देवी कयाल की पुण्य स्मृति में उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय कुलडा का टीबा अरनियां में जरूरतमंद बच्चों को 60 स्वेटरों का वितरण किया तथा बच्चों का मीठा करवाया। इस मौके पर विद्यालय के राज्यपाल से पुरस्कृत अध्यापक रामदयाल सैनी ने विद्यालय की बहुत सारी समस्याओं से अवगत कराय मंचस्थ लोगों ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# सरकार की शह पर दंगे अधिक होने से क्राईम रिपोर्ट में राजस्थान अव्वल : नड्डा

**कोटपूतली, (निसं)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा का दिल्ली से जयपुर जाते वक्त कोटपूतली के ग्राम सांगटेड़ा स्थित तिरूपति होटल में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार पूर्ण रूप से नकारा व जन विरोधी सरकार है। कांग्रेस शासन में शान्तिप्रिय कहे जाने वाले राजस्थान में अपराध व सरकार की शह पर दंगें इतने अधिक होने लगे है कि क्राईम रिपोर्ट में राजस्थान का नम्बर सबसे पहले आने लगा है। वहीं उन्होंने कहा कि यह सरकार हर भर्ती में पेपर लीक करवाकर युवाओं के भविष्य को अन्धकारमय बना रही है। ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। आज आमजन को भाजपा कार्यकर्ताओं से बहुत अधिक अपेक्षाऐं है, इसलिए आगामी चुनावों में भाजपा कार्यकर्ताओं को और अधिक मेहनत कर जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कमल खिलाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता अभी से कमर कस ले। जिससे आगामी चुनाव में राजस्थान में प्रचण्ड बहुमत से भाजपा की सरकार बन सकें। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा का भाजपा नेता मुकेश गोयल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व चौमू विधायक रामलाल शर्मा, जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, पूर्व संसदीय सचिव जितेन्द्र गोठवाल, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एड. हीरालाल रावत, वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, भाजपा के पूर्व जिला मंत्री यादराम जांगल, उपप्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, जिला उपाध्यक्ष कर्मवीर बोकन, जिला महामंत्री सुरेन्द्र चौधरी, जिला मंत्री सुभाष चन्द शर्मा व रविन्द्र सिंह, मण्डल अध्यक्ष सुभाष घोघड़, रमेश रावत, कैलाश चन्द स्वामी, भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश मंत्री सुबेसिंह मोरोडिया, जिला पार्षद भोमाराम गुर्जर, धूड़सिंह शेखावत, कैलाश ताखर, अब्दुल सत्तार, कैलाश चन्द टेलर, एड. बजरंग लाल शर्मा, बगुला प्रसाद स्वामी, सुरेश वैद्यजी, दिलीप यादव, प्रवीण बंसल, प्रमोद गुरूजी, ओमप्रकाश आर्य, अशोक रावत, राकेशपाल सिंह, अजीत सिंह चौहान, राजेन्द्र सिंह, रविन्द्र सिंह, सिद्धार्थ टोरड़ा, कैलाश पहलवान, दिनेश कमांडेंट, सरपंच मालाराम सूद, रामनिवास मोरदा, राजेश सराधना, जितेन्द्र यादव, एड. विकास जांगल, नगेन्द्र सिंह, मनीष यादव, नितिन सिंह, टिंकु सिंह पाथरेड़ी, विरेन्द्र मान, गुमान जाट, महेश धानका, पूरणमल यादव, रमेश होलदार, पृथ्वीसिंह, अशोक सिंह, योगेश जाटू, सीताराम बंसल, मदन सिंह, मनीष शर्मा, राजेन्द्र टसकोला, चेतन शर्मा, मिथलेश सैनी, सुरेन्द्र नृसिंहपुरा, जयराम गुर्जर, बनारसीलाल, अमित सैनी, महेन्द्र जांगल, सुभाष आर्य, नत्थुसिंह, हिम्मत सिंह तंवर, विजयसिंह व पैपसिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

- नड्डा ने कहा आने वाले चुनावों के लिए भाजपा कार्यकर्ता एकजुट होकर कमल खिलाने का काम करें



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा का दिल्ली से जयपुर जाते वक्त कोटपूतली के ग्राम सांगटेड़ा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

राजस्थान सरकार

**कार्यालय उप निदेशक कृषि ( गुण नियन्त्रण )**

**राजकीय उर्वरक परीक्षण प्रयोगशाला भरतपुर ( राजस्थान )**

क्रमांक:-3165-66 दिनांक:-23.01.2023

**विज्ञप्ति**

सूचित किया जाता है कि कार्यालय उप निदेशक कृषि (गुण नियन्त्रण) राजकीय उर्वरक परीक्षण प्रयोगशाला भरतपुर हेतु विभिन्न रसायन/ग्लासवेयर्स/फिल्टर पेपर्स क्रय किये जाने हेतु कार्यालय पत्रांक 3154-60 दिनांक 20.01.2023 द्वारा जारी खुली निविदा सूचना की पालना में निविदाएं 08.02.2023 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जानी है, जो उक्त दिनांक को ही निविदादाताओं के सामने 02:00 बजे खोली जावेंगी। उक्त निविदा सूचना का अवलोकन Rajasthan State Procurement Portal (SPPP) पोर्टल पर UBN No. AGR2223GSOB00334 पर किया जा सकता है।

उप निदशक कृषि ( गुण नियन्त्रण )
राजकीय उर्वरक परीक्षण प्रयोगशाला
भरतपुर ( राजस्थान )



मैं टी20 की आलोचना नहीं कर रहा लेकिन यह मेरा खेल नहीं है। हां, यह यहां है और यहां रहेगा। यह रोमांचक है और इसमें मजा भी है। जब आप किसी खेल में जाते हैं, तो आप आनंद लेना चाहते हैं। हां, यह देखना अच्छा है लेकिन यह ऐसा मुकाबला नहीं है जिसे मैं नियमित रूप से देखता हूं।'' -गॉर्डन ग्रीनिज

वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर, टी-20 क्रिकेट को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — **कैरोलिनी मारिन**



**करियर** को खतरे में डालने वाली दो बार घुटने की चोट किसी भी खिलाड़ी का हौसला तोड़ सकती है लेकिन ओलंपिक चैम्पियन कैरोलिना मारिन ने 'दर्द को स्वीकार' किया और हार मानने के बजाय संघर्ष करने का फैसला किया। ओलंपिक, विश्व और यूरोपीय चैंपियन मारिन को जनवरी में 2019 इंडोनेशियाई मास्टर्स फाइनल के दौरान अपने दाहिने घुटने में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) की चोट का सामना करना पड़ा था। उन्होंने 2020 में वापसी की और तोक्यो खेलों की तैयारी कर रही थी जब उन्हें एक और एसीएल का सामना करना पड़ा।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था।

## क्या शास्त्री की बात मानेंगे विराट-रोहित

# पूर्व कोच ने दोनों को दी रणजी खेलने की सलाह, ताकि स्पिन के खिलाफ बैटिंग सुधरे

*नई दिल्ली, 23 जनवरी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला 24 जनवरी को है। वहीं, रणजी ट्रॉफी में अगले राउंड के मुकाबले भी इसी दिन शुरू हो रहे हैं। पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री की ओर से सलाह आई कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों को इस वनडे की जगह अपनी-अपनी घरेलू टीमों के लिए रणजी मैच खेलना चाहिए। अगले महीने से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की सीरीज शुरू हो रही है। इस सीरीज की प्रैक्टिस के लिए रणजी मैच खेलना अच्छा उपाय हो सकता है। विराट और रोहित यह सलाह मानेंगे या नहीं यह हमें अगले कुछ घंटों में पता चल ही जाएगा। अब तक इसको लेकर खिलाड़ियों का का कोई बयान आया नहीं है। इससे यही उम्मीद है कि हमारे स्टार वनडे को ही तरजीह देंगे। हालांकि, बैटिंग का एक पहलू जरूर ऐसा है जिससे आधार पर लगता है कि दोनों सितारों को घरेलू मैच जरूर खेलना चाहिए। विराट और रोहित दोनों ही हाल के समय घरेलू पिचों पर स्पिन के खिलाफ लड़खड़ाने लगे हैं। पिछले दो वनडे मैच को ही याद कीजिए। विराट को मिचेल सैंटनर की गेंद समझ नहीं आ रही थी। इस स्टोरी में हम पहले तो स्पिनर्स के खिलाफ विराट और रोहित की भारतीय पिचों पर पिछले दो साल के रिकॉर्ड को देखेंगे। फिर यह समझने की कोशिश करेंगे कि ये दोनों घरेलू क्रिकेट में क्यों नहीं खेलते हैं। आमतौर पर ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारत में स्पिन ट्रैक बनाए जाते हैं। घूमती गेंदें विदेशी बल्लेबाजों को कन्फ्यूज करती हैं। हम उम्मीद करते हैं कि इन पिचों पर हमारे बल्लेबाज दुनिया के किसी भी स्पिनर को अच्छा खेल लेंगे और हम सीरीज जीत लेंगे। घर में स्पिन पिच बनवाने का फैसला हमें रास भी आता रहा है। 2012 के बाद भारतीय टीम घरेलू पिचों पर कोई टेस्ट सीरीज नहीं हारी है। आप कहेंगे कि जब लगातार जीत ही रहे हैं तो फिर विराट और रोहित को लेकर डिबेट ही क्यों? डिबेट इसलिए है क्योंकि स्पिनर्स के सामने ये लगातार फेल हो रहे हैं। हाल-फिलहाल ऋषभ पंत अपनी शानदार बैटिंग से इनकी विफलताओं को ढक लेते थे। इस बार पंत नहीं हैं। इसलिए भारतीय टॉप ऑर्डर के पास फेल होने का ऑप्शन नहीं है। रोहित शर्मा : साल 2020 से अब तक भारत में खेले टेस्ट मैचों में कुल 9 बार आउट हुए हैं। इसमें से 6 बार उन्हें स्पिनर्स ने आउट किया है। इन 6 में 5 बार रोहित को लेफ्ट आर्म स्पिनर ने आउट किया है। सबसे ज्यादा जैक लीच ने चार बार आउट किया है। विराट कोहली 2022 से अब तक देश में खेले टेस्ट मैचों में 11 बार आउट हुए हैं। 9 बार स्पिनर्स ने आउट किया। इनमें से 5 दफा लेफ्ट आर्म स्पिनर और 4 बार राइट आर्म स्पिनर ने आउट किया है। स्पिनर्स में मोइन अली ने सबसे ज्यादा 2 बार आउट किया है। इसके पीछे बहुत ज्यादा क्रिकेट को कारण बताया जाता है। यह कहा जाता है कि भारतीय खिलाड़ी, खासकर विराट और रोहित ऑल फॉर्मेट प्लेयर्स हैं। इसके अलावा ये भी खेलते हैं। ऐसे में अगर घरेलू क्रिकेट भी खेलेंगे तो बर्न आउट हो जाएंगे। तर्क सुनने में सही लगता है, लेकिन यह भी ध्यान देना चाहिए ये खिलाड़ी ब्रेक भी तो बहुत लेते हैं। घरेलू क्रिकेट न खेलने की वजह से स्पिन के खिलाफ इनकी प्रैक्टिस बहुत कम हो जाती है। विदेशी दौरों पर पिचें ज्यादातर फास्ट बॉलिंग की मददगार होती है। लिहाजा बाहर स्पिन का अभ्यास नहीं मिलता। दूसरी ओर घर में व्हाइट बॉल क्रिकेट खेलकर टेस्ट क्रिकेट के लायक स्पिन का अभ्यास नहीं हो सकता है। ज्यादा क्रिकेट की समस्या सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ के खेलने के जमाने में भी रही थी। तब टी-20 नहीं था, लेकिन वनडे मैच बहुत होते थे। इसके बावजूद सचिन तेंदुलकर जैसा सीनियर और दिग्गज खिलाड़ी जरूरत के हिसाब से घरेलू क्रिकेट खेलता था। 1998 में ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत दौरे पर आई थी। टेस्ट सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया का अभ्यास मैच मुंबई से था। सचिन इस मैच में मुंबई के लिए खेले थे, ताकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए तैयारी अच्छी हो सके। इसके अलावा भी वे कई मुंबई के लिए रणजी के सेमीफाइनल, फाइनल जैसे नॉकआउट मुकाबलों में उतरे। द्रविड़ और लक्ष्मण भी भारतीय स्टार बन जाने के बावजूद अक्सर घरेलू क्रिकेट खेलते रहते थे। इससे भारतीय परिस्थितियों में रेड बॉल के खिलाफ इनकी बैटिंग की धार बनी रहती थी*

## एमआई, आरसीबी खरीदना चाहता है महिला आईपीएल में टीमें

मुंबई, 23 जनवरी। मुंबई इंडियन्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर सहित कुल छह फ्रेंचाइज़ियों ने महिला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में टीमें खरीदने की मंशा जाहिर की है। क्रिकबज़ ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों के हवाले से सोमवार को बताया कि इन फ्रेंचाइजियों में सनराइज़र्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स का नाम भी शामिल है। महिला आईपीएल के लिये बोली दस्तावेज जमा करने की आखिरी तारीख 23 जनवरी थी। क्रिकबज़ ने बताया कि ये छह फ्रेंचाइजी बोली दस्तावेजों के साथ मौके पर दिखाई दीं। चेन्नई सुपर किंग्स, गुजरात टाइटन्स और लखनऊ सुपर जायंट्स ने महिला आईपीएल में टीम नहीं खरीदने का फैसला किया है। गैर-आईपीएल पार्टियों में से किसने कागजात जमा किये हैं इस पर अभी तस्वीर पूरी तरह साफ नहीं हुयी है, हालांकि अडानी समूह और टोरेंट फार्मा ने भी महिला आईपीएल में अपनी रुचि व्यक्त की है।

## मैंने नहीं किया अदालत का रुख : बृजभूषण

नयी दिल्ली, 23 जनवरी। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष और कैसरगंज लोकसभा सीट से सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने दिल्ली सरकार, विरोध प्रदर्शन करने वाले पहलवानों या किसी मीडिया संस्थान के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दर्ज नहीं की है। बृजभूषण ने सोमवार को ट्वीट करके इसकी जानकारी दी। बृजभूषण ने ट्वीट किया, मेरे या मुझसे सम्बद्ध किसी अधिकृत व्यक्ति द्वारा दिल्ली सरकार, धरना देने वाले पहलवानों और न्यूज़ चैनलों के विरुद्ध कोई याचिका प्रस्तुत नहीं की गई है। मैंने किसी अधिवक्ता, लॉ एजेंसी या प्रतिनिधि को किसी न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करने की अनुमति या अधिकार प्रदान नहीं किया है। उल्लेखनीय है कि विश्व चैंपियनशिप मेडलिस्ट विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया सहित कई सम्मानित पहलवानों ने बृजभूषण पर यौन शोषण जैसे गंभीर आरोप लगाये थे। बृजभूषण ने अदालत जाने की अफवाहों पर पूर्ण विराम लगाते हुए कहा, मीडिया के सभी माध्यमों से आग्रह है कि कोई भी अपुष्ट और अप्रामाणिक ख़बर प्रसारित न करें। वर्तमान समय में विषय की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए सभी से अनुरोध है कि किसी अफवाह या भ्रामक तथ्य को बढ़ावा देकर अव्यवस्था न बढ़ायें।

# सानिया-बोपन्ना की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

### ऑस्ट्रेलियन ओपन के मिक्स्ड डबल में बेहर-निनोमिया को 6-4, 7-6 से हराया, अब जेलेना-डेविड से मुकाबला



नई दिल्ली, 23 जनवरी। आखिरी ग्रैंड स्लैम खेली रहीं भारतीय स्टार सानिया मिर्जा और रोहन बोपन्ना की जोड़ी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन की मिक्स्ड कैटेगरी के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारतीय जोड़ी ने उरुग्वे के एरियल बेहर और माकोटो निनोमिया की जोड़ी 6-4 7-6 से हराया।

एक घंटे 17 मिनट चले इस मुकाबले के पहले सेट में भारतीय हावी रहे। उसके बाद उरुग्वे-जापानी जोड़ी ने कमाल की चुनौती पेश की, हालांकि यह जोड़ी मुकाबले को आखिरी सेट तक नहीं ले सकी। मंगलवार को भारतीय जोड़ी का सामना लातवियाई की जेलेना ओस्टापेंको और स्पेन के डेविड वेगा हर्नांडेज की जोड़ी से होगा। बोपन्ना-मिर्जा ने 6 साल पहले 2017 में फ्रेंच ओपन का मिक्स्ड डबल्स खिताब जीता था। साल के पहले ग्रैंड स्लैम की बात करें तो ऑस्ट्रेलियन ओपन में मिर्जा महेश भूपति के साथ 2009 में चैंपियन बनी थीं। भारतीय जोड़ी ने राउंड ऑफ 16 के इस मुकाबले का पहला सेट आसानी से जीत लिया। इसका स्कोर 6-4 रहा। दूसरे सेट में उरुग्वे-जापानी जोड़ी ने मिर्जा-बोपन्ना को जबर्दस्त चुनौती दी। मुकाबला टाइब्रेकर तक गया, हालांकि जीत भारतीयों के पक्ष में रही। इसका स्कोर 7(11)-6 (9) रहा।

रियो ओलिंपिक की सेमीफाइनलिस्ट भारतीय जोड़ी ने दो दिन पहले वाइल्ड कार्ड एंट्री प्राप्त ऑस्ट्रेलिया की जैमी फोरलिस और ल्यूक सैविल को एक घंटे 14 मिनट में 7-5, 6-3 से हराया था। साल के पहले ग्रैंड स्लैम के 7वें दिन भारतीय स्टार सानिया मिर्जा अपनी जोड़ीदार एना डानिलिना के साथ दूसरे दौर में उलटफेर का शिकार हुई। भारत-कजाख की 8वीं सीड जोड़ी को बेल्जियम की एलिसन वान उइतवैंक और यूक्रेन की एनहेलिना कलिनिना की गैरवरीय जोड़ी ने 4-6, 6-4, 2-6 से हराया। यह मुकाबला करीब 2 घंटे तक चला। सानिया मिर्जा और एना डेनिलिना ने डालमा गल्फी और बर्नार्डा पेरा की हंगरी-अमेरिकी जोड़ी को हराकर महिला युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया था।

# आईसीसी की टी-20 टीम में कोहली, सूर्यकुमार, पांड्या

दुबई, 23 जनवरी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 2022 की पुरुष टी20 टीम में विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या के रूप में तीन भारतीय क्रिकेटरों को शामिल किया है। रन मशीन कोहली ने 2022 में फॉर्म में वापसी करते हुए अपनी बल्लेबाजी की पुरानी झलक दिखाई। वह एशिया कप के पांच मैचों में 276 रन बनाकर टूर्नामेंट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। साथ ही उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ शानदार शतक के साथ करीब तीन साल के अपने शतक के सूखे को समाप्त किया। पिछले साल 23 अक्टूबर को कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ 82 रन की करिश्माई पारी खेली जिसे उन्होंने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी भी बताया।

कोहली ने टी20 विश्व कप में इसके बाद भी तीन अर्द्धशतक जड़े और 296 रनों के साथ टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। एकादश में कोहली के बाद चौथे नंबर पर सूर्यकुमार यादव को जगह दी गयी है, जिन्होंने पिछले साल अपनी 360 डिग्री बल्लेबाजी से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सूर्यकुमार ने 2022 में 187.43 के विस्फोटक स्ट्राइक रेट से 1164 रन टी20 अंतरराष्ट्रीय रन बनाये, जिसमें दो शतक और नौ अर्द्धशतक शामिल रहे। साथ ही वह एक साल में 1000 टी20 रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी भी बन गये।

आईसीसी ने साल की सर्वश्रेष्ठ टी20 एकादश में सातवें नंबर पर हार्दिक पांड्या को जगह दी। पांड्या ने 2022 में बतौर ऑलराउंडर भारत के लिये बल्ले और गेंद दोनों से जबरदस्त योगदान दिया। गुजरात को आईपीएल 2022 का खिताब जिताने वाले पांड्या ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 607 रन बनाये और 20 विकेट भी लिये।

जहां टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ विराट कोहली ने आक्रामक रुख अपनाया, वहीं दूसरे छोर पर पांड्या ने 31 रन पर चार विकेट गिरने के बाद पारी को संभालने में मदद की। पांड्या ने विश्व कप के सेमीफाइनल में भी अपनी अविश्वसनीय हिटिंग का प्रदर्शन करते हुए 33 गेंदों में 63 रन बनाकर भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। उनकी यह पारी हालांकि टीम के काम नहीं आयी और भारत सेमीफाइनल में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

# भारत-न्यूजीलैंड मैच में कल अंपायरिंग करेंगे इंदौर के नितिन मेनन

इंदौर, 23 जनवरी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच 24 जनवरी को इंदौर के होलकर स्टेडियम में वनडे मैच खेला जाएगा। मैच के लिए दोनों टीमें इंदौर पहुंच चुकी हैं। वहीं इस बार एक खास संयोग भी मैच में रहेगा। सामान्य तौर पर जिस शहर में मैच होता है वहां का यदि खिलाड़ी भी मैच खेल रहा है तो सभी की उस पर नजर रहती है, लेकिन इस बार खास बात ये कि इंदौर का एक बेटा नितिन मेनन मैच के दौरान मैदान में अंपायरिंग करता नजर आएगा।

40 साल में ऐसा पहली बार होगा जब कोई इंदौरी अंपायर अंतरराष्ट्रीय वनडे मैच में मैदान पर फैसला सुनाएगा। नितिन के अंपायर पिता भी अपने शहर इंदौर में किसी अंतरराष्ट्रीय मैच में अंपायरिंग करना चाहते थे, हालांकि उन्हें अवसर नहीं मिला, लेकिन बेटे को अवसर मिलने पर वे बहुत खुश हैं। नितिन अब तक करीब 90 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अंपायरिंग कर चुके हैं। आइए जानते हैं, उनके बारे में और ये भी बताएंगे कि पिता ने उन्हें क्या समझाइश दी थी, जो आज भी उनके दिमाग में है।

नितिन के पिता नरेंद्र मेनन भी अंपायर रहे हैं। वे बताते हैं, '1960 में मैंने 13 साल की उम्र में स्कूल टूर्नामेंट खेला था। तब दो ही टूर्नामेंट होते थे स्कूल और रणजी ट्रॉफी। इसके बाद 1966 में मैंने रणजी खेला। रणजी खेलने पर तब 10 रुपए प्रतिदिन के मान से मिलते थे। अब तो ये अमाउंट करीब डेढ़ लाख रुपए रोजाना हो चुका है। प्रैक्टिस के लिए सिर्फ जिमखाना था। इंदौर में मैटिन विकेट पर खेला, रणजी में नागपुर में टर्फ पर खेलने को मिलता था। 1981 तक बतौर क्रिकेटर खेलता रहा। इसके बाद 1983 से 1997 तक रणजी ट्रॉफी में सिलेक्टर रहा। इस बीच 1982 में स्टेट लेवल अंपायर बन गया था।

इंदौर के बेटे नितिन मेनन के पिता नरेंद्र मेनन भी अंतरराष्ट्रीय मैचों में अंपायरिंग कर चुके हैं। आइए आपको बताते हैं कि पिता नरेंद्र मेनन ने इंदौर में होने वाले मैच और नितिन की अंपायरिंग को लेकर दैनिक भास्कर से चर्चा में क्या कहा। 'पूरा परिवार गर्व महसूस कर रहा है। इसलिए सभी मैच देखने भी जाएंगे।

अंपायरिंग में गलती तो सभी से होती है। नोबडी इज परफेक्ट (कोई भी सम्पूर्ण नहीं होता)। कोई भी व्यक्ति जानबूझकर गलती नहीं करता है, लेकिन कुछ न कुछ गलती हो जाती है। मैच कोई सा भी हो, अंपायरिंग-अंपायरिंग ही होती है। जूनियर मैच हो, रणजी ट्रॉफी मैच हो। मैंने हमेशा बच्चे को एक ही चीज बोली है कि अगर अच्छी अंपायरिंग करनी है तो कोई भी बॉलर हो, कोई भी बैट्समैन हो मुंह देखकर अंपायरिंग करोगे तो आप कभी अच्छी अंपायरिंग नहीं कर सकते।

क्या होता है मान लीजिए सामने जैसे कपिल देव आ गए, अभी विराट कोहली हैं तो कई अंपायर चेहरा देखकर घबरा जाते हैं। बेटे को मेरी यही सलाह थी कि अपना काम है, बॉल देखना, बैट देखना, पैड्स देखना और स्टम्प देखना। सिर्फ इस पर कॉन्सन्ट्रेट करोगे तो बहुत अच्छे अंपायर बन सकते हो।

## पूर्णांक का कहर, असम की पारी 101 पर ढेर

कानपुर 23 जनवरी। मध्यम तेज गेंदबाज पूर्णांक त्यागी (33 रन पर छह विकेट) और कुनाल त्यागी (50 रन पर तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत उत्तर प्रदेश ने सीके नायडू अंडर-25 में वर्षा बाधित लीग मुकाबले के दूसरे दिन सोमवार को असम की पहली पारी को 101 रन पर समेट दिया।

ग्रीनपार्क मैदान पर दिन का खेल खत्म होने के समय तक हर्ष त्यागी (6) और अंजानेय सूर्यवंशी बगैर खाता खोले क्रीज पर मौजूद थे। टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण कर रही मेजबान टीम के गेंदबाजों ने बादलों से ढके आसमान के बीच पिच की नमी का भरपूर फायदा उठाया। पूर्णांक और कुनाल की जोड़ी असम के बल्लेबाजों पर कहर बन कर टूटी और मेहमान टीम के खेमे में पूरे दिन हलचल बनी रही। पूर्णांक ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुये दो रन के इकॉनोमी रेट से असम के छह बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। पूर्णांक का खौफ विपक्षी खेमे में इस कदर छाया रहा था कि उनके तीन बल्लेबाज बिना खाता खोले पवेलियन लौट गये। रितुराज विश्वास (46) इकलौते ऐसे बल्लेबाज थे जिन्होंने मेजबान गेंदबाजी का सामना साहस के साथ किया।

# विमेंस आईपीएल टीमों से बोर्ड को मिलेंगे 4000 करोड़ रुपये

### बुधवार को होगी नीलामी, 800 करोड़ तक हो सकती है एक टीम की कीमत

नई दिल्ली, 23 जनवरी । विमेंस टीमों का ऑक्शन बुधवार यानी 25 जनवरी को होना है। यानी इस दिन डिसाइड हो जाएगा कि कौन सी कंपनी किस टीम को खरीदती है। इस ऑक्शन से भारतीय क्रिकेट बोर्ड को 4 हजार करोड़ रुपए तक मिल सकते हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, एक टीम 500 से 600 करोड़ रुपए तक में बिक सकती है। बोली 800 करोड़ रुपए के ऊपर भी जा सकती है।

महिला में टीम खरीदने के लिए 30 से ज्यादा कंपनियां होड़ में है। इसमें मेंस के मालिकों समेत अडाणी समूह, टोरेंट समूह, हल्दीराम ग्रुप, कैप्री ग्लोबल, कोटक और आदित्य बिड़ला ग्रुप शामिल है। इन सभी ने 5 लाख रुपए का बिडिंग डॉक्यूमेंट खरीदा था।

इनमें से कई कंपनीयां 2021 में मेंस में टीम खरीदने की कोशिश कर चुकी है। पर वे नाकाम रहीं। मुंबई इंडियंस, राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली कैपिटल्स और दुनिया भर में अपनी पहले से मौजूद मेंस टीम के कलेक्शन में एक महिला टीम को भी जोड़ना चाहते है। ऐसा करने के लिए सभी टीमों के मालिक गंभीरता से विचार कर रहे है।

बोर्ड ने हाल ही में विमेंस के 5 साल के मीडिया राइट्स 951 करोड़ रुपए में बेचे हैं। यानी एक मैच 7 करोड़ रुपए का होगा। बोर्ड पहले पांच साल तक मीडिया राइट्स से हुई कमाई का 80 हिस्सा टीमों में डिस्ट्रीब्यूट करेगा। इसके बाद 5 साल 60 और उसके बाद 50 हिस्सा टीमों के खाते में जाएगा। इसके अलावा, फ्रेंचाइजी को सेंट्रल लिसेंसिंग राइट्स से प्राप्त राशि का 80 फीसदी भी मिलेगा। बाकी का रेवेन्यू स्पोंसर्स, सेल्स और टिकट से मिलेगा।

विमेंस का पहला सीजन इस साल मार्च में खेला जाएगा। 5 टीमों के बीच कुल 22 मैच मुंबई के डीवाय पाटील और ब्रेबोर्न स्टेडियम में ही होंगे। वानखेड़े स्टेडियम को पुरुष के लिए तैयार किया जाएगा। अब तक विमेंस टी-20 चैलेंज आयोजित करता रहा था। इसके मुकाबले पुरुष सीजन के बीच में होते थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक महिला टीम को ऑक्शन में खिलाड़ी खरीदने के लिए 12 करोड़ रुपए का पर्स मिलेगा। हर साल पर्स में 1.5 करोड़ रुपए का इजाफा होगा। 25 जनवरी को 5 टीमों के नाम सामने के बाद नीलामी होगी।

# एक पैर से दुनिया के सबसे ऊंचे पहाड़ किए फतह

### शारीरिक अक्षमता भी ऊंचे इरादों को नहीं डिगा सकती, यही साबित करने के लिए दुर्गम पहाड़ों पर क्लाईबिंग और स्कीइंड करता हूं



नई दिल्ली, 23 जनवरी। मैं वासु सोजित्रा। क्लाइंबर, स्कीयर, स्केटबोर्डर और पेशेवर फुटबॉलर भी। लेकिन सामान्य कैटेगरी में नहीं, बल्कि दिव्यांग कैटेगरी में। मेरा दायां पैर 9 महीने की उम्र में सेप्टीसीमिया (खून से जुड़ी बीमारी) के कारण काटना पड़ा। जब समझ आई, तो कई प्रॉस्थेटिक पैर आजमाए, लेकिन किसी से खास मदद नहीं मिली। ऐसा लगता था कि वह मुझे बांध रहा हो और आगे बढ़ने से रोक रहा हो। स्वतंत्र महसूस नहीं करता था। इसके बाद फोरआर्म प्रॉस्थेटिक क्रजेस (बैसाखी) का प्रयोग शुरू किया। इन्हें मैं 'निंजा-स्टिक' कहता। बहुत से लोग अक्षमता को भयानक घटना के रूप में देखते हैं। वे मेरे पास आकर दया की भावना दिखाते। लेकिन मेरे हिसाब से दिव्यांगता और अक्षमता कमजोरी की निशानी नहीं हैं। समस्याएं वे हैं, जो जिंदगी में बाधा डालती हैं। मैं स्कीइंग, क्लाइंबिंग कर ऐसी बाधाओं और धारणाओं को तोड़ता हूं। मेरा मानना है कि हम इंसान हैं और हम लोगों में अक्षमता हमेशा रहेगी। बहरहाल, मैंने 11 साल की उम्र में सबसे पहले स्कीइंग की थी। मैं भाई के साथ कनेक्टिकट की स्थानीय पहाडी पर स्कीइंग करने गया था। वहां के अन्य स्कीयर ने मुझसे सिर्फ इतना कहा- गुड जॉब, ऐसे ही करते रहो। इससे मुझे काफी प्रेरणा मिली। मैं शुरुआत में भारत में पला-बढ़ा, जहां काफी गरीबी देखी थी। वहां के अनुभवों ने मुझे न केवल दिव्यांग समुदाय बल्कि हाशिए पर रहने वाले समूहों के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया। मैं और मेरे दोस्त पीट मैकेफी नॉर्थ अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी डेनाली फतह करने वाले पहले दिव्यांग एथलीट बने थे। मैं अमेरिका की दिव्यांग फुटबॉल टीम में एक पेशेवर खिलाड़ी भी हूं।

# भारतीय पिचों पर आगर हो सकते है एक्स फैक्टर : लेहमन

सिडनी, 23 जनवरी। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कोच डैरेन लेहमन ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में एश्टन आगर को एकादश में जगह देनी चाहिये क्योंकि वह भारतीय पिचों पर एक्स-फैक्टर साबित हो सकते हैं। लेहमन ने ऑस्ट्रेलियाई रेडियो स्टेशन सेन पर कहा, मैं वहां जा चुका हूं, इसलिये मैं एक फिन्गर स्पिनर को तरजीह दूंगा।

उल्लेखनीय है कि जब ऑस्ट्रेलिया ने 2017 में भारत को पुणे में मात दी थी तब लेहमन मेहमान टीम के कोच थे। पुणे टेस्ट में वामहस्त स्पिनर स्टीव ओकीफ ने मैच जिताऊ प्रदर्शन करते हुए 12 विकेट अपने नाम किये थे। लेहमन ने कहा, गेंद हवा में तेजी से सफर करती है। कुछ गेंदें स्पिन होती हैं और कुछ नहीं। लेग स्पिनर कभी-कभी बहुत अधिक स्पिन कर देते हैं। (फिंगर स्पिनरों की) कुछ गेंदें फंसकर आती हैं, आप पगबाधा आउट हो जाते हैं। यह फिंगर स्पिनर को चुनने का एक कारण है।

उन्होंने कहा, हमने चार साल पहले (2017) ऐसा किया था और स्टीव ओकीफ ने भारत को अपने दम पर आउट करके हमें वहां आखिरी जीत दिलाई थी। मैं इसी कारण से आगर को टीम में चुनूंगा। वह थोड़ी बल्लेबाजी कर सकते हैं और दूसरे स्पिनर के तौर पर गेंदबाजी कर सकते हैं।

भारत के खिलाफ होने वाले चार टेस्ट मैचों के लिये चुनी गयी ऑस्ट्रेलियाई स्क्वाड में आगर एकमात्र वामहस्त स्पिनर हैं। इसके अलावा ऑस्ट्रेलियाई टीम में लेग-स्पिनर मिचेल स्वेपसन और ऑफ-स्पिनर टॉड मर्फ़ी का नाम भी शामिल है।

# इंडोनेशिया मास्टर्स में नयी ऊर्जा के साथ उतरेंगे भारतीय शटलर

जर्काता, 23 जनवरी। इंडिया ओपन में मिली हार को भुला कर लक्ष्य सेन समेत भारत के अन्य शीर्ष शटलर मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट में नये जोश के साथ कोर्ट में उतरेंगे। इंडिया ओपन में भारत का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था। भारत के स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने औसत दर्जे का प्रदर्शन करते हुये टूर्नामेंट से जल्द विदाई ली थी, जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की कूल्हे की चोट के कारण भारतीय चुनौती दूसरे दौर में ही समाप्त हो गई थी।

पीवी सिंधु के अलावा सात्विकसाईराज और चिराग की जोड़ी इस सप्ताह नहीं खेल रही है, ऐसे में भारत की निगाहें विशेषकर लक्ष्य सेन पर होंगी। अल्मोड़ा के 21 वर्षीय खिलाड़ी का मुकाबला मलेशिया ओपन के फाइनल में पहुंचकर सनसनी मचाने वाले कोडाई नारोका से होगा। इंडिया ओपन में सेन के खिलाफ पहले दौर में हार से निराश आठवीं वरीयता प्राप्त एचएस प्रणय भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे। प्रणय अपने पहले मैच में जापान के कांता सुनेयामा से भिड़ेंगे जहां उनको कड़ी चुनौती मिलने की संभावना है।

वर्ष 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत इंडिया ओपन में रोमांचक मुकाबले में विक्टर एक्सेलसेन से हार गये थे, मगर अब वह नये जोश के साथ पूर्व विश्व नंबर एक इंडोनेशिया के शेसर हिरेन रुस्तावितो के खिलाफ जीत हासिल कर अपनी लय पाने की कोशिश करेंगे।

महिला एकल में साइना नेहवाल पहले दौर में चीनी ताइपे की पाई यू पो से भिड़ेंगी। भारतीयों को उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ने इंडिया ओपन के दूसरे दौर में जगह बनाई थी वहीं मालविका बंसोड़ पूर्व विश्व चैंपियन रत्चानोक इंतानोन के खिलाफ ओपनिंग करेंगी। पुरुष युगल में कृष्णा प्रसाद गरागा और विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला अपने पहले मुकाबले में मलेशिया के टैन कियान मेंग और टैन वी कियोंग से भिड़ेंगे। एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिल पूर्व की चोट के कारण इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले रहे हैं। महिला युगल में एन सिक्की रेड्डी और श्रुति मिश्रा, हरिता मंझील एच और अशना रॉय, अश्विनी भट के और शिखा गौतम मैदान भारत की तरफ से अपनी दावेदारी पेश करेंगी।

# राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता में जोधपुर के पूराराम को गोल्ड



नई दिल्ली, 23 जनवरी। राष्ट्रीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई), दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता-2023 (एन्डूरेन्स 40- किमी) सागर एकूएस्ट्रियन स्पोर्ट्स अकैडमी , गजधार पूरा ,जयपुर में 20 जनवरी से 22 जनवरी 2023 को संपन हुई जिसमे 12 राज्यों से 15 टीमें के करीब 150 से ज्यादा घाड़े एवं घुड़सवारों ने भाग लिया ।

इसमें जूरी मेम्बर कर्नल भरत सिंह प्रेसीडेंट ठाउन्ड जूरी तथा अब्दुल अजीज सर टेक्निकल डेलीगेट तथा श्री नीरव पटेल जूरी मअम्बेर थे । जिनकी नियुक्ति राष्ट्रीय घुड़सवारी महासंघ(ईएफआई), दिल्ली द्वारा की जाती है ।

राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता-2023 (40-किमी) में सागर एकूएस्ट्रियन स्पोर्ट्स अकेडमी, जयपुर के पूराराम ने व्यक्तिगत स्पर्धा ने गोल्ड मेडल , राहुल कुमार ने सिल्वर मेडल एवं सर्वंन सिंह ने ब्रॉनज़ माडल जीता। टीम स्पर्धा मे भी सागर एकूएस्ट्रियन स्पोर्ट्स अकेडमी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्वालीफ़ाई घोड़े एवं घुड़सवार 24 -25 फरवरी 2023 को सागर एकूएस्ट्रियन स्पोर्ट्स अकैडमी, गजधार पूरा, जयपुर में ही आयोजित एन्डूरेन्स 60- किमी में भाग लेंगे।

# जयपुर दौरे पर आए भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा का भव्य स्वागत

## नड्डा भाजपा की प्रदेश कार्य समिति की बैठक को संबोधित करने आए हैं

जयपुर, 23 जनवरी (का.सं.)। भाजपा राजस्थान प्रदेश कार्यसमिति बैठक को संबोधित करने जयपुर आये भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का जयपुर में विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने राजस्थानी साफा और पार्टी का दुपट्टा पहनाकर जेपी नड्डा का स्वागत किया।

- प्रदेश कार्य समिति को संबोधित करते हुए नड्डा ने कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार पर भी जोरदार हमला बोला और आह्वान किया कि आगामी चुनावों में कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंकना है।
- नड्डा ने कहा कि, जनसंघ से लेकर भाजपा तक राजस्थान में पार्टी को मजबूत करने में सुंदर सिंह भंडारी, भैरोसिंह शेखावत, भंवर लाल शर्मा और ललित चतुर्वेदी के भारी योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

भाजपा राजस्थान प्रदेश कार्यसमिति बैठक को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संबोधित किया और कहा कि वीरों की भूमि मरुधरा पर भव्य आत्मिक स्वागत-अभिनंदन के लिए राजस्थान के करोड़ों कार्यकर्ताओं और पावन धरा राजस्थान को वंदन एवं प्रणाम करता हूं। भाजपा राजस्थान इकाई द्वारा किए गए तमाम आंदोलनात्मक और संगठनात्मक कार्यक्रमों के लिए मैं प्रदेश नेतृत्व और प्रदेश टीम और कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूँ। नड्डा ने कहा कि हर किसी को विधायक और सांसद बनने की चाहत है। मगर मेरा मानना है कि सभी को नेता बनना चाहिए। पद अपने आप मिल जाएगा।

उन्होंने कहा कि जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी को राजस्थान में मजबूत करने में सुंदर सिंह भंडारी, भैरोंसिंह शेखावत, भंवरलाल शर्मा, ललित किशोर चतुर्वेदी के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। हमारी पार्टी विचारधारा की पार्टी है, पॉलिटिक्स विद मिशन, पॉलिटिक्स विद आईडियोलॉजी के साथ हम काम करते हैं, देश की सेवा, पार्टी और विचारधारा हमारे लिए सर्वोपरि है। लक्ष्य हमेशा विचारधारा की मजबूती का लेकर चलें, कैडर की मजबूती का लेकर चलें, क्योंकि हमारी पार्टी कैडर बेस पार्टी है, कैडर मजबूत होगा तो आप अपने आप मजबूत हो जाएंगे, पार्टी मजबूत होगी तो आप अपने आप मजबूत हो जाएंगे, पार्टी सर्वोपरि है।

नड्डा ने कहा कि हमारी पार्टी में प्रजातंत्र है और हम प्रजातांत्रिक तरीके से कैडर की मजबूती के लिए कार्य करते हैं, भाजपा एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है बाकी सभी पार्टियां फैमिली पार्टी बनकर रह गई हैं, कांग्रेस पूरी तरह खत्म हो चुकी है, एक फैमिली की पार्टी के रूप में कांग्रेस की पहचान बन चुकी है, रीजनल पार्टियां भी फैमिली पार्टी बन कर रह गई हैं।

कांग्रेस को यही नहीं पता कि वह किसको जोड़ रहे हैं, किसको तोड़ रहे हैं, राहुल गांधी की पूरी यात्रा में दाएं बाएं वही लोग चले जिन्होंने भारत के खिलाफ नारे लगाए, भारत के खिलाफ साजिशें की।

भाजपा का कार्यकर्ता होने के नाते मैं इस बात के लिए संकल्पित हूं कि अंतिम सांस तक पार्टी के लिये कार्य करूंगा, सर्वस्पर्शी और सर्व समावेशी लक्ष्य के साथ काम करें। बड़े लक्ष्य के लिए बड़ा दिल लेकर और बड़े मन से कार्य करें और मिशन 2023 और 2024 के लिए संकल्पित होकर कार्य करें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2023 में राजस्थान और 2024 में केंद्र में फिर से भाजपा की सरकार बने इसके लिए पूरी मजबूती से कार्य करें।

उन्होंने कहा कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार के शासन में राजस्थान के बदतर हालात हैं, जिसमें महिला अपराध, दलित अपराध, साइबर अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। ऐसी जनविरोधी और कुशासन देने वाली कांग्रेस सरकार को हमें उखाड़ फेंकने के लिए लड़ाई लड़नी है, इसको जनता के बीच जाकर एक्सपोज़ करते रहना है।



*भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने सोमवार को जयपुर में राजस्थान प्रदेश कार्यसमिति की बैठक ली। उनके साथ बी.जे.पी. प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया और केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत भी मौजूद थे।*

## महारानी कॉलेज छात्रसंघ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

- कॉलेज प्रशासन ने भी कार्यक्रम में छात्रों द्वारा मारपीट करने और मंच पर तोड़फोड़ करने का मामला दर्ज कराया है।
- दुखद बात यह भी है कि, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत मंच पर मौजूद थे, जब यह घटनाक्रम हुआ।

निर्मल चौधरी को महासचिव अरविंद जाजड़ा ने थप्पड़ मार कर नीचे गिरा दिया। घटना को लेकर दोनों पक्षों के समर्थक आपस में भिड़ गए और मंच पर तोड़फोड़ कर दी। उधर कॉलेज प्रशासन और निर्मल चौधरी की ओर से घटना को लेकर अशोक नगर थाने में अलग-अलग मुकदमें दर्ज कराए गए हैं।

कार्यक्रम समाप्ति से कुछ देर पहले राजस्थान विश्वविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी मंच पर पहुंचे। इस दौरान महासचिव अरविन्द जाजड़ा ने निर्मल चौधरी को थप्पड़ मारकर मंच से धक्का दे नीचे गिरा दिया। इस घटना के बाद निर्मल समर्थक आक्रोशित हो गए और उन्होंने मंच पर चढ़कर तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सहित अन्य लोग मंच पर ही मौजूद थे। देखते ही देखते निर्मल समर्थकों ने मंच को पूरी तरह से तोड़ दिया और वहां लगी टेबल, कुर्सी, नेम प्लेट, साउंड सहित सबको नीचे फेंक दिया। इस दौरान निर्मल और जाजड़ा समर्थकों के बीच लाठी-डंडों से जमकर मारपीट हुई। हंगामे को बढ़ता देख केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सहित अन्य अतिथि मंच से उतरकर चले गए। पूरी घटना को वहां मौजूद पुलिस और कॉलेज प्रशासन मूक दर्शक बनकर देखता रहा। गनीमत रही कि मंच पर मौजूद केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सहित अन्य अतिथियों को किसी प्रकार की चोट नहीं आई।

जिस समय यह घटना हुई कार्यक्रम समाप्ति पर था। कुलपति प्रो. राजीव जैन समापन भाषण दे रहे थे। इसी बीच आरयू छात्रसंघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी समर्थकों के साथ कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मंच पर पहुंचे। निर्मल मंच से हाथ हिलाकर छात्राओं का अभिवादन कर रहे थे, कि इसी दौरान जाजड़ा ने निर्मल को थप्पड़ मारकर मंच से गिरा दिया।

घटना के बाद निर्मल चौधरी ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में पुलिस के सामने असामाजिक तत्व इस प्रकार गुंडागर्दी कर रहे है। ऐसे हालात पहले नक्सली क्षेत्रों में थे, वैसे अब राजस्थान में होते जा रहे है। यह पुलिस प्रशासन की नाकामी का परिणाम है। मुझे कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए बुलाया गया था। मैं इस घटना से डरने वाला नहीं हूं, छात्र शक्ति के लिए हमेशा खड़ा रहूंगा। इधर निर्मल चौधरी की तरफ से अशोक नगर थाने में अरविंद जाजड़ा के खिलाफ मारपीट का जबकि कॉलेज प्रशासन की ओर से छात्रों के खिलाफ मारपीट व तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

कार्यक्रम में हंगामा होने के बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शेखावत के निकलने के साथ ही कुलपति प्रो. राजीव जैन और कॉलेज प्राचार्य प्रो. मुक्ता अग्रवाल सहित अन्य विश्वविद्यालय शिक्षक भी चले गए। प्रो. मुक्ता अग्रवाल अपने ऑफिस में आकर बैठ गई, वहीं कुलपति भी विश्वविद्यालय चले आए। जबकि उनकी जिम्मेदारी थी कि वे मौके पर उपस्थित होकर छात्रों से शांति बनाए रखने की अपील करते। उनके जाने के बाद भी छात्रों की बीच मारपीट होती रही। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं दहशत में आ गई।

इस घटना के बाद निर्मल का एक वीडियो पुलिस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। यह वीडियो उस समय का है जब छात्रसंघ चुनाव की मतगणना के बाद जब निर्मल चौधरी छात्रसंघ अध्यक्ष पद विजयी हुए थे। विजयी होने के बाद पुलिस जवान शपथ दिलाने के लिए निर्मल को लेकर जा रहे थे। उस दौरान निर्मल पुलिस को धमकाते हुए दिख रहे है।

कार्यक्रम में हंगामा होने के बाद एबीवीपी के राष्ट्रीय मंत्री हुश्यार मीणा कार्यकर्ताओं के साथ महारानी कॉलेज पहुंचे। महासचिव अरविन्द जाजड़ा को बंधक बनाने का आरोप लगाते हुए एबीवीपी के छात्र प्रिसिंपल प्रो. मुक्ता अग्रवाल के चैंबर में घुस गए। इस दौरान पुलिस छात्रों को खदेड़कर बाहर ला रही थी, तभी धक्का-मुक्की में सीआई नेमीचंद सीढ़ियों से नीचे गिर गए और उनके उपर एक छात्र भी गिर गया। नेमीचंद सिविल ड्रेस में थे, इस इस कारण पुलिस जवान भी उन्हें पहचान नहीं पाए और उन पर भी लाठीचार्ज कर दिया। गिरने से नेमीचंद के पैर में भी चोट आई है।

एबीवीपी के राष्ट्रीय मंत्री हुश्यार मीणा ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में इस प्रकार की घटना का विद्यार्थी परिषद् निंदा करती है। दोनों ही पार्टी के नेताओं को भी कॉलेज व विश्वविद्यालय कैंपस में इस प्रकार के कार्यक्रम में आने से बचना चाहिए। वहीं अध्यक्ष और महासचिव दोनों का ही बराबर का अधिकार है, दोनों को ही मंच पर समान रूप से बिठाना चाहिए। महारानी कॉलेज में छात्रों के प्रवेश पर रोक है। इसके बावजूद कॉलेज प्रशासन ने बाहरी छात्रों सहित विश्वविद्यालय के छात्रों को कॉलेज में प्रवेश देकर कार्यक्रम में शामिल होने का मौका दिया। छात्रसंघ पदाधिकारियों के साथ भी बढ़ी संख्या में छात्र वहां पहुंच गए। अगर बाहरी छात्रों को प्रवेश नहीं दिया जाता तो, इस घटना को होने से रोका जा सकता था। वहीं केन्द्रीय मंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने पर भी पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था की पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए। महारानी कॉलेज में जब भी छात्रसंघ कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम होता है, वो हंगामे की भेट चढ़ जाता है। करोना से पहले भी तत्कालीन छात्रसंघ अध्यक्ष रितु बराला के कार्यालय उद्घाटन के दौरान हंगामा हुआ था।

## 'कमियों के बावजूद...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लोकतंत्र के समान है जिसमें यह सभी खराब प्रणालियों के बीच एक सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन है। उन्होंने कहा कि एक मात्र अन्य विकल्प नैशनल जूडीशियल अपॉइन्टमैंट्स कमीशन (एन.जे.ए.सी.) है, लेकिन कोलीजियम सिस्टम इससे कम बुरा है।

शीर्ष अदालत में वर्ष 1993 में नरिमन ने ही एन.जे.ए.सी. का विरोध किया था। बार एण्ड लीगल वैबसाइट को दिए एक साक्षात्कार में नरिमन ने कहा कि "उन्होंने तर्क दिया था कि जजों की नियुक्ति जजों द्वारा नहीं की जानी चाहिए, लेकिन इस मुद्दे से बाद में जिस तरह से निबटा गया और विवाद पैदा हो गए, उसके आधार पर मैं इसी बात पर जोर दूंगा कि कोलीजियम ही सर्वश्रेष्ठ विकल्प है।"

जब उनसे कोलीजियम की त्रुटियों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि पूरी कवायद यह सुनिश्चित करने के लिए होनी चाहिए कि सिस्टम के अन्तर्गत सबसे बेहतर व्यक्ति को नियुक्ति मिले और जजों द्वारा कुछ जजों का चयन किए जाने में कुछ भी गलत नहीं है क्योंकि ऐसा हमेशा से हुआ है और आखिरकार जज भी तो मानव हैं।

## भाजपा तमिलनाडू में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जो उसके प्रति सहानुभूति रखने वाला हो।

इस चैनल की लॉचिंग भाजपा की तमिलनाडु इकाई करेगी। ऐसी संभावना है कि यह टी.वी. चैनल "जनम टी.वी.) का ही विस्तार (एक्सटेंशन) होगा, जो केरल में भाजपा की आवाज माना जाता है। यह चैनल चेन्नई मे अल्वार पैट के बाहर किसी स्थान पर काम करेगा। चेन्नई के मीडिया विश्लेषकों का कहना है कि यह कोई चौंकाने वाली चीज नहीं है। अगर यह चैनल व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य नहीं भी रहता है, तो भी उसे काफी सहयोग एवं सम्बल मिल जायेगा क्योंकि भाजपा दिल्ली में सत्तारूढ़ है। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई इस टी.वी. चैनल प्रोजेक्ट को लेकर बहुत ज्यादा उत्सुक एवं उत्साहित हैं, जो भाजपा की गतिविधियों एवं क्रियाकलापों को व्यापक कवरेज देगा तथा 4 अप्रैल 2023 को शुरु होने जा रही उनकी राज्यव्यापी पदयात्रा को पूरी तवज्जो देते हुये, उसका प्रचार-प्रसार करेगा।

प्रसंगवश बात दें कि केरल में भी, जनम टी.वी. ने लोकल मीडिया में पार्टी का पला भारी रखा था तथा सबरीमाला केस को इसके द्वारा ही महत्ता के फलस्वरुप, इसके दर्शकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई थी तथा मुख्यधारा के मीडिया चैनलों की प्रतिस्पर्धा में आ गया था।

## सभी मैडिकल कॉलेजों को कहा गया है कि...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की एकमात्र प्राथमिकता चिकित्सा तथा मरीजों एवं डॉक्टरों के हित होने चाहिये।

फेमा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रोहनकृष्णन ने कहा, "मेरे ख्याल से तो एन.एम.सी. एवं स्वायत्तशासी, स्वतंत्र तथा राजनीति-निरपेक्ष निकाय की तरह काम नहीं कर रहा है। डॉ. कृष्णन, मौलाना आज़ाद मैडिकल कॉलेज, नई दिल्ली, जो केन्द्र सरकार का कॉलेज है, में ऑर्थोपैडिक सर्जन हैं।

उन्होंने कहा, "दुख का विषय है कि कमीशन, जिसकी स्थापना मैडिकल शिक्षा में सुधार तथा हर जगह हर व्यक्ति के लिये चिकित्सा सुविधाओं में वृद्धि करने के उद्देश्य से की गई थी, ने इस प्रकार का सर्कुलर जारी किया है। इस प्रकार का कोई भी सर्कुलर प्रदर्शित करता है कि एन.एम.सी. अफसरशाहों तथा पी.एम.ओ. को खुश करने की कोशिश कर रहा है।"

दो अन्य फेमा-सदस्यों ने कहा कि एन.एम.सी. को चिकित्सा-सुविधा एवं सेवाओं से संबंधित मुद्दों पर विचार करने पर ध्यान देना चाहिये।

एक तरफ, जहाँ स्वास्थ्य क्षेत्र के लिये बजट-आवंटन कम होता जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ, अन्य सरकारी विभाग "सरकार के प्रति ज्यादा निष्ठा" दिखा रहे हैं। शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार द्वारा गत माह राज्यसभा में उपलब्ध कराये गये आँकड़ों के अनुसार, केन्द्र द्वारा शिक्षा पर किया जाने वाला खर्च, जो 2016-17 में भारत की जी.डी.पी. का 1.09 प्रतिशत था, गिरकर 2017-18 में 0.97 प्रतिशत तथा 2018-19 में 0.96 प्रतिशत रह गया। लब्धप्रतिष्ठ समाज विज्ञानी आन्द्रे बैतिलि ने कहा कि सरकार तथा रेग्यूलेटरी के लिये अनुचित है कि वह विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम को देखने के लिये सर्कुलर जारी करे।

बैतिलि ने कहा, "संस्थाएं यह निर्णय लेने के लिये स्वतंत्र होनी चाहिये कि वे विद्यार्थियों या फैकल्टी के लिये क्या कार्यक्रम आयोजित करना चाहती हैं। सरकार द्वारा रेग्यूलेट्री बॉडी को ऐसा जाने तथा रेग्यूलेटर्स द्वारा संस्थानों को ऐसा कहे जाने की प्रवृत्ति गलत एवं अस्वस्थ (परम्परा की शुरुआत) है।

पोस्ट ग्रेजूएट कर रहे मैडिकल छात्र कहते हैं कि सरकारी अस्पतालों में रेजिडैन्ट डॉक्टर्स की कमी उन महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक है जो चिकित्सकों और रोगियों, दोनों को प्रभावित कर रहा है।

नई दिल्ली के ऑल इंडिया इन्स्टीट्यूट ऑफ मैडिकल साइंसेस (ऐम्स) के एक रेजिडैन्ट डॉक्टर ने कहा कि "रेजिडैन्ट्स की कमी का मतलब है कि डॉक्टर्स प्रत्येक रोगी को कम समय देने के लिए बाध्य हैं।

रेजिडैन्ट ने आगे कहा कि "हैल्थ केयर में कम व्यय, मानव संसाधन और चिकित्सकां की सुरक्षा नैशनल मैडिकल कमीशन की शीर्ष प्राथमिकताएं होनी चाहिए ना कि स्क्रीन्ड इवैन्ट्स का प्रोत्साहन।

एक केन्द्रीय शैक्षणिक संस्थान के एक प्रोफेसर ने कहा कि विडम्बना यह है कि सरकार शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से प्रचार पर जोर दे रही है और साथ ही शिक्षा के लिए फण्ड्स में भी कमी कर रही है।

प्रोफेसर ने नाम ना छापने का अनुरोध करते हुए कहा कि "सरकारी विश्वविद्यालयों के पास फण्ड्स की कमी है। फण्डिंग में प्रत्येक वर्ष वास्तविक कमी आ रही है।" फिर भी सरकारी एजेंडा को आगे बढ़ाने के लिए नियामक संस्थानों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसमें सरकार की गलत प्राथमिकताओं की झलक दिखाई देती है। एफ.ए.आई.एम.ए. में चर्म रोग विशेषज्ञ एवं सलाहकार मनीष जांगड़ा ने कहा कि "राजधानी तक के सरकारी अस्पतालों में दवाईयां, उपकरण और स्टाफ की कमी है और एन.एम.सी. हैल्थ केयर में ढांचागत सुधार करने के बजाए प्रचार में भाग ले रहा है।"

शिक्षा मंत्रालय ने "परीक्षा में चर्चा" को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा परिकल्पित संवाद के एक ऐसे कार्यक्रम की संज्ञा दी है जिसमें वे परीक्षा संबंधी घबराहट और स्कूल के बाद के जीवन पर देश और विदेश के छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से वार्तालाप करते हैं।"

कार्यक्रम दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में 27 जनवरी को होगा। इसके लिए 150 देशों के 3.1 मिलियन से अधिक विद्यार्थियों और 5 लाख 60 हजार शिक्षकों के अलावा 50 देशों के 1 लाख 95 हजार अभिभावकों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया है।

मंत्रालय ने कहा है कि "कार्यक्रम का उद्देश्य जीवन को एक उत्सव की भांति मनाने को लेकर तनाव पर पार पाने में मदद करना है।"

## मीडिया पर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सुप्रीम कोर्ट के वर्ष 2015 के एक निर्णय की याद दिलाई जिसमें आई.टी. एक्ट की धारा 66ए को असंवैधानिक मानते हुए निरस्त कर दिया गया था। कोर्ट ने कहा था कि अनजाने में हुई गलतियां तर्कसंगत प्रतिबंधों का आधार नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि प्रैस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (पी.आई.बी.) ऑनलाइन "फेक न्यूज़" को लेकर चेतावनी देता रहा है, लेकिन उसकी समझ को कई बार गलत पाया गया। उन्होंने कहा कि यदि मसौदा ही कानून बन जाता है तो ऐसी गलत राय को पलटा नहीं जा सकेगा क्योंकि इसमें अपील का कोई प्रावधान नहीं है।

लोकतांत्रिक नियम बनाए रखन को लेकर आई.जे.यू. ने कहा कि सरकार को ऑनलाइन गलत जानकारी या दुष्प्रचार पर निगरानी रखने के लिए एक स्वतंत्र एजेंसी का गठन करना चाहिए। उसने आगे कहा कि "फिर भी विधिक रूप से विवादित किसी विषय के नियमन का काम किसी स्वतंत्र नियामक प्राधिकरण का होना चाहिए ना कि सरकार का।"

## महाराष्ट्र के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

केस में दी गई जमानत की पुष्टि की जाती है। इसके बाद, बैंच इस याचिका को सरसरी तौर पर खारिज करने लगी तथा यह स्पष्ट भी कर दिया कि उच्च न्यायालय द्वारा किये गये विचारों से ट्रायल प्रभावित नहीं होगी, क्योंकि वे विचार केवल जमानत के मुद्दे तक ही सीमित हैं। देशमुख 2 नवमबर, 2021 को हुई उनकी गिरफ्तारी के दिन से ही हिरासत में हैं। अक्टूबर, 2022 में, बम्बई उच्च न्यायालय ने मनीलॉण्डरिंग के एक केस में पूर्व गृह मंत्री को पहले ही जमानत दे दी थी। उस जमानत को रद्द करने से भी सर्वोच्च न्यायालय ने इंकार कर दिया था। देशमुख एक अन्य सी.बी.आई. केस के सिलसिले में जेल में थे।

# कोटपूतली में तोड़फोड़ की घटनाओं का दौर फिर शुरू

## तोड़फोड़ से प्रभावित व्यापारियों व मकान मालिकों में रोष व्याप्त

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे में नगर परिषद् द्वारा कोटपूतली के मास्टर प्लान 2011-31 को लागू करने और सड़क चौड़ी करने के नाम पर पुलिस नगर पालिका तिराहे से आज़ाद चौक मार्ग के बीच बनी करीब 15 संरचनाओं को ध्वस्त किया।

गौरतलब है कि विगत अगस्त माह से परिषद् द्वारा मुख्य चौराहे से पुरानी नगर पालिका तिराहे तक सड़क को 80 फीट चौड़ा करने के नाम पर व पूतली कट से बानसूर मोड खण्ड के सरदार स्कूल से शनि मंदिर तक की सड़क को 60 फीट चौड़ा करने के नाम पर भी कई इमारतों को गिराया था। यहां यह भी गौरफरमाने योग्य है कि इस कार्रवाई के खिलाफ करीब 100 से भी अधिक मामले में हाईकोर्ट में लंबित हैं। क्योंकि कई प्रभावित दुकानदार व मकान मालिकों का कहना है कि नगर परिषद् ने कार्रवाई करने से पूर्व नोटिस नहीं दिया है।

- पुरानी नगर पालिका तिराहे से तहसील परिसर आजाद चौक मार्ग पर चला नगर परिषद का पीला पंजा।
- कोटपूतली में मास्टर प्लान के तहत संरचनायें तोड़ने का मामला, 15 संरचनाओं को ध्वस्थ किया।
- व्यापारी सूर्यकांत बिदाणी का इस कारवाई से सुरक्षा पाने के लिए मुंसिफ कोर्ट में दर्ज मामला लंबित था, प्रशासन ने उनकी भी दुकान तोड़ दी और घटनास्थल से जबरदस्ती उन्हें उठाकर जेल में डाल दिया।

उल्लेखनीय है कि मास्टर प्लान कार्यवाही के चतुर्थ चरण में पुरानी नगर पालिका तिराहे से आज़ाद चौक स्थित कचहरी परिसर के मार्ग को 40 फीट किया जाना है। वहीं आज़ाद चौक से अतिक्रमण हटाकर उसे पुराने मूल स्वरूप में लाना है। अधिकारियों का कहना है कि कार्रवाई से पूर्व सड़क में बाधक बन रही 73 संरचनाओं को अक्टूबर माह में ही नोटिस जारी कर दिये गये थे, जिसके बाद व्यापारियों व संरचना मालिकों ने स्वयं के स्तर पर ही निर्माण हटाने का कार्य शुरू कर दिया।

अधिकारियों का कहना है कि लगभग 90 प्रतिशत से अधिक निर्माण हटाये जा चुके हैं। इसी को लेकर एक अतिक्रमण सहित शेष बच रही 15 संरचनाओं को हटाने की कार्यवाही सोमवार अल सुबह अंजाम दी गई। नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह मीणा के नेतृत्व में कार्मिकों समेत पुलिस का भारी जाप्ता उक्त मार्ग पर सोमवार तड़के पहुंचा, जहां निर्माण हटाये गये।

कस्बे के आज़ाद चौक में एक कथित निर्माण को हटाने के दौरान नगर परिषद अधिकारियों को विरोध का सामना भी करना पड़ा। इस दौरान परिषद ने कचहरी के मुख्य द्वार पर निर्माणों को हटाया तो दुकान मालिक व्यापारी सूर्यकान्त बिदाणी ने एक पक्षीय कार्यवाही का आरोप लगाते हुए भारी विरोध प्रदर्शन किया, जिस पर पुलिस ने पहले तो उसे पीटा फिर हिरासत में ले लिया। व्यापारी का कहना है कि तोड़फोड़ की कार्रवाई से सुरक्षा पाने के लिए उन्होंने कोटपुतली मजिस्ट्रेट के समक्ष याचिका भी दायर कर रखी है, जिसकी सुनवाई 23 तारीख को ही थी। उन्होंने आगे बताया कि उन्हें इस अदालत से अंतरिम रोक के आदेश प्राप्त नहीं हुए।

उन्होंने आगे बताया कि कोर्ट में मामला लंबित होने के बावजूद नगर परिषद् ने सुबह 6 बजे आकर उनकी दुकान को ध्वस्त कर दिया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उन्हें जोर जबरदस्ती से खींचकर, मुजरिमों की मार्फत साढे 6 बजे पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उन्होंने कहा कि उनकी गुहारों का किसी भी अधिकारी पर कोईअसर नहीं पड़ा, बल्कि उनके आत्मसम्मान, आत्मबल को कुचलते हुए पुलिस उन्हें घसीटते हुए थाने ले गई। उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण से उनकी मानहानि हुई है। उन्होंने आगे बताया कि उनकी दुकाने के अन्दर पड़े सामान को किसी भी अधिकारी ने सुरक्षित रखने के लिए जब्त किया ना ही नगर परिषद की हिरासत में सौंपा। उनका कहना है कि ये सारा सामान स्थानीय गुण्डों व बाहुबलियों ने खुर्दबुर्द कर दिया या चोरी कर ली।

उन्होंने बताया कि उनका निर्माण 70 साल पुराना है और उनके पास 1958 की सेल की रजिस्ट्री भी है। परन्तु अदालत से राहत नहीं मिलने की वजह से प्रशासन आक्रामक तरीके से कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि उन्हें कार्रवाई से पहले कोई नोटिस नहीं मिला था, परन्तु पिछले शनिवार को ही नगर परिषद् के अधिकारियों ने उनकी दुकान के बाहर नोटिस चस्पा कर दिया। उनका कहना है कि जब तक अदातल में उनके द्वारा प्रस्तुत संपत्ति के कागजात को लगत नहीं ठहराया है, तो नगर परिषद् के ईओ उनकी इमारत तोड़ने का फैसला कैसे ले सकते हैं। कार्रवाई के दौरान जेसीबी, पौकलैंड व एलएनटी मशीनों से आज़ाद चौक में विभिन्न दुकानों के सामने चबूतरे, सीढ़ी व टीन शेड़े आदि तोड़ते हुए अतिक्रमण हटाया गया।

साथ ही मुख्य राम चबूतरे व उसके पीछे स्थित पानी की टंकी को भी ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान आयुक्त फतेह सिंह मीणा, एसडीएम ऋषभ मण्डल, तहसीलदार अभिषेक सिंह, एएसपी विधा प्रकाश, डीएसपी गौतम कुमार, आरएएस सृष्टि जैन, एसएचओ सवाई सिंह, नगर परिषद एक्सईएन दीपक मीणा, एईएन अनिल जोनवाल समेत भारी मात्रा में पुलिस जाप्ता व परिषद कार्मिक मौजूद रहे।





*कोटपूतली नगरपालिका ने आज़ाद चौक पर सड़क किनारे बनी इमारतों और दुकानों को तोड़ने की कार्रवाई की।*



*कोटपूतली नगरपालिका ने सोमवार को तहसील कार्यालय के गेट के सामने बनी सूर्यकांत बेदाणी की दुकान तोड़ दी। सूर्यकांत बेदाणी की दुकान का मामला कोटपूतली मुनसिफ अदालत के समक्ष लंबित था। इन्होंने कार्यवाही के वक्त अपने सभी दस्तावेज भी प्रस्तुत किये लेकिन प्रशासन ने उनकी एक बात भी नहीं सुनी। सूर्यकांत बेदाणी ने प्रशासन के कर्मचारियों के समक्ष खूब मिन्नतें की, वे बेबस और असहाय होकर रोने और चिल्लाने लगे। पुलिस ने बाद में सूर्यकांत बेदाणी को हिरासत में ले लिया।*

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंभाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908